
सुशासन दिवस आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग पति-पत्नी 60 लाख रुपए की ठगी से बचे



**नीमच।** यहां साइबर सेल ने एक बुजुर्ग पति-पत्नी को ठगी का शिकार होने से बचा लिया। साइबर ठगों ने इस दंपती को डरा-धमकाकर करीब 60 लाख रुपए हड़पने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन पुलिस ने सही समय पर पहुंचकर उनके पैसे डूबने से बचा लिए। ठगों ने पिछले 15 दिनों से इन बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डरा रखा था।

### बोरदेही घाट में पलटी पिकअप, 31 घायल



**बैतूल।** जिले के खेड़ली बाजार–बोरदेही मार्ग पर ग्राम टूरा बोरगांव के पास घाट क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन में सवार 31 ग्रामीण घायल हो गए। सभी लोग छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सेमरिया से मुलताई में आयोजित दसवां कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। सूचना मिलते ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

अटल जी के जन्मदिवस पर मप्र को मिलेगी विशेष सौगात

**निवेश से रोजगार- अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर होगी ग्वालियर में आज 'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट'**

# गृहमंत्री अमित शाह करेंगे 2 लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन-लोकार्पण



अमित शाह

## रोजगार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों का सम्मानित किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर मप्र को 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में ग्वालियर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसमें अलग-अलग विभागों से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी टीम के साथ एक दिन पहले बुधवार को ही ग्वालियर पहुंच गए। उन्होंने ग्वालियर मेला ग्राउंड में होने वाले अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट-रोजगार से निवेश का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। एमपीआईडीसी से मिली जानकारी के अनुसार अभ्युदय मप्र-ग्रोथ समिट में केंद्रीय नेतृत्व के साथ ही देश के दिग्गज उद्योगपति ⏩ शेष पेज 4 पर

**शाह रीवा के बसामन मामा गो अभयारण्य भी जाएंगे, यहां बेसहारा और बीमार गोवंश को मिलता है आश्रय**

**शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे युवाओं को सम्मानित**



सीएम यादव, केंद्रीय मंत्री सिंधिया तैयारियों का जायजा लेते हुए

## विकास की नई दिशा भी तय की जाएगी

अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। निवेश से रोज़गार- अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर आधारित इस समिट में पिछले 2 वर्षों में प्रदेश में हुए औद्योगिक विस्तार, निवेश उपलब्धियों और ⏩ शेष पेज 4 पर

### उद्योग जगत की बड़ी हस्तियां होंगी शामिल

ग्रोथ समिट में देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति और औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें गोदरेज इंडस्ट्रीज, गौतम सोलर, हीडलबर्ग सीमेंट, एलएनजे भीलवाड़ा समूह, जेके टायर, टोरेंट पावर, मैकेन फूड, एलिक्सर इंडस्ट्रीज, ग्रीनको, जुपिटर वैगन्स, डाबर इंडिया, वर्धमान समूह, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसे औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। ⏩ पढ़ें पेज 12 भी

### युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के समग्र विकास के लिए उन्हें सीधे रोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिए ग्रोथ समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट से नए औद्योगिक क्षेत्र, क्लस्टर और प्लग-एंड-प्ले इकाइयों की शुरुआत से स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। समिट में भूमि-पूजन और लोकार्पण के साथ भूमि आवंटन और आशय-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। रोज़गार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा। समिट में युवाओं से संवाद भी किया जाएगा। संभाग स्तर पर औद्योगिक भूमि आवंटन से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जाएंगी।

**नए साल पर मां वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के बदले नियम**

# दर्शन के 24 घंटे के अंदर कटड़ा बेस कैंप लौटना अनिवार्य हुआ

**आरएफआईडी कार्ड मिलने के बाद 10 घंटे के भीतर यात्रा शुरू करनी होगी**



**एजेंसी ⏭ जम्मू**

नए साल के अवसर पर जम्मू के रियासी जिले में स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा नियमों में बदलाव किया है। चढ़ाई और उतराई दोनों के लिए नए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका उद्देश्य भवन क्षेत्र में भीड़भाड़ रोकना, दुर्घटनाओं का जोखिम कम करना, मंदिर ट्रैक पर बेहतर भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

संशोधित नियमों के तहत श्रद्धालुओं को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन ⏩ शेष पेज 4 पर

**सूदखोरों से परेशान युवक ने जहर खाया**

# 20 हजार रुपए के 'कर्ज' के बदले वसूल चुका 10 लाख

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना**

- मरने से पहले वीडियो जारी कर सूदखोरों के फोटो और नाम दिखाए

जिले के बजरंगगढ़ थाना इलाके के बरखेड़ा गिर्द गांव में सूदखोरों से परेशान होकर एक युवक ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। 21 साल के सतीश धाकड़ ने मरने से पहले अपने मोबाइल पर एक वीडियो भी बनाया। इस वीडियो में उसने बाकायदा उन सूदखोरों के फोटो दिखाए और नाम बताए, जो उसे प्रताड़ित कर रहे थे। भोपाल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। उसने वीडियो में एक चौंकाने वाला खुलासा किया कि वह 20 हजार रुपए के कर्ज के बदले 10 लाख रुपए चुका चुका है, फिर भी उसे परेशान किया जा रहा था। सतीश ने सोमवार को सल्फास खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे गुना के निजी अस्पताल ले गए, जहां से भोपाल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को भोपाल के निजी अस्पताल ⏩ शेष पेज 4 पर



सतीश धाकड़





MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री
श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 101वीं जयंती के अवसर पर
मध्यप्रदेश के औद्योगिक एवं
आर्थिक विकास की दिशा तय करता
ऐतिहासिक आयोजन
श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, माननीय मुख्यमंत्री
निवेश से रोज़गार का अटल संकल्प
अभ्युदय
मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट
मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
25 दिसम्बर, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । मेला ग्राउंड, ग्वालियर
मुख्य आकर्षण
₹2 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का भूमिपूजन, भूमि आबंटन और एलओआई
₹5000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण
अटल जी के जीवन एवं औद्योगिक नवाचार तथा सफल उद्योगों पर प्रदर्शनी
D-11172/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
विकास और सेवा के 2 वर्ष
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
invest.mp.gov.in



भोपाल

गुरुवार, 25 दिसंबर 2025

पौष मास शुक्ल पक्ष-05

वर्ष : 12, अंक : 265

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 24

न्यून. 12

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मैरी क्रिसमस



haribhoomi.com

[ यादें अटल ]

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का आज जन्म दिवस

सीधी सपाट बात और वाणी का ओज, परंतु सबसे विशेष निश्छल स्वभाव और निर्भीक अभिव्यक्ति

# सवाल था-आप की जन्मकुंडली क्या कहती है? अटल जी हंसे और बोले-मैं 'कर्म कुंडली' में विश्वास करता हूं

सेंट्रल डेस्क ▸▸ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी। सीधी सपाट बात और वाणी का ओज, परंतु सबसे विशेष निश्छल स्वभाव और निर्भीक अभिव्यक्ति। जब वे मंच पर बोलते तो सफेद धोती-कुर्ता पहनावा। हवा में फड़कता दाहिना हाथ और वाक्यों के बीच में लंबा विराम। यह उनकी चिरपरिचित शैली। सारा देश उन्हें निर्विवाद रूप से सम्मान की नज़रों से देखता है। वह जमाना जब 1957 में अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ से सांसद का चुनाव लड़ रहे थे, उनका मुकाबला था कांग्रेस के पुलिन बिहारी बनर्जी से। राजा बाज़ार उन दिनों भारतीय जनसंघ का गढ़ ▸▸ शेष पेज 4 पर

सारा देश उन्हें निर्विवाद रूप से सम्मान की नजरों से देखता है

अपने विरोधियों के भले कामों की सराहना करना और अपनी भूलों को मजाकिया अंदाज में स्वीकारना उनकी पहचान रही

## मैं न तो टायर्ड हूं और न रिटायर्ड

एक बार साठ के दशक में गंगा प्रसाद मेमोरियल हॉल में उनकी मीटिंग थी, 1962 में चीन तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हो चुके थे तो अटलजी ने कहा था हमें चीन के साथ वही भाषा बोलनी चाहिए जो भाषा वह समझता है। अटलजी घोंघा बसंत कवि सम्मेलन में भाग लेने जाते थे।

जब उनसे किसी ने पूछा आप की जन्मकुंडली क्या कहती है तो उनका उत्तर था मैं कर्म कुंडली में विश्वास करता हूं। एक बार किसी सांसद ने कहा अटलजी आप बोलते समय हाथ बहुत चलाते हैं तो जवाब मिला- मैंने किसी को भाषण में पैर चलाते नहीं ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 06 व 10 भी

## एक कान से रेडियो सुनें और एक कान से मेरा भाषण

लखनऊ के उर्मिला पार्क में एक जनसभा हो रही थी। जनसभा को अटल जी संबोधित कर रहे थे। अचानक माइक ने आकाशवाणी कैच करना शुरू कर दिया। सामने उपस्थित जनता के बीच से लोग कहने लगे कि आवाज ठीक करो। अटल जी ने जनसमुदाय ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### छता में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त, सचिव निलंबित




**दतिया।** छता गांव में असमाजिक तत्वों ने भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित कर दी। शांति कायम कर दी गई। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने लापरवाही मानते हुए सचिव रूपेंद्र सिंह बुंदेला को निलंबित कर दिया।

### ओंकारेश्वर पहुंची कंगना किए ज्योतिर्लिंग के दर्शन



**ओंकारेश्वर।** अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत ओंकारेश्वर पहुंचीं। उन्होंने भगवान श्री ओंकारेश्वर के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर पहुंचने पर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राजा राव पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया।

### छात्रा पर धर्म परिवर्तन कर निकाह का दबाव, केस दर्ज



**सीहोर।** जिले के श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम खंडवा में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के दबाव का मामला सामने आया है। 11वीं की छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर उस पर इस्लाम धर्म स्वीकार करने और निकाह करने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, ऐंठे 9 करोड़



**मुंबई।** ठाकुरद्वार इलाके के 85 साल के एक बुजुर्ग को पुलिस ऑफिसर बनकर ठगों ने करीब 9 करोड़ ठग लिए। आरोपियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' किया था। मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग के नाम पर डराया।

इसरो ने रचा इतिहास

बाहुबली रॉकेट से ब्लू बर्ड-2 की सफल लॉन्चिंग

6100 किलो वजनी संचार उपग्रह 520 किलोमीटर दूर स्थित पृथ्वी की निचली कक्षा में 16 मिनट में सफलतापूर्वक स्थापित

# 4 जी या 5 जी नेटवर्क के लिए अब 'मोबाइल टावर' की जरूरत ही नहीं



एजेंसी ▸▸ श्रीहरिकोटा

*यह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित होने वाला भारत की धरती से लॉन्च होने वाला सबसे बड़ा और सबसे भारी वाणिज्यिक संचार उपग्रह भी*

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को इतिहास रच दिया है। दरअसल, इसरो ने इस साल के अपने आखिरी मिशन में सबसे भारी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह पूरी तरह से कॉमर्शियल लॉन्चिंग रहा। मिशन के तहत अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के 6100 किलो वजनी ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को 520 किलोमीटर दूर स्थित पृथ्वी की निचली कक्षा में 16 मिनट में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया।

इसरो ने इसकी लॉन्चिंग के लिए अपने एलवीएम3 रॉकेट का इस्तेमाल किया, जिसे इसकी क्षमताओं के चलते बाहुबली रॉकेट भी कहा जाता है। ये इस लॉन्च व्हीकल की छठवीं उड़ान रही और वाणिज्यिक मिशन के लिए तीसरी। यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन ▸▸ शेष पेज 4 पर

इसरो ने इसकी लॉन्चिंग अपने 'बाहुबली' एलवीएम 3 रॉकेट से की




***यह अमेरिकी कंपनी का सैटेलाइट, जिससे मोबाइल नेटवर्क बेहतर होगा***

***इस मिशन से इसरो की कमर्शियल सेक्टर में पकड़ मजबूत होगी***

### क्यों खास है इसरो का ये मिशन?

इस सफल लॉन्चिंग की अहमियत ये है कि इससे कमर्शियल स्पेस सेक्टर में भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो की पकड़ काफी मजबूत होगी। यह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित होने वाला भारत की धरती ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिखा अंतरिक्ष में 'नए भारत' का परचम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एलवीएम 3-एम 6 रॉकेट के माध्यम ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी ने जताई खुशी

**आत्मनिर्भरता को मिला बढ़ावा**



इसरो की सफल लॉन्चिंग पर खुशी जताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत के युवाओं की ताकत से, हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम ज्यादा आधुनिक और असरदार बन रहा है। एलवीएम 3 ने भरोसेमंद हैवी-लिफ्ट प्रदर्शन दिखाया है, जिससे हम गगनयान जैसे भविष्य के मिशन के लिए नींव मजबूत कर रहे हैं, ▸▸ शेष पेज 4 पर

कॉमन एडमिशन टेस्ट 2025 रिजल्ट

# भोपाल के आकाशदीप गोयल 99.67 पर्सेंटाइल के साथ रहे सिटी टॉपर



आकाशदीप गोयल

- देशभर में 170 शहरों में बनाए गए थे 339 केंद्र
- 2.58 लाख उम्मीदवार हुए थे शामिल
- परीक्षा आईआईएम कोझिकोड द्वारा आयोजित की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बुधवार को कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2025 जारी कर दिया गया है। देश के 170 शहरों में 339 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। देश के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षाओं में शामिल कॉमन एडमिशन टेस्ट 2025 में चयन के बाद अब उम्मीदवारों को देश के आईआईएम सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए, पीजीडीएम आदि कोर्स के लिए प्रवेश दिया जाएगा। इस परीक्षा में भोपाल के आकाशदीप गोयल ने 99.67 पर्सेंटाइल के साथ सिटी टॉपर रहे हैं। इस परीक्षा में 2.58 लाख उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। यह आईआईएम कोझिकोड ने आयोजित की थी। ▸▸ पढ़ें पेज 14 भी

### पहली बार भी आईआईएम मिले

आकाशदीप ने 'हरिभूमि' को बताया कि उन्होंने पूरी तैयारी घर से ही की थी। पहली बार उन्होंने बिना तैयारी के परीक्षा दी थी, जिसमें उन्हें आईआईएम रायपुर सहित कुछ अन्य आईआईएम मिले थे, इस बार पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हुए और 99.67 पर्सेंटाइल हासिल किया। आकाशदीप ने ट्रिपल आईटी ग्वालियर से बीटेक की डिग्री हासिल की है। उनकी मां गांधी मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग की एचओडी डॉ. मंजूषा गोयल हैं। पिता मैनिट के ईसी विभाग में प्रोफेसर हैं।

### फाइनल 'आंसर की' पहले ही जारी

आईआईएम कोझिकोड ने कैट 2025 की फाइनल आंसर की 17 दिसंबर को जारी कर दी थी। इसके बाद उम्मीदवारों को ▸▸ शेष पेज 4 पर

राहत राशि वितरण में ऐसी हेराफेरी

## बेटा-पत्नी-मां, रिश्तेदारों के खातों में डाली राशि



■ कलेक्टर ने चार बाबुओं को नौकरी से किया बर्खास्त

**खरगोन।** आरबीसी 6 (4) के तहत राहत राशि वितरण में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर भव्या मित्तल ने तहसील कार्यालयों में पदस्थ चार सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही, इस पूरे मामले में शामिल एक निजी ऑपरेटर के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में भीकनगांव ▸▸ शेष पेज 4 पर

कार्यक्रम में देरी से पहुंचे अधिकारी

## सांसद ने अधिकारियों के पैर छूते हुए जताई नाराजगी



■ सांसद और विधायक ने किया इंतजार

**राजगढ़।** जिले के कुंडीबेह गांव में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब सांसद रोडमल नागर कार्यक्रम में अधिकारियों की देरी से नाराज हो गए। तय समय पर मंच पर पहुंचे सांसद रोडमल नागर और विधायक अमरसिंह यादव को लगभग डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद सांसद ने मंच से उतरकर अपना विरोध जताया। लंबे इंतजार से नाराज सांसद ने मंच से उतरकर ▸▸ शेष पेज 4 पर

लोगों ने थाने का किया घेराव

## दंपती ने पेट्रोल डाल कर खुद को लगाई आग



■ सतवास तहसीलदार अटैच किया गया

**देवास।** बागली विधानसभा क्षेत्र के सतवास नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के सामने बुधवार सुबह व्यास दंपती ने खुद को आग लगा ली। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। दंपती को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। घटना के बाद कलेक्टर ने सतवास तहसीलदार को कलेक्टर कार्यालय में अटैच कर दिया है। सतवास बस स्टैंड पर स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान चलाने वाले संतोष व्यास एक कॉलोनी में मकान ▸▸ शेष पेज 4 पर


कीमत 30 करोड़, 5 क्विंटल वजन, 10 फीट लंबी

# कर्नाटक के भक्त ने अयोध्या भेजी सोने चांदी के श्रृंगार वाली रामलला की मूर्ति

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम मंदिर में एक और अमूल्य मूर्ति स्थापित होने जा रही है। यह मूर्ति भगवान राम की है, जोकि कर्नाटक शैली में बनी हुई है। इस मूर्ति में सोने, हीरे, पन्ना और अन्य कई कीमती चीजें जड़ी हुई हैं।

बताया जा रहा है कि मूर्ति का वजन 5 क्विंटल है और यह 10 फीट लंबी है। इसके अलावा इसकी लंबाई 8 फीट चौड़ी है। भगवान राम



दान में मिली यह प्रतिमा

की इस कीमती मूर्ति को कर्नाटक के एक अज्ञात भक्त ने भेजा है, जिसे उसने दान किया है। इसकी अनुमानित कीमत 25 से 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसे दक्षिण भारतीय कारीगरों की कुशलता से बनाया गया है। अब इस प्रतिमा से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में मूर्ति का भव्यता देखते ही बन रही है। मूर्ति डाक विभाग की ओर से भेजी गई है और इसके बारे में अभी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है। फिलहाल ▸▸ शेष पेज 4 पर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया

# आई लव यू कहना, हाथ खींचना महिला की मर्यादा का उल्लंघन

यह कृत्य आईपीसी की धारा 354 के तहत अपराध के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि आरोपी द्वारा एक महिला का हाथ पकड़कर उसे खींचते हुए आई लव यू कहना उसकी मर्यादा का उल्लंघन है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी लड़की के साथ खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में किसी युवा लड़के का ऐसा व्यवहार बहुत आपत्तिजनक है। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी उस व्यक्ति की दोषसिद्धि के खिलाफ दायर



फाइल फोटो

याचिका की सुनवाई कर रहे थे, जो घटना के समय 19 साल का था। पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे खींचने और कथित तौर पर स्कूल से लौटते समय आई लव यू कहने के आरोप में उसे आईपीसी और पॉक्सो की अलग-अलग धाराओं के तहत दोषी पाए जाने पर तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

कोर्ट ने कहा-अपीलकर्ता द्वारा पीड़िता के साथ किया गया कृत्य आईपीसी की धारा 354 के तहत अपराध के दायरे में आता है, क्योंकि उसने यह कृत्य पीड़िता की गरिमा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से किया था। अदालत ने आईपीसी के प्रावधानों के तहत निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, लेकिन सजा को तीन साल से घटाकर एक साल कर दिया।

22 दिसंबर को ओंकारेश्वर से परिक्रमा की शुरुआत की थी

मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने डॉ. अभिमन्यु निकले परिक्रमा पर

# मां नर्मदा की परिक्रमा पर निकले सीएम डॉक्टर यादव के छोटे बेटे-बहू, 15 दिन में संपूर्ण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे अभिमन्यु यादव अब नर्मदा परिक्रमा पर निकल गए हैं। वह 15 दिन में मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण करेंगे। उनकी पत्नी डॉ. इशिता भी परिक्रमा में साथ हैं। डॉ. अभिमन्यु ने बड़े भाई वैभव-भाभी, बड़ी बहन-जीजा के साथ 22 दिसंबर को ओंकारेश्वर से यह परिक्रमा शुरू की।

यह परिक्रमा मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, नवदांपत्य जीवन की मंगल कामना करने, पारिवारिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति तथा समाज के कल्याण के संकल्प के साथ ▸▸ शेष पेज 4 पर

***सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुई है दोनों की शादी***

***साथ में बड़े भाई-भाभी और बहन-बहनोई भी हैं***



सीएम डॉ. मोहन यादव के बेटे-बहू नर्मदा परिक्रमा पर जाते हुए

### स्वयं को सनातन धर्म में पूर्णतः समर्पित करने के लिए

डॉ. अभिमन्यु ने कहा कि मैं और मेरी धर्म पत्नी की हमेशा यह इच्छा होती है कि धार्मिक यात्रा पर जाएं, धार्मिक स्थलों पर जाएं और भगवान का आशीर्वाद लें। मां नर्मदा कल्पों से सनातन धर्म के प्राणों को प्रवाह देतीं रहीं हैं। हमारे पूरे परिवार की श्रद्धा और आस्था मां नर्मदा पर है। यह परिक्रमा उनका आशीर्वाद लेने के लिए की जा रही है। यह ▸▸ शेष पेज 4 पर

# आठ करोड़ की बर्बादी का स्मारक... गेट पर लगा ताला, धूल खा रहा म्युजिकल फाउंटेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की लाइफ लाइन यानि बड़े तालाब पर आने वाले पर्यटकों का आकर्षण और सुदंरता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम ने म्युजिकल फाउंटेन लगाने पर आठ करोड रुपए फूंक दिए, लेकिन उसका संचालन सात दिन ही हो सका। छह साल से यह फाउंटेन धूल खा रहा है। मेन गेट पर ताला लटका है और तालाब में लगे उपकरण पानी में डूब गए हैं। उन पर पक्षियों का बसेरा है। छह ऋतुओं के संगीत और शहर के गौरवशाली इतिहास को दिखाने वाली वाटर स्क्रीन एक कमरे में बंद है।

2019 में नगर निगम ने बड़े तालाब किनारे बोट क्लब के पास सुंदर म्युजिकल फाउंटेन शुरू किया था। इसमें 600 लोगों के बैठने की क्षमता है। स्टेच और पानी पर शहर के इतिहास की झलक दिखाने के लिए उपकरण लगाए गए थे। इस काम पर आठ करोड रुपए खर्च किए गए, लेकिन जब इसका संचालन शुरू हुआ तो एक सप्ताह बाद ही किसी उपकरण में खराबी आ गई। इसे सुधारने के प्रयास किए और भारी भरकम राशि दो करोड रुपए तक खर्च कर दिए, लेकिन संचालन ही शुरू नहीं हो सका।

**तकनीकी खराबी आने पर सात दिन बाद ही हो गया था बंद, मेंटेनेंस पर भी 2 करोड़ रुपए फूंके, फिर भी नहीं हो सका चालू**

**बोट क्लब पर 2019 में नगर निगम ने शहर के इतिहास की झलक दिखाने के लिए बनवाया था म्युजिकल फाउंटेन**



बड़े तालाब किनारे बोट क्लब के पास बना म्युजिकल फाउंटेन बंद, गेट पर लगा है ताला। इनसेट में बिना अनुमति प्रवेश निषेध का बोर्ड लगा।

### परिसर में फैली गंदगी, नहीं हो रही देखरेख

बोट क्लब के पास वन विहार के मुख्य गेट से चंद कदम पहले म्युजिकल फाउंटेन के प्रवेश द्वार पर ताला लटका है। परिसर में गंदगी देखकर ऐसा लगता है कि यहां देखरेख तक नहीं हो रही है।

### बिना अनुमति प्रवेश निषेध का भी बोर्ड लगा है

गेट पर ताला और उसके पास बिना अनुमति प्रवेश निषेध का बोर्ड भी लगा है। उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की बात भी लिखी है। तत्कालीन निगम आयुक्त के आदेश के माध्यम से यह बात बोर्ड पर लिखी गई है।

### क्यों बंद हुआ, जांच करवाई जाएगी: जैन

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि म्युजिकल फाउंटेन के बंद होने की जानकारी अधिकारियों से लेंगे। यह क्यों बंद हुआ, इसकी जांच करवाई जाएगी। इसे दोबारा शुरू करवाने के लिए कदम उठाएंगे।

## खबर संक्षेप

### भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**भोपाल।** भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक सम्मेलन गुरुवार को शाम पांच बजे से पटेल नगर ई सेक्टर में क्रेस्टन हाइटस होटल में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं, वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष मिथिलेश राय ने बताया कि इस अवसर पर पारिवारिक परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से पधार रहे भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक मदन राय एवं भोजपुरी गायक कल्पनाथ गायन की प्रस्तुति देंगे।

### क्षेत्रीय हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को

**भोपाल।** सकल हिंदू समाज द्वारा शिवाजी नगर में 11 जनवरी को क्षेत्रीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भोपाल महानगर क्षेत्र के अंतर्गत शिवाजी नगर, तुलसी नगर, दुर्गा नगर, अर्जुन नगर, चार इमली, रविशंकर नगर के परिवार सम्मिलित होंगे। इस सम्मेलन में सामाजिक संगठन पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा आज से



**भोपाल।** प्रतिवर्षानुसार अखिल विश्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में नारी सशक्तिकरण, शक्ति संवर्धन एवं राष्ट्र शौर्य समृद्धि के उद्देश्य से 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ 25 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए संतोष जितेंद्र कसाना ने बताया कि यह आयोजन 25 से 28 दिसंबर तक लाल सिंह मैदान, कोपल स्कूल के सामने, नेहरू नगर, में शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ, प्रवचन एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा। 28 दिसंबर रविवार को प्रातः 9 बजे यज्ञ, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर पुंसवन संस्कार, अन्नप्राशन, नामकरण, विद्यारंभ, जन्मदिवस, विवाह दिवस एवं दीक्षा संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

### चर्च में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं, केक काटे गए, गीत गाए

# रात 12 बजे गिरजाघरों में गूंजा मैरी क्रिसमस प्रभु यीशु के जन्म पर लोगों ने मनाई खुशियां

**आर्च बिशप ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईसाई समाज के लिए बुधवार का दिन साल का सबसे खास और खुशियों भरा रहा। राजधानी भोपाल के सभी चर्च रोशनी से झिलमिला रहे थे। मसीही समाज के घर-घर और शहर के सभी 65 से अधिक चर्च में खुशियां बरस रही थी। रात जैसे ही 12 बजे शहर के सभी चर्चों में घंट बजाकर प्रभु यीशु के जन्म की सूचना दी गई। इसे सुनकर लोग खुशी से झूम उठे।

शहर के सबसे पुराने जहांगीराबाद स्थित सेंट फ्रांसिस चर्च में मुख्य समारोह हुआ। यहां आर्च विशप एएएस दुरई राज की अगुवाई में केक काटकर प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई गई। इसी के साथ प्रभु यीशु की बात प्रतिमा के पांव चूमने की होड़ लग गई। सभी ने एक-दूसरे को मेरी क्रिसमस कहते हुए बधाई दी। प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां गुरुवार को भी प्रार्थना सभा के साथ मनाई जाएंगी।


प्रभु यीशु के जन्म पर प्रार्थना हुई।


क्रिसमस पर जहांगीराबाद स्थित गिरजाघर में लगाई सुंदर झांकी।

### निकाली कैंडल रैली

शहर के कई चर्च में सामूहिक प्रार्थना सभाएं हुई। कैरोल सांग गाकर प्रभु की महिमा का गुणगान किया। गोविंदपुरा सेंट जॉन्स चर्च में डॉ. अनिल मार्टिन की अगुवाई में कैंडल रैली निकाली गई। डॉ. अनिल मार्टिन ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह के जन्म के दिन से एक दिन पहले शाम को ज्योति की आराधना मसीह धर्म और सभी लोग इसलिए करते हैं की सृष्टि में सृष्टि के सृजन से पहले संपूर्ण सृष्टि में अंधकार था और जल ही जल पृथ्वी पर भरा हुआ था तब परमेश्वर ने बेडौल पृथ्वी को एक नया रूप दिया।

**सांता क्लाज ने बांटे उपहार**

सांता क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे। प्रभु यीशु की महिमा के गीतों की धुनों पर युवा झूमते दिखाई दिए। प्रोटेस्टेंट समुदाय के सभी चर्च में कैंडिल मार्च निकाले गए।


क्रिसमस पर जहांगीराबाद चर्च में प्रार्थना सभा में पहुंचे समाज के लोग।


क्रिसमस पर खुशियां मनाते हुए बच्चे।

**होली फैमिली चर्च में हुआ कैरोल सिंगिंग**

कैथोलिक मसीही समाज के प्रवक्ता अलफ्रेड डिसूजा ने बताया कि जहांगीराबाद सेंट फ्रांसिस कैथेड्रल में क्रिसमस का मुख्य आयोजन हुआ। असम्पशन चर्च अरेरा कॉलोनी, इंफेंट जीसस चर्च अयोध्या नगर, बरखेड़ा चर्च, होली फैमिली चर्च हबीबगंज आदि में शाम को कोरोल सिंगिंग हुई।

# बरकतउल्ला विवि बना ग्रीन कैंपस सीएसआर से मिले पांच ई-रिक्शा


बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को मिले ई-रिक्शा।

### ई-रिक्शों की चाबी स्टेट कुलगुरु प्रो. एसके जैन को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत ग्रीन केंपस कम्पेन के तहत पांच ई-रिक्शे शुरू किए गए। बीयू और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसबीआई ने बीयू को ग्रीन केंपस बनाए रखने के लिए 5 ई-रिक्शों की चाबी स्टेट बैंक के महा प्रबंध कुंदन ज्योति ने कुलगुरु प्रोफेसर एसके जैन को सौंपी।

इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मासहित स्टेट बैंक के डीजीएम साईं कृष्णश्रीधर, बीयू के फाइनेंस कंट्रोलर सगीरा सिद्दीकी, विवि स्टेट बैंक शाखा की शाखा प्रबंधक पूजा गोयल एसबीआई के अधिकारी आदि उपस्थित रहे। संचालन विवि के डीएसडब्ल्यू पवन मिश्रा द्वारा किया गया।

### आपका ही पैसा आपको वापस दिया: कुंदन

महाप्रबंधक कुंदन ज्योति ने कहा कि विवि परिसर में स्टेट बैंक की शाखा को 50 वर्ष पूरे हो गए। इस 50 वर्षों में विवि में जिस तरह का सहयोग स्टेट बैंक आफ इंडिया को दिया है, उसके लिए उसके लिए हम विवि परिवार के आभारी हैं। यह कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत नहीं बल्कि यह आपका ही पैसा है जो मैं आपको वापस कर रहा हूं और इस अवसर पर मैं यह भी घोषणा करना चाहता हूं कि परिसर को हरा भरा रखने में 15 साइकिल भी स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया विवि को प्रदान करेगी।

### आज जाकर सफलता मिली

इस अवसर पर बीयू के कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार जैन ने कहा कि मैं विगत 1 वर्ष से इस प्रयास में लगा हुआ था कि विवि को हरा भरा रखने में तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए ई-रिक्शा का प्रयोग हमारे परिसर में हो। आज जाकर मुझे इस कार्य में सफलता मिली है।

### एक जनवरी के बाद फिर करेंगे आवेदन

# नहीं मिली अनुमति, ब्राह्मण समाज का भूख हड़ताल आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण समाज द्वारा आईएएस संतोष वर्मा के कथित टिप्पणी के विरोध में सरकार से निलंबन व एफआईआर दर्ज को लेकर बुधवार से राजधानी में भूख हड़ताल आंदोलन शुरू करने जा रहा था, लेकिन प्रशासन ने आंदोलन की अनुमति प्रदान नहीं की। समाज के अशोक पांडे, चंद्रभान तिवारी, रामनारायण अवस्थी, सुनील पांडे सहित करीब 20 लोग रोशनपुरा में एकत्रित हुए। प्रदेश ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य अशोक पांडे ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से आंदोलन की अनुमति नहीं दी है। 25 को क्रिसमस और एक जनवरी को नए वर्ष का सेलिब्रेशन है। इसलिए अनुमति नहीं मिली। ब्राह्मण समाज कानून का पालन करते हुए अपना आंदोलन आगे के लिए स्थगित करता है। एक जनवरी के बाद फिर से अनुमति के लिए आवेदन किया जाएगा।

### एक जनवरी से जन जागरण अभियान

ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में ब्राह्मण शक्ति को एक करने के लिए तथा समाज में विभेद पैदा करने वाले आईएएस संतोष वर्मा के विरोध में एक जनवरी 2026 से जन जागरण अभियान शुरू करेगा। जन जागरण अभियान की शुरुआत भोपाल के आंबेडकर मैदान से की जाएगी।

### डीआरएम ने किया प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण

**भोपाल।** डीआरएम पंकज त्यागी ने बुधवार को ब्यावरा-राजगढ़ के प्री नॉन इंटरलाकिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस स्टेशन पर रेललाइन को भोपाल-रामगंजमंडी नई रेल लाइन परियोजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं।

डीआरएम ने सभी संरक्षा पहलुओं को परखा एवं यार्ड रिमॉडलिंग कार्य से संबंधित सभी मानकों की जानकारी ली। साथ ही गाड़ी संचालन से जुड़े स्टेशन मास्टर पैनल की कार्यप्रणाली की जांच की। मूलभूत यात्री सुविधाओं का भी डीआरएम द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत इस रेलवे स्टेशन की कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता का भी जायजा लिया।

### सदर मंजिल हेरिटेज में 22 लग्जरी कमरे, 4 श्रेणियों में किए गए हैं तैयार, रेस्टोरेंट भी

**नई शॉल पर न्यू ईयर कॉकटेल गाला डिनर की घोषणा**

# सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर ने सभी अतिथियों के लिए खोले द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर ने बुधवार को सभी अतिथि वर्गों के लिए अपने द्वार खोलते हुए सदर मंजिल में एक विशेष न्यू ईयर कॉकटेल गाला डिनर की घोषणा की है, जिस शाही वातावरण में मेहमानों को यादगार उत्सव देने के लिए क्यूरेट किया गया है। इस संध्या में गोरमेट व्यंजन, प्रीमियम पेय, लाइव मनोरंजन और उत्साहपूर्ण माहौल शामिल है।

सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर की मैनेजर आरती तुली ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल की सबसे प्रतिष्ठित ऐतिहासिक धरोहरों में से एक, सदर मंज़िल अपनी बिक्री और पोज़िशनिंग नीति में किए गए रणनीतिक संशोधन के तहत अब सभी अतिथि वर्गों के लिए खुली है। संशोधित नीति के अंतर्गत, यह संपत्ति अब अवकाश यात्रियों, कॉर्पोरेट अतिथियों, सरकारी अधिकारियों और प्रतिनिधिमंडलों, परिवारों,


पत्रकारों को जानकारी देतीं आरती तुली।

एफआईटी यात्रियों (घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय), इनबाउंड अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों तथा सामाजिक, व्यावसायिक और विशेष रुचि समूह बुकिंग्स का स्वागत करती है। इसके साथ ही यह महल निजी समारोहों, क्यूरेटेड डाइनिंग अनुभवों, हाई-टी आयोजनों और छोटे पारंपरिक व औपचारिक कार्यक्रमों के लिए एक सुरुचिपूर्ण और अंतरंग वातावरण भी प्रदान करता है।

### मेहमानों को यादगार उत्सव का अनुभव देने का प्रयास

तुली ने एक विशेष न्यू ईयर कॉकटेल गाला डिनर की घोषणा की है, जिसे शाही वातावरण में मेहमानों को यादगार उत्सव का अनुभव देने के लिए क्यूरेट किया गया है। इस संध्या में गोरमेट व्यंजन, प्रीमियम पेय, लाइव मनोरंजन और उत्सवपूर्ण माहौल शामिल होगा।

### 90 फीसदी महिला कर्मचारी हैं

तुली ने बताया कि सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमोसफियर में 90 फीसदी महिला कर्मचारी हैं। यहां 22 लग्जरी कमरे 4 केटेगिरी में तैयार किए गए हैं। जबकि दीवान-ए-खास में रेस्टोरेंट होगा।

### बड़े औद्योगिक केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों में देती है सेवाएं

# घरेलू फूड सर्विस प्रदान करने वाली कंपनी रैसेंस ने जीता लोगों का भरोसा, परोस रही स्वादिष्ट व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत के फूड इंडस्ट्री में तेजी से बदल आ रहा है। बेंगलुरु की कंपनी रैसेंस प्राइवेट लिमिटेड भी समय-समय पर अपना बदलाव करती है।



रैसेंस भारत में सबसे बड़ी घरेलू फूड सर्विस प्रदान करने वाली कंपनियों में से एक है। मंगलवार को रामकुमार राजाराम, ईवीपी ऑपरेशन और स्वर्णा पदमिनी राजमणि मेंबर बोर्ड और चीफ बिजनेस ऑफिसर ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी कंपनी 14 वर्ष पुरानी है, जिसमें करीब 4500 लोग काम करते हैं। हम अपने इंप्लाइजों का विशेष ध्यान देते हैं। सभी वैधानिक लाभ और स्वास्थ्य बीमा प्राप्त हैं। भारत के बड़े प्रतिष्ठित औद्योगिक केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को भी हमारी कंपनी अपनी सेवाएं प्रदान करती है।

### राजस्व बढ़कर 480 करोड़ रुपए हो गया

स्वर्णा पदमिनी राजमणि ने बताया कि हम विनिर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित अपने सभी ग्राहक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वृद्धि देख रहे हैं। उस समय कंपनी का राजस्व लगभग 200 करोड़ रुपए था। आज, वित्त वर्ष 2025 के लिए यह आंकड़ा बढ़कर 480 करोड़ रुपए हो गया है। चेन्नई स्थित रासेंस कंपनी एआई और आईओटी तकनीकों का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कॉर्पोरेट खाद्य सेवा का लाभप्रद व्यवसाय संचालित करती है। लगभग 500 करोड़ रुपए के वार्षिक राजस्व के साथ, यह मारुति सुजुकी, एल एंड टी, आईआईटी और अन्य ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी लोगों को अच्छे फूड की सप्लाई करते हुए लोगों का भरोसा जीतती है।

### महिलाओं के लिए मेला शॉपिंग फेस्टिवल जैसा

**भोपाल उत्सव मेले की धूम, लोग ले रहे आनंद**

# कड़ाके की सर्दी भी नहीं रोक सकी मेले की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में 33 वें भोपाल उत्सव मेले में कड़ाके की ठंड के बावजूद लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में मनोरंजन, खरीदारी और खानपान के विविध साधन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मेले में कदम रखते ही ऐसा महसूस होता है जैसे रंगों, खुशबूओं और आवाज़ों की अलग दुनिया सामने खुल गई हो। हर मोड़ पर कुछ नया, कुछ खास और कुछ यादगार देखने को मिल रहा है। मेला पिछले 32 वर्षों से यह मेला सांस्कृतिक और मनोरंजन का प्रतीक बना हुआ है। मेले में हर साल नए झूले और स्टॉल्स जोड़े जाते हैं, ताकि लोग ज्यादा आनंद ले सके।

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि मेले में मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध हैं। ऊंचे झूले, चरक झूला, मौत का कुआ, सर्कस और मैजिक शो दर्शकों के मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों के लिए मिकी माउस झूले और अन्य खेल


मेले में उमड़ी भीड़।

साधन भी उपलब्ध हैं, जिससे परिवार मेले का भरपूर आनंद ले रहे हैं। वहीं,यहां एक छत के नीचे कई राज्यों के सामान आपको सस्ते में मिल जाएंगे। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन यह हकीकत है इस मेले में खरीदारी करना बेहद सस्ता है। यही नहीं यहां पर लंदन और दुबई की प्रतिकृति बनाई गईं है जो आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यूं तो खादी के कपड़े बेहद महंगे मिलते हैं, लेकिन मेले में खादी के कुर्ते और जैकेट की सेल लगाई है। खादी के शर्ट भी उनके पास हैं, जिसकी कीमत 400 से लेकर 600 रुपए के बीच है।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

9 रायसेन जिले के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की...



10 34.42 लाख किसानों को 21 हजार 493 करोड़...








## एसआईआर शुरू होने के बाद ऑलाइन फार्म-8 भरने वाले परेशान

# एसआईआर में खामी, अपना पता बदलने का आवेदन करने वाले वोटर्स के काट दिए नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम शुरु होने के बाद चुनाव आयोग ने ऑनलाइन पता बदलवाने के लिए आवेदन करने वाले मतदाताओं के लिए पोर्टल ओपन रखा था। जिससे राजधानी की सातों विधानसभाओं में रहने वाले कई मतदाताओं ने फार्म-8 (पता संशोधन) कराने ऑनलाइन आवेदन कर दिया।

इधर, इन मतदाताओं का वेरिफिकेशन करने जब बीएलओ घर पहुंचा, तो यह मौके पर नहीं मिले। जिसका नतीजा यह हुआ कि 23 दिसंबर मंगलवार को जारी मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल में इन मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। अब अफसरों को भी समझ नहीं आ रहा है कि इन मतदाताओं को लेकर क्या किया जाए।

बीएलओ ने शिफ्टिंग के नाम पर मतदाताओं के नाम काट दिए

अफसरों ने लोगों से कहा- अब नया आवेदन भर दें

### अब तक करीब 13 हजार नए आवेदन आए


बूथ पर बैठे बीएलओ।

### 22 जनवरी तक दे सकेंगे नया फार्म

ड्राफ्ट रोल में अगर किसी मतदाता का नाम नहीं मिला है, तो वह 22 जनवरी तक अपने मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ से छह नंबर फार्म लेकर जमा कर सकता है। जिसके लिए उसे दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। ड्राफ्ट रोल में दो लाख से अधिक मतदाताओं के मतदान केंद्र बदले गए हैं, जिससे मतदाता को अपना नाम चैक कराने के लिए बीएलओ के पास जाकर लिस्ट में नाम देखना पड़ेगा।

मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल की जानकारी देने के दौरान भी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी नवल प्रजापति ने इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन अफसरों ने उसे टाल दिया। बुधवार को कई मतदाता अपनी समस्या लेकर एसडीएम दफ्तर पहुंचे, जहां उनसे नया आवेदन करने की बात कही गई। अफसरों का तर्क है कि एसआईआर के दौरान शिफ्टिंग वाले मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। अब इन मतदाताओं को नया आवेदन भरकर नाम जुड़वाना पड़ेगा। इधर एसआईआर का ड्राफ्ट रोल जारी होने के साथ ही नए आवेदनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब एसआईआर में बीएलओ ने डोर टू डोर काम किया है। जिसके आधार पर ही जिले में 4 लाख 38 हजार 875 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। बावजूद इसके नए आवेदनों की तादाद क्यों बढ़ी है। अब तक करीब 13 हजार नए आवेदन आ गए हैं।

### नो-मैपिंग लिस्ट गायब

एसआईआर के दौरान निर्वाचन से जुड़े अफसरों का दावा था कि वह नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की लिस्ट मतदान केंद्र और वार्ड दफ्तरों में चस्पा करेंगे, लेकिन इन मतदाताओं की लिस्ट अब तक चस्पा नहीं की गई है। बीएलओ का कहना है कि एसडीएम दफ्तर से नो मैपिंग वाले मतदाताओं की लिस्ट नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि जिला निर्वाचन कार्यालय के पास बजट नहीं होने की वजह से फोटोकॉपी नहीं कराई जा रही हैं।

### प्रोफार्मा तक नहीं दिखा

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नो-मैपिंग केटगरी में रखा गया है। जिन्हें नोटिस देकर 14 फरवरी तक सुनवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय को अब तक नोटिस का प्रोफार्मा तक नहीं मिला है, जिसकी वजह से नोटिस जारी नहीं हो पा रहे।

## एमसीयू: अनुपस्थित 38 विद्यार्थियों ने शपथ पत्र भरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में कक्षाओं से आदतन अनुपस्थित स्टूडेंट्स पर सख्ती का असर पहले ही सत्र में दिखाई दिया है। गत मुख्य परीक्षा से सवा सौ विद्यार्थी वंचित हुए थे। इस सेमिस्टर में कम उपस्थिति वाले 38 विद्यार्थियों और उनके परिजनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से भूल सुधार का एक अंतिम अवसर देने की मांग की, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य खराब न हो। प्रशासन ने एक शपथ पत्र के साथ अर्थदंड सहित उन्हें परीक्षा में बैठने का अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है। एमसीयू के मीडिया हेड डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि सभी विभागों में आदतन अनुपस्थित स्टूडेंट्स का अगले सेमिस्टर में वीकली रिकॉर्ड देखा जाएगा और उनके परिजनों को भेजा जाएगा।




## आबकारी विभाग ने जारी की गाइडलाइन

# नए साल पर घर में कर सकेंगे शराब पार्टी 500 रुपए में मिलेगा बार का लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में नए साल के मौके पर घर में भी शराब पार्टी कर सकेंगे, जिसके लिए आबकारी विभाग से एक दिन के लिए अस्थाई लाइसेंस लेना पड़ेगा। जिसके लिए भोपाल में 500 रुपए देकर घर में बार खोल सकते हैं।

जिन रेस्टोरेंट, होटल या गार्डन में 500 से 5 हजार तक भीड़ जुटेगी तो वहां लाइसेंस के बदले 25 हजार से 2 लाख रुपए तक देना पड़ेंगे। जिसके लिए आबकारी विभाग ऑनलाइन लाइसेंस जारी करेगा।

विभाग 31 दिसंबर और एक जनवरी को एक दिन के लिए लाइसेंस जारी करेगा। जिसके तहत शहर में अबकी बार जश्न के लिए 400 से ज्यादा होटल और ढाबा संचालक एक दिन का शराब पिलाने का लाइसेंस ले सकते हैं। जिसके लिए विभाग ने लाइसेंस फीस समेत कई विषयों को लेकर गाइडलाइन भी जारी कर दी है। इस दायरे में स्वयं के मकान, सार्वजनिक स्थल, मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट को शामिल किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि अस्थाई लाइसेंस के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसके लिए विभाग की वेबसाइट के होम पेज पर पर आवेदन किया जा सकता है।


### इस तरह से दिए जाएंगे लाइसेंस

- प्राइवेट जगह यानी, स्वयं के घर में यदि एक दिन की पार्टी करते हैं और उसमें अंग्रेजी शराब रहती है तो लाइसेंस फीस 500 रुपए लगेगी।
- सार्वजनिक स्थल (लॉजिंग एवं बोर्डिंग शामिल नहीं) जैसे- विवाह स्थल, सामुदायिक भवन के लिए अंग्रेजी शराब की लाइसेंस फीस 5 हजार रुपए लगेगी।
- लॉजिंग या बोर्डिंग की सुविधा वाले नियमित भोजन विक्रय के केंद्र जैसे- होटल और रेस्टोरेंट पर लाइसेंस फीस 10 हजार रुपए लगेगी।

### निगम 12 हजार दैवेभो कर्मियों का 48 लाख का भरेगा प्रीमियम

**भोपाल।** नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी अब बीमा का लाभ मिलेगा। प्रीमियम के रूप में 48 लाख रूपए इसी माह निगम अपने खाते से जमा करेगा। 21 हजार से कम वेतन पाने वाले सभी कर्मचारियों को इस बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए अब तक 11 हजार 999 कर्मचारियों की सूची तैयार हो गई है जो 21 हजार से कम वेतन पाने वालों की श्रेणी में आते हैं। इनके खाते से मात्र 70 रूपए महीना लिया जाएगा जबकि बाकी 330 रुपए निगम जमा करेगा। नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी लंबे समय से बीमा योजना की मांग कर रहे थे, लेकिन बजट की कमी के चलते कर्मचारियों का बीमा नहीं किया जा रहा था। अब राज्य कर्मचारी बीमा आयोग के माध्यम से कर्मचारियों का बीमा किया जा सकेगा। इसके लिए निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की सूची तैयार की गई है। अलग-अलग विभागों में पदस्थ कर्मचारियों के लिए प्रीमियम के रूप में 90 प्रतिशत राशि निगम अपने मद से जमा करेगा। जबकि 10 प्रतिशत राशि कर्मचारियों के खातों से हर महीने काटी जाएगी। यानि 400 रुपए महीने के बीमा में कर्मचारी को सिर्फ 70 रूपए ही जमा करना होंगे। बाकी 330 रूपए निगम अंशदान के रूप में मिलाएगा। फैसले से कर्मचारी भी खुश हैं।



## जैकेट का शेष....

### गृहमंत्री अमित ..

और एमएसएमई लीडर्स भी शामिल होंगे। इसमें मप्र में औद्योगिक निवेश को रोजगार में परिवर्तित करने के कार्य को स्वीकृति मिलेगी। शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में गुरूवार 25 दिसंबर को ग्वालियर के मेला ग्राउंड में 'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट- निवेश से रोजगार' का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार आधारित विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में निवेशकों को सिंगल क्लिक से औद्योगिक प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

**ग्वालियर के शाह रीवा में कृषक सम्मेलन में होंगे शामिल:** शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को ग्वालियर के बाद रीवा पहुंचेंगे। वे रीवा में प्राकृतिक खेती पर कृषक सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोनों बसामन मामा गो अभयारण्य में दोपहर 3 बजे से आयोजित कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती प्रकल्प का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद गो अभयारण्य के समीप आयोजित विशाल कृषक सम्मेलन में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। इस मौके पर सभी लोग ई-कार्ट के माध्यम से गो-शाला व कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई कृषि विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। कार्यक्रम में प्रगतिशील व प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जाएगा।

### दर्शन के 24 घंटे...

कार्ड (आरएफआईडीसी) प्राप्त करने के 10 घंटे के अंदर यात्रा शुरू करनी होगी। दर्शन पूरा करने के बाद कटड़ा बेस कैंप लौटने के लिए अधिकतम 24 घंटे का समय दिया गया है। ये नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। पहले आरएफआईडी कार्ड लेने के बाद यात्रा शुरू करने की कोई सख्त समय सीमा नहीं थी। श्रद्धालु किसी वक्त भी चढ़ाई शुरू कर सकते थे और दर्शन के बाद भवन क्षेत्र में कई दिन तक रुक सकते थे, जिससे अक्सर भीड़भाड़ और जाम की स्थिति बन जाती थी। कटड़ा से माता वैष्णो देवी भवन तक की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है. यात्रा पैदल, घोड़े, पिट्ठू, बैटरी कार या हेलिकॉप्टर से की जा सकती है। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को पैदल चढ़ाई में 6 से 8 घंटे और उतरने में भी लगभग इतना ही समय लगता है। सामान्य दिनों में यात्रा 24 से 36 घंटे में पूरी हो जाती है, लेकिन नए साल के अवसर पर भीड़ की वजह से इसमें ज्यादा वक्त लग सकता है।

### 20 हजार रुपए के...

में उसने अंतिम सांस ली। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सतीश ने सुसाइड से पहले बनाए वीडियो में बताया कि उसने अंकेश धाकड़ से 2 साल पहले 10 हजार रुपए लिए थे, जिसके बदले 20 हजार दे चुका है। मुकेश 4 लाख रुपए और मांग रहा है। वहीं, प्रकाश धाकड़ से 50 हजार लिए थे और 2 लाख चुका दिए हैं। वीडियो में सतीश ने यह भी बताया कि उसे कुछ लोगों से पैसे लेने भी हैं। हरेंद्र धाकड़ ने उससे 20 लाख रुपए और सौरभ गोस्वामी ने 5 लाख रुपए लिए हैं, जो दो साल से पैसे वापस नहीं कर रहे। युवक ने वीडियो में कहा कि इन सभी की वजह से वह मर रहा है। उसने आखिरी इच्छा जताई कि इन सब पर केस दर्ज हो और उसके परिवार को बिल्कुल भी परेशान न किया जाए। पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## पेज एक का शेष....

### सवाल था-आप....

था और लोगों का जोश देखते ही बनता था जब वे बुलंद आवाज़ में कहते थे 'अटल हमारा अटल रहेगा, इसीलिए तो जीतेगा'।

### मैं न तो टायर्ड ...

देखा। एक दिन अटलजी हाथ बांधकर बोल रहे थे तो इंदिरा गांधी ने कहा आप हाथ नहीं चला रहे हैं तो उत्तर था जब हाथ चलाता हूं तो आपको हिटलर नजर आता हूं। लखनऊ का मुस्लिम समाज उनका प्रशंसक तो था ही देश और दुनिया के लोगों ने उनकी सहिष्णुता को हमेशा सराहा। मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जब विदेश मंत्री बने तो उन्होंने हज यात्रा की सब्सिडी बढ़ाई, पाकिस्तान के लिए पहली बार वीज़ा की सुविधा उपलब्ध कराई, लाहौर के लिए बस सेवा आरंभ की और स्वयं भी गए। भारत-पाक रिश्तों की बर्फ पिघला दी। बांग्लादेश बनने के बाद संसद में अटलजी ने इंदिरा गांधी को दुर्गा का रूप कहा था या नहीं यह बहस का विषय हो सकता है परंतु अपने विरोधियों के भले कामों की सराहना और अपनी भूलों को मजाकिया अंदाज में स्वीकारना उनकी पहचान रही है। जब 1979 मे जनता पार्टी बनाने का प्रयोग विफल हुआ तो उनका बेबाक बयान था-दीप बुझाकर एक मशाल जलाई थी जिसमें रोशनी कम, धुआं ज्यादा है। जब कुछ लोगों ने कहा अब अटल ही थक चुके हैं तो उन्होंने कहा था -मैं न तो टायर्ड हूं और न रिटायर्ड।

### एक कान से ...

को शांत करते हुए पूछा कि क्या आपको मेरी आवाज साफ सुनाई पड़ रही है। जनता से उत्तर आया हां हां। अटल जी पलटकर बोले कि आप एक कान से ऑल इंडिया रेडियो सुनें और एक कान से मेरा भाषण सुनें। संगठन की चर्चा आमने सामने करना उन्हें पसंद थी। पीठ पीछे चर्चा के वह पक्षधर नहीं थे। अटल जी जब भी पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलते थे या फिर किसी विशेष अवसर पर वह स्वयं किसी के यहां जाते थे तो लगता था कि वह इसी परिवार के ही सदस्य हैं।

### 4 जी या 5...

अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 8:55 बजे हुई। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और अमेरिका की एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है। उपभोक्ता को किसी अतिरिक्त एंटीना या कस्टमाइज्ड हार्डवेयर की जरूरत नहीं होगी। फिलहाल सेलफोन को 4जी या 5जी नेटवर्क हासिल करने के लिए मोबाइल टावर की जरूरत होती है, लेकिन इस उपग्रह के सफल होने के बाद टावर का काम खत्म हो सकता है।

**इस सैटेलाइट से यह फायदा: पहाड़ी इलाकों, महासागरों और रेगिस्तानों तक मोबाइल सेवा मिलेगी**

- ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह एक अगली पीढ़ी (नेक्स्ट जेन) की प्रणाली का हिस्सा है। अगर यह उपग्रह सही कक्षा में स्थापित हो जाता है और कंपनी के परीक्षण सफल होते हैं तो इसके जरिए 4जी और 5जी स्मार्टफोन पर सीधे सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी मिलेगी।
- इस सैटेलाइट की मदद से दूरस्थ स्थानों जैसे पहाड़ी इलाकों, महासागरों और रेगिस्तानों तक मोबाइल सेवा पहुंच सकेगी और इन क्षेत्रों में 4जी-5जी नेटवर्क सुविधा पहुंचाना आसान हो जाएगा।
- आपदा की स्थिति में जब टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर तूफान, बाढ़, भूकंप, भूस्खलन या दूसरी प्राकृतिक आपदाओं में तबाह हो जाते हैं, तब भी सैटेलाइट नेटवर्क बेहतर रहता है।
- यह लॉन्च इसरो के लिए मल्टी-बिलियन डॉलर स्पेस मार्केट में मजबूत एंट्री का संकेत है। भारत अब स्पेस एक्स, एरियनस्पेस और रोस्कोस्मोस जैसे दिग्गजों की लिस्ट में मजबूती से खड़ा है।

### क्यों खास है ....

से लॉन्च होने वाला सबसे बड़ा और सबसे भारी वाणिज्यिक संचार उपग्रह भी है। भारत अपने एलवीएम3 लॉन्च व्हीकल के जरिए चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वैश्विक स्तर पर सैटेलाइट इंटरनेट मुहैया कराने वाली- वन वेब के सैटेलाइट लॉन्चिंग मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। वन वेब मिशन में इसरो ने एलवीएम से दो बार में कुल 72 सैटेलाइट्स पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित की थीं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव.....

से ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 स्पेसक्राफ्ट के सफल प्रक्षेपण पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत तेजी से अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इसरो ने एक बार फिर अंतरिक्ष में नए भारत का परचम लहराया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से विश्व, भारत की वैज्ञानिक क्षमता, कौशल और आत्मविश्वास से परिचित हुआ है।

### पीएम मोदी ने....

कमर्शियल लॉन्च सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं और वैश्विक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। यह बढ़ी हुई क्षमता और आत्मनिर्भरता को मिला बढ़ावा आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बढ़िया है।

### फाइनल 'आंसर की' ....

अपने संभावित स्कोर का अंदाजा लग गया था। परीक्षा तीन अलग-अलग स्लॉट में आयोजित की गई थी, इसलिए सभी उम्मीदवारों के अंकों को एक समान स्तर पर लाने के लिए नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाई गई। इसी प्रक्रिया के बाद फाइनल पर्सेंटाइल तय किए गए हैं, जो अब रिजल्ट के साथ घोषित किए गए हैं।

### बेटा-पत्नी-मां,...

तहसील के संतोष मंडलोई, भगवानपुरा तहसील के मनीष चौहान और प्रवीण मंडलोई तथा खरगोन तहसील ग्रामीण के मनोज कदम शामिल हैं। बताया जा रहा है करीब 13 साल में 16 लाख रुपए का गबन किया गया। इनके अलावा निजी ऑपरेटर श्याम सोलंकी के विरुद्ध गोगांवा तहसीलदार को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। महालेखाकार मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा प्रस्तुत ऑडिट प्रतिवेदनों में खुलासा हुआ कि इन कर्मचारियों ने राहत राशि वितरण के दौरान लाखों रुपए की अनियमितताएं कीं। जांच में सामने आया कि भीकनगांव तहसील के संतोष मंडलोई ने अपने पुत्र, पत्नी, एक ठेकेदार तथा ठेकेदार के पुत्र के खातों में राहत राशि डलवाई। वहीं भगवानपुरा तहसील के मनीष चौहान ने स्वयं, पत्नी, पिता और बहन के खातों में राशि स्थानांतरित की। इसी प्रकार प्रवीण मंडलोई और मनोज कदम ने निजी ऑपरेटर श्याम सोलंकी के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की राहत राशि अपात्र व्यक्तियों के खातों में डलवाई। मामले में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 14 के अंतर्गत अनुशासनात्मक जांच पूर्ण की गई। जांच में दोष सिद्ध होने पर चारों कर्मचारियों पर नियम 10 के अंतर्गत नियम 9 के तहत दीर्घ शास्ति अधिरोपित करते हुए शासकीय सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया।

### सांसद ने अधिकारियों...

अधिकारियों के पैर छूते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केवल कार्यक्रम और इवेंट करने से काम नहीं चलता, असली काम जमीन पर समय से पूरा होना चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि डेढ़ घंटे तक इंतजार कराना गलत है और जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। बाद में सांसद ने स्पष्ट किया कि उनकी नाराजगी किसी अधिकारी या व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं थी। उन्होंने कहा कि कुंडीबेह समेत 25 गांवों में 24 घंटे पानी पहुंचना बड़ी बात है लेकिन ऐसे प्रोजेक्ट में अनुशासन और समय की पाबंदी बेहद जरूरी है। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कुंडीबेह गांव को देश का ऐसा गांव बताया गया, जहां 24 घंटे नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हुई है। यह योजना जल जीवन मिशन के तहत पूरी की गई, जिसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### दंपती ने पेट्रोल....

का निर्माण करवा रहे थे। प्रशासन को इस निर्माण में अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। इसके बाद बुधवार को तहसीलदार अरविंद दिवाकर जेसीबी मशीन के साथ निर्माण हटाने के लिए मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान संतोष व्यास और उनकी पत्नी जयश्री व्यास की तहसीलदार से बहस हो गई। दंपती ने तहसीलदार के सामने ही अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सतवास तहसीलदार अरविंद दिवाकर को कलेक्टर कार्यालय देवास अटैच कर दिया और देवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर को तत्काल सतवास भेजा गया। गुस्साए लोगों ने सतवास बस स्टैंड पर पुलिस थाने के सामने चक्काजाम कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण की कार्रवाई करने पहुंची टीम ने परिवार को चमकाया, कहा कि पैसे दो। इतना भ्रष्टाचार है। प्रशासन क्या कर रहा है।

### कर्नाटक के भक्त ...

सिर्फ इतना पता है कि इसे स्वामी विश्व प्रसन्ना तीर्थ ने भेजा है। कहा जा रहा है कि इस मूर्ति को गोस्वामी तुलसीदास मंदिर के पास अंगद टीले के नजदीक स्थापित किया जाएगा। हालांकि, अंतिम निर्णय उडुपी स्वामी के आगमन के बाद ही लिया जाएगा।


### मां नर्मदा की ...

की जा रही है। डॉ. अभिमन्यु अपनी पत्नी इशिता के साथ सिर पर कलश रखकर यात्रा के लिए निकले। उनके पैर नंगे थे और उन्होंने सफेद कुर्ता पायजामा पहना था। उन्होंने और इशिता ने मां नर्मदा की पहले पूजा की, फिर उनकी आरती भी उतारी। उसके बाद उन्होंने ब्राह्मणों को भोज भी कराया। डॉ. अभिमन्यु ने कहा कि यह यात्रा पौष मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को प्रारंभ की है। हम यह आशा लेकर निकले हैं कि मां नर्मदा इस परिक्रमा को अपने आशीर्वाद से पूरा कराएं। हमारी यह परिक्रमा 15 दिनों में पूरी हो जाएगी। यह धर्म यात्रा है। हमने श्रद्धा और परमात्मा के ऊपर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि मैं उज्जैन में पला-बढ़ा हूं। यहां महाकाल हैं, मां शिप्रा हैं। उनके तट पर सनातन धर्म को स्पर्श करने का मौका मिला। संस्कार सदा मुझे और मेरे परिवार को धर्म की से जोड़ते रहे हैं।

**अभी दोनों कर रहे हैं पढ़ाई:** डॉ. अभिमन्यु ने कहा कि मैं और धर्म पत्नी दोनों अभी भी पढ़ रहे हैं। अगले महीने हम दोनों की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसलिए, पैदल यात्रा अभी संभव नहीं हो पाती। चूंकि, मन में मां नर्मदा और उनके आसपास के तीर्थोंके दर्शन की अभिलाषा थी, इसलिए जो समय मिला, उसी में यात्रा के लिए निकल पड़े।

### स्वयं को सनातन...

परिक्रमा कुछ दिनों के लिए स्वयं को सनातन धर्म में पूर्णतः समर्पित करने के लिए है।



# सात समुंदर पार गाने का नया वर्जन देख भड़के लोग

**नई दिल्ली।** 34 साल पहले एक फिल्म रिलीज हुई थी 'विश्वात्मा'। इसमें सनी देओल और दिव्या भारती सहित कई सितारे नजर आए थे। फिल्म का गाना 'सात समुंदर पार' खूब हिट हुआ था। आज भी लोगों की जुबां पर है। पर अब इस गाने को रीमेक किया गया है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' फिल्म के लिए। पर लोगों को ये नया वर्जन खास पसंद नहीं आ रहा है। ऊपर से लोग कह रहे हैं कि अच्छे खासे आइकॉनिक गाने को बर्बाद कर दिया। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के नए गाने की आलोचना हो रही है और कार्तिक आर्यन-अनन्या पांडे को जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है। 'सात समुंदर पार' के रीमेक में कार्तिक आर्यन एक नाइट क्लब में डांस कर रहे हैं। अनन्या भी हैं, पर वो उन्हें देख रही हैं। गाने के नए वर्जन के बोल और धुन पुरानी है, लेकिन, वाइब एकदम नई है। ये ऑरिजनल गाने के जोशीले डिस्को वाइब से बिल्कुल भी नहीं मिलती है। एक ने कहा, पूरे गाने का सत्यानाश कर दिया। दूसरे ने कहा, बचपन का एक और हिट गाना बर्बाद हो गया। एक और यूजर बोले, बहुत बुरा।

# ईद पर धुरंधर 2-टॉक्सिक का होगा क्लैश



**नई दिल्ली।** साल 2025 में ब्लॉकबस्टर फिल्मों की फेहरिस्त में धुरंधर टॉप पर है। फिल्म की कमाई इतनी ज्यादा हो रही है कि हर कोई इसकी कमाई को देखकर हैरान है। फिल्म की कमाई को देखते हुए मेकर्स ने अब इसके अगले पार्ट का ऐलान किया है, लेकिन मेकर्स ने शानदार दांव भी खेला है, जिसकी चर्चा अब हर कोई कर रहा है। धुरंधर 2 को ईद पर 19 मार्च 2026 को रिलीज़ किया जाएगा।

# शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था

फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों।

हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह



बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी।

AYE [आय]
आय फाइनेंस लिमिटेड
CIN: U65921DL1993PLC283660
Email: corporate@ayefin.com,www.ayefin.com
सार्वजनिक सूचना
आम जनता और आय फाइनेंस लिमिटेड के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की शाखा कार्यालय Aye Finance Ltd. Ground Floor, Ward No 15, Near Police Choki, Mahatma Gandhi Marg, Shujalpur Mandi, Shujalpur 465333 को दिनांक 27-12-2025 को नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जो की है First Floor, MG Road, Shujalpur Mandi, Near Surana Nursing Home & Muthoot Finance, Shajapur, MP 465333 किसी भी सहायता के लिए हमारे ग्राहक सेवा सहायता से संपर्क करें +91 8448586881

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लोसिस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है!
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है।
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6088




**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6087 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6098

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6097 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### आरबीआई नकदी बढ़ाने सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वह बैंकों में नकदी बढ़ाने के लिए दो लाख करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। साथ ही 10 अरब अमेरिकी डॉलर की डॉलर-रुपया अदला-बदली नीलामी आयोजित करेगा। अदला-बदली नीलामी 29 दिसंबर, 2025 से 22 जनवरी, 2026 के बीच आयोजित की जाएगी।

### एनबीसीसी ने दुबई में खरीदी 1.5 करोड़ दिरहम की भूमि



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने विदेशों में रियल एस्टेट कारोबार का विस्तार करने की योजना के तहत मिश्रित उपयोग परियोजना विकसित करने को दुबई में 1.5 करोड़ दिरहम (37 करोड़ रुपये) में लगभग 15,000 वर्ग फुट जमीन खरीदी है। दुबई में विदेशी रियल एस्टेट परिचालन शुरू कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखा है।

### विक्रान इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में मिला ठेका




**नई दिल्ली।** विक्रान इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में 600 मेगावाट की सौर परियोजनाओं को विकसित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है। विक्रान इंजीनियरिंग ने बुधवार को बयान में कहा कि ओनिक्स रिन्यूएबल्स से प्राप्त यह ठेका इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण (ईपीसी) आधार पर 12 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा।

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 4.3 फीसदी की वृद्धि



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था इस साल की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो जो पिछले दो वर्षों में सबसे तेज वृद्धि है। सरकारी व्यय और निर्यात में मजबूती के चलते यह वृद्धि अनुमान से कहीं अधिक रही। जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान जीडीपी की वृद्धि अप्रैल-जून तिमाही के 3.8 प्रतिशत से तेज रही।

### बीओआई ने बांड से 10 हजार करोड़ रुपए जुटाए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 7.23 प्रतिशत सालाना ब्याज पर 10,000 करोड़ रुपये के दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी करके राशि जुटाई है। बॉन्ड का आकार 5,000 करोड़ रुपये था। इसमें 5,000 करोड़ रुपये का 'ग्रीन शू'' विकल्प यानी अधिक बोली आने पर उतनी और राशि रखने का विकल्प शामिल था।

### रुपया 16 पैसे टूटकर 89.79 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और कारोबार के अंत में 16 पैसे टूटकर 89.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निकासी और सोने के आयातकों से डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.56 पर खुला। कारोबार के दौरान 89.51 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

# सोना-चांदी नहीं, तांबा बनने जा रहा बाजार का 'अगला किंग', दिया 36% रिटर्न

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार में जहां साल 2025 के दौरान जबरदस्त उतार–चढ़ाव देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर कीमती और औद्योगिक धातुओं ने निवेशकों को शानदार रिटर्न देकर आकर्षित किया है।

- एआई और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने भी इसकी मांग बताई जा रही

इस साल अब तक सोने ने करीब 70 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। चांदी ने तो सभी पारंपरिक निवेश विकल्पों को पीछे छोड़ते हुए लगभग 130 से 140 प्रतिशत तक की छलांग लगाई है, जिससे यह रिटर्न के लिहाज से साल की सबसे बेहतरीन एसेट बनकर उभरी है। इसी कड़ी में सोने ने भी निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया। सोने में 60 फीसदी से अधिक का उछाल दर्ज किया गया।

**औद्योगिक मांग के कारण तांबा में तेजी की संभावना बताई जा रही**

### जानें क्या बोले विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के अनुसार, एआई के बढ़ते उपयोग के चलते बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिनमें भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होती है, और यही वजह है कि मांग के मुकाबले सप्लाई पिछड़ती जा रही है। रॉयटर्स द्वारा कराए गए सर्वे में भी यह सामने आया है कि साल 2025 में तांबे की आपूर्ति करीब 1.24 लाख टन कम रही है और 2026 में यह कमी बढ़कर लगभग 1.5 लाख टन तक पहुंच सकती है। बाजार के जानकारों का मानना है कि जिस तरह सोना और चांदी अपनी चमक दिखा चुके हैं, आने वाले समय में तांबा भी कीमतों के नए रिकॉर्ड बना सकता है।



### चांदी पहुंची दो लाख के ऊपर

यही असंतुलन कीमतों को ऊपर ले गया है और चांदी के भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच चुके हैं, जिसमें सुरक्षित निवेश के विकल्प के तौर पर बढ़ती मांग ने भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं तांबे को अब बाजार का "अगला किंग" कहा जाने लगा है, क्योंकि तेज औद्योगिकीकरण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने इसकी मांग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

### हाई रिटर्न्स की रेस में तांबा

हालांकि, इस रेस में तांबा भी पीछे नहीं रहा और अपेक्षाकृत कम चर्चा में रहते हुए भी 2025 में करीब 36 प्रतिशत का दमदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। चांदी की कीमतों में तेज उछाल की सबसे बड़ी वजह औद्योगिक मांग का तेजी से बढ़ना माना जा रहा है, क्योंकि सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल में लगातार इजाफा हो रहा है, जबकि इसके मुकाबले आपूर्ति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है।

## रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्रीय सलाह प्रस्तुत की गई

# आगामी बजट में कर आधार विस्तार एवं निवेश प्रोत्साहन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रत्यक्ष कर आधार को व्यापक बनाने, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने तथा वृद्धि को और तेज करने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने पर ध्यान देने की जरूरत है।

एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। 'भारत की नयी कराधान विचारधारा का स्वरूप: सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 के तहत हाल के सुधारों से यह स्पष्ट हुआ है कि मजबूत राजस्व वृद्धि के साथ-साथ कर व्यवस्था का सरलीकरण एवं कर दरों में संतुलन संभव है। इससे लंबे समय से जारी इस धारणा को चुनौती मिली है कि कर संग्रह बढ़ाने के लिए कर की ऊंची दरें जरूरी होती हैं।

### शोध संस्थान थिंक चेंज फोरम ने जारी की रिपोर्ट

शोध संस्थान 'थिंक चेंज फोरम' (टीसीएफ) द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, '' भारत जल्द केंद्रीय बजट पेश करने वाला है और इसमें लिए जाने वाले फैसले यह तय करेंगे कि कराधान दीर्घकालिक आर्थिक विस्तार के लिए उत्प्रेरक बनता है या फिर महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने वाला कारक।'

### 140 करोड़ की आबादी में तीन करोड़ प्रभावी करदाता

रिपोर्ट में कहा गया है कि कर-जीडीपी अनुपात में सुधार के लिए प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। 140 करोड़ की आबादी में केवल 2.5 से तीन करोड़ प्रभावी करदाता हैं, ऐसे में बजट को दरें बढ़ाने के बजाय माल एवं सेवा कर, आयकर तथा उच्च मूल्य उपभोग से जुड़े आंकड़ों को एकीकृत कर प्रौद्योगिकी आधारित कर आधार विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**अनुपालन आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर** : रिपोर्ट में नीति-निर्माताओं के लिए छह सूत्रीय सलाह प्रस्तुत की गई है जिसमें उनसे प्रत्यक्ष करों, प्रवर्तन एवं निवेश नीति तक जीएसटी सुधारों के सिद्धांतों का विस्तार करने का आग्रह किया गया है। इन सुझावों में मुख्य तौर पर नीतिगत स्थिरता एवं अनुपालन-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

**राजस्व जुटाने दर बढ़ाने के जगह कर आधार का विस्तार हो** : केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अर्थशास्त्र के संतुलन सिद्धांत के अनुरूप उच्च प्रत्यक्ष कर दरों को स्थिर रखने की प्रतिबद्धता जतानी चाहिए और राजस्व जुटाने का जोर दरें बढ़ाने के बजाय कर आधार के विस्तार पर होना चाहिए।




- बजट बनाने में सरलीकरण, संतुलन एवं वृद्धि पर विशेष जोर दिया जाए
- रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान देने की जरूरत
- जीएसटी 2–0 के तहत हाल के सुधार से संतुलन संभव हुआ

### समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज हो

इसमें उच्च कर दरों को स्थिर रखने, दरें बढ़ाने के बजाय प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रत्यक्ष कर आधार का विस्तार करने, मुआवजा उपकर समाप्त होने के बाद 'एमआरपी' (अधिकतम खुदरा मूल्य) आधारित कराधान से बचने, जीएसटी इनपुट कर ऋण श्रृंखला को पूरा करने, मुनाफे के उत्पादक पुनर्निवेश को प्रोत्साहित करने तथा तस्करी एवं अवैध कारोबार सहित समानांतर अर्थव्यवस्था के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की सिफारिश की गई है।

### जीडीपी अनुपात 2011 से नीचे बना हुआ

इसमें कहा गया कि पिछले एक दशक में कंपनियों की लाभप्रदता में सुधार हुआ है लेकिन निवेश-से-जीडीपी अनुपात 2011 से पहले के उच्च स्तर से काफी नीचे बना हुआ है जिससे संकेत मिलता है कि मुनाफा उत्पादक क्षमता के बजाय वित्तीय परिसंपत्तियों में लगाया जा रहा है। निवेश-से-जीडीपी अनुपात, यह मापता है कि किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कितना प्रतिशत नए निवेश (जैसे मशीनरी, भवन, बुनियादी ढांचा) में लगाया जा रहा है।

### बढ़ते मुनाफे के बावजूद निवेश में ठहराव

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते मुनाफे के बावजूद निवेश में ठहराव को देखते हुए बजट में लक्षित कर प्रोत्साहनों के जरिये कॉरपोरेट आय को वित्तीय निवेशों के बजाय विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और रोजगार सृजन करने वाली परिसंपत्तियों की ओर प्रवाहित किया जाना चाहिए।

# एयर इंडिया करेगी रोम के लिए अपनी उड़ानें फिर शुरू

एजेंसी ⏭ मुंबई




- इंडिगो की दिल्ली–लंदन सेवा भी उड़ान भरेगी

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने रोम (इटली) के लिए उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने की घोषणा है। इंडिगो के भी दिल्ली से लंदन, हीथ्रो के लिए अपनी सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा के साथ, हवाई यात्रियों को अगले वर्ष भारत और यूरोप के बीच बेहतर संपर्क मिलने की उम्मीद है। एयर इंडिया 2020 की शुरुआत तक दिल्ली से इटली की राजधानी के लिए उड़ानें संचालित करती थी। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इन्हें निलंबित करना पड़ा था। इंडिगो पहले से ही मुंबई और लंदन हीथ्रो के बीच रोजाना सीधी उड़ानें संचालित करती है और अब लंदन के लिए सप्ताह में 12 उड़ानों का परिचालन करेगी।

एयर इंडिया ने घोषणा की कि 25 मार्च, 2026 से एयर इंडिया दिल्ली और रोम (लियोनार्डो दा विंची अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा - फियूमिसिनो) के बीच सप्ताह में चार बार उड़ानें संचालित करेगी। करीब छह वर्ष के बाद यह इटली की राजधानी में विमानन कंपनी की वापसी और उसके बढ़ते यूरोपीय नेटवर्क के और विस्तार का प्रतीक है। एयर इंडिया ने बताया कि रोम से आने-जाने वाली यह सेवा सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान द्वारा संचालित होगी। इसमें 'बिजनेस क्लास' में 18 'फ्लैट बेड' और 'इकॉनमी क्लास' में 238 सीट होंगी। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा, '' भारत को दुनिया के और अधिक हिस्सों से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

भारत और इटली संस्कृति, व्यापार एवं वाणिज्य में गहरी समानताएं साझा करते हैं जिससे एयर इंडिया का रोम में विस्तार करना स्वाभाविक नजर आता है।

### सप्ताह में पांच सीधी उड़ानें होगी शुरू

इस बीच, इंडिगो ने कहा कि वह दो फरवरी से दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच सप्ताह में पांच नई सीधी उड़ानें शुरू करेगी। इन उड़ानों का परिचालन 'वेट/डैम्प' लीज पर लिए गए बोइंग 787 विमानों द्वारा किया जाएगा।

# चांदी 2.27 लाख रुपए प्रति किग्रा के नए शिखर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमतें 9,750 रुपये बढ़कर 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं, जबकि विदेशी बाजारों में चांदी 72 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।मंगलवार को, चांदी 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सर्राफा की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से हाजिर चांदी 72 डॉलर के स्तर को लांघ गई।'' कैलेंडर वर्ष के दौरान, 31 दिसंबर, 2024 को रिकॉर्ड किए गए 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी की कीमत 1,37,300 रुपये या 153.06 प्रतिशत बढ़ गई है।



### चांदी विदेशी व्यापार में भी नए शिखर पर

पिछले चार सत्रों में, यह 19 दिसंबर, 2025 के 4,339.50 डॉलर की बंद कीमत से 186.46 डॉलर या 4.3 प्रतिशत बढ़ा है। इस साल अबतक, यह धातु 31 दिसंबर, 2024 के 2,605.77 डॉलर प्रति औंस से 1,920.19 डॉलर या 73.7 प्रतिशत बढ़ी है।लगातार चौथे दिन बढ़त को जारी रखते हुए, हाजिर चांदी 1.22 डॉलर या 1.71 प्रतिशत बढ़कर विदेशी व्यापार में 72.70 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गई।

### हायर इंडिया में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी भारती

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज और वारबर्ग पिंकस ने वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाले हायर इंडिया में करीब दो अरब डॉलर (लगभग 17,955.5 करोड़ रुपये) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की बुधवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों ने बयान में कहा कि वे हायर इंडिया में रणनीतिक निवेश कर रही हैं। इसका प्रबंधन नियंत्रण वर्तमान चीनी समूह के पास ही रहेगा।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/906/25 दिनांकः- 18/12/2025

// ई-निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोंपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना कोतवाली स्थित 25 पुलिस आवासों में मरम्मत एवं पुताई कार्य | 1,000/- | 4,64,870/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेदसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 20/12/2025 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 20/12/2025 के 17.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 03/01/2026 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 05/01/2026 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल |

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

G-23334/25 " स्वच्छता ही सेवा "

Phone No. 07578-252027 Email:Ceopach-stats@dgest.org

## कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी
OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER
छावनी परिषद पचमढ़ी
MINISTRY OF DEFENCE, GOVERNMENT OF INDIA

पत्र क्र. 69/मेला/3052 दिनाँक-24 दिसम्बर 2025

द्वितीय आमंत्रण
निविदा सूचना

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा शिवरात्रि मेला 2026 के दौरान छावनी मेला क्षेत्र में कार्य हेतु मेला अवधि के दौरान दस दिवसों हेतु पृथक -पृथक निविदा https://defproc.gov.in 31/12/2025 पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य विवरण |
|---|---|
| 1. | वॉटर प्रूफ टेन्ट का कार्य |
| 2. | 07 नग टिन शेड का कार्य |
| 3. | 200 नग एल.ई.डी. लाईट एवं 02 नग जनरेटर 20 के.वी. व्यवस्था हेतु। |
| 4. | अस्थाई दुकानों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य न्यूनतम बिड राशि रू 80000/- |
| 5. | पार्किंग चार्ज वसूली |

राहुल गजभिये, भा.र.स.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढ़ी

## पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
खुली निविदा क्रमांक:
WCR-CRWS-BIOTANK-25-29

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:**-वर्क ऑफ आईआर-डीआरडीओ रिटेन्शन टैंक, वर्क ऑफ अंडर स्लंज बाटर टैंक एण्ड वर्क ऑफ बफिंग ऑफ एसएस कम्पोनेंट्स एस पर स्कोप ऑफ वर्क एट सीआरब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागत**-रु.1,92,62,347.18, **निविदा फॉर्म का मूल्य**-0.00, **धरोहर राशि**-रु.2,46,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि**-24 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारंभ होने का दिनांक/ ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय**-29.12.2025/ 12.01.2026 को 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय**-12.01.2026 को 15.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेब साइट "www.ireps.gov.in" एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका /भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

( हस्ता. )
मुख्य कारखाना प्रबंधक
सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर

NIT No. 31/2025/Centralized Tender/G/CE(B)/Date 17/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU _469127_1 | धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर (द्वितीय फेस) का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 15897.87 | 5000000.00 | 50000.00 | 24 |
| 2 | 2025_PWPIU _ 469168_1 | डिग्री कॉलेज बरगी जिला जबलपुर में 4 व्हीलर पार्किंग 2 व्हीलर पार्किंग, साईकिल पार्किंग आंतरिक एवं बाह्य सडक, कोर्टयार्ड शेड एवं बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 190.09 | 190090.00 | 12500.00 | 12 |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2-निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 19.12.2025 समय 9.00 से दिनांक 02.01.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जबलपुर

जी - 23281/25 स्वच्छता ही सेवा

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/893/25 दिनांकः- 18/12/2025

ई-निविदा सूचना

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना कंट्रोल रूम के साईड एवं पीछे की दीवार एवं महिला बैरिक की बाहरी दीवारो पर ट्रेक्चर एवं पुताई कार्य | 1,000/- | 4,98,310/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 19/12/2025 के 18.30 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 19 / 12 / 2025 के 18.30 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 02/01/2026 के 18.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 03/01 / 2025 के 18.30 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

जी- 23342/25 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# हवाई सुरक्षा की ओर देश के मजबूत कदम

भारत ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का सफल ट्रायल कर हवाई सुरक्षा की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। यह एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। यह एक साथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखता है। इसमें अपने ही देश के आरएफ सीकर, सॉलिड रॉकेट मोटर और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इससे वायुसेना और थलसेना को और मजबूती मिलेगी। आकाश मिसाइल की जो प्रणाली है वह बहुत हाईटेक है। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम ने हर तरह के हवाई खतरों के खिलाफ अपनी बेहतरीन सटीकता साबित की। यह लंबी दूरी और अधिक ऊंचाई पर मौजूद टारगेट्स को दमदार ढंग से भेदने में सफल रहा। इसमें भविष्य के विकास की संभावनाएं बहुत हैं, जो रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाएंगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का कहना है कि ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। भारत की हवाई और जमीनी सुरक्षा को मजबूत करने के नजरिए से विकसित की गई इस मिसाइल की रेंज, स्पीड और रिस्पोंस पॉवर पहले से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर हवाई हमले किए गए थे, इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की आकाश मिसाइलों ने ही नाकाम किया था। अब यह एयर डिफेंस सिस्टम का यह आधुनिक वर्जन पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली है।

बता दें कि भारत के पास कई उन्नत डिफेंस सिस्टम हैं जो देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। इनमें रूस से प्राप्त एस-400 ट्रायम्फ प्रणाली भारत की सबसे शक्तिशाली एयर डिफेंस प्रणालियों में एक है, इसकी रेंज 400 किमी तक है। आकाश मिसाइल सिस्टम एक मध्यम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है, जिसकी रेंज 25-30 किमी है। एक और बराक-8 को भारत और इजराइल ने मिलकर विकसित किया है, जिसकी रेंज 70 किमी. तक है। वहीं, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम इसे पृथ्वी एयर डिफेंस (पीएडी) और एडवांस एयर डिफेंस (एएडी) के रूप में जाना जाता है, जो बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम है। स्पाइडर एयर डिफेंस सिस्टम भी एक शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसकी रेंज 15-20 किमी तक है। दूसरी तरफ, कुशा एयर डिफेंस सिस्टम एक स्वदेशी लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जिसकी रेंज 500 किमी से अधिक है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अब आकाश-एनजी की सफलता से न केवल भारत की रक्षा तैयारियां और मजबूत होंगी, बल्कि स्वदेशी रक्षा अनुसंधान को भी नई दिशा और गति मिलेगी।



हमारे अटल जी
डॉ. मोहन यादव

# भारत उदय के दृष्टा और सुशासन के प्रवर्तक

*भारत जमीन का टुकड़ा नहीं*
*जीता जागता राष्ट्रपुरुष है*
*यह चंदन की भूमि है*
*अभिनंदन की भूमि है*
*यह तर्पण की भूमि है*
*यह अर्पण की भूमि है*
*इसका कंकर-कंकर शंकर है*
*इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है*
*हम जीएंगे तो इसके लिए*
*मरेंगे तो इसके लिए*


सुशासन के प्रवर्तक अटलजी के लिए सुशासन का अर्थ सुलभ, पारदर्शी और संवेदनशील व्यवस्था से है। उन्होंने स्थिरता और सुशासन का स्वरूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन का वही मंत्र देशभर में लागू हो रहा है। सेचुरेशन की नीति, शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच और डिजिटल माध्यमों से सेवाओं की सरलता यह सब उसी विचार का विस्तार है।

मां भारती के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, राष्ट्रपुरुष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उन्हें शत शत नमन। अटलजी नवसृजन और नवउत्थान के स्वप्नदृष्टा, भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे जिनका जीवन और चिंतन देश की आत्मा से जुड़ा था। वे सबके प्रिय थे, सबके अपने थे और जन-जन के हृदय में बसे अजातशत्रु राजनेता थे।

श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक साधारण कार्यकर्ता से आरंभ होकर राष्ट्रधर्म के संपादक, भारतीय जनसंघ के मजबूत आधार और भारतीय जनता पार्टी को सर्वोच्च नेतृत्व तक पहुंचाने वाली एक अनुपम और प्रेरक यात्रा रहा है। वे राजनीति को व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माणका माध्यम मानते थे। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में समर्पित कार्यकर्ताओं की अनेक पीढ़ियां तैयार हुईं, जिनके लिए सेवा, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा जीवन का लक्ष्य बन गई। अटल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे श्रेष्ठ कवि, सफल पत्रकार,दूरदृष्टा, विचारक तथा चिंतक थे,जिन्होंने भविष्य के भारत का स्वप्न देखा और उस पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया।

मुझे बताते हुए खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में श्रद्धेय अटलजी के स्वप्न को आकार दिया जा रहा है। देश की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और विकास के परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक ओर प्रत्येक नागरिक की औसत आय बढ़ी है, देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी साख निर्मित हुई कि वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए कई देशों के प्रमुख भारत की ओर देखते हैं। हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने विकास की नई करवट ली है। इसी क्रम में 25 दिसंबर को श्रद्धेय अटलजी के जन्मजयंती अवसर पर ग्वालियर में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट का आयोजन किया जा रहा है, इसमें निवेश और नवाचार की अनंत संभावनाएं आकार लेंगी।

प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने देश को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सड़क, संचार, आधारभूत संरचना, शिक्षा, विज्ञान और तकनीक,हर क्षेत्र में उन्होंने




मजबूत नींव रखी। जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों को विकास की मुख्यवधारा से जोड़ा वहीं सर्वशिक्षा अभियान से शिक्षा को हर वर्ग, हर समुदाय और हर क्षेत्र तक पहुंचाया। पोखरण में भारत की सामरिक शक्ति का प्रदर्शन हो या स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के माध्यम से देश को जोड़ने का संकल्प, हर निर्णय में राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा है। श्रद्धेय अटल जी की दूरदर्शिता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण नदी जोड़ो अभियान की परिकल्पना है। उन्होंने जल समस्या का स्थायी समाधान बिखरी हुई जलराशि के समुचित प्रबंधन में निकाला। उनका सपना था कि देश की नदियां आपस में जुड़ें, जल की एक-एक बूंद का उपयोग हो और धरती सुजलाम्-सुफलाम बने। हम सभी के लिए गर्व की बात है कि श्रद्धेय अटल जी के इस संकल्प को साकार करने में मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, अपनी सैकड़ों नदियों की जलराशि से पूरे क्षेत्र को समृद्ध करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां नदियों को जोड़ने के महाअभियान के तहत दो परियोजनाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। पार्वती–कालीसिंध–चंबल और केन–बेतवा लिंक परियोजनाओं के माध्यम से अनेक नदियों का जुड़ना तय हुआ है। इन परियोजनाओं से जल संकट वाले क्षेत्रों में नई आशा जगेगी और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

अटलजी विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते थे। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसे नवाचारों के माध्यम से उद्योगों को छोटे शहरों और अंचलों तक पहुंचाया गया है। इससे पलायन रुकने के साथ स्थानीय युवाओं को रोज़गार मिल रहा है। अटलजी के शासनकाल में शुरू हुई दिल्ली मेट्रो आज विश्वस्तरीय अधोसंरचना के रूप में स्थापित हो गई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि अब हमारा भोपाल भी मेट्रो वाली राजधानी बन गया है। सुशासन के प्रवर्तक अटलजी के लिए सुशासन का अर्थ सुलभ,पारदर्शी और संवेदनशील व्यवस्था से है। उन्होंने स्थिरता और सुशासन का स्वरूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन का वही मंत्र देशभर में लागू हो रहा है। सेचुरेशन की नीति, शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच और डिजिटल माध्यमों से सेवाओं की सरलता यह सब उसी विचार का विस्तार है। अटल जी की 101वीं जयंती पर हम यह संकल्प लें कि उनके विचारों को अपने आचरण और नीतियों में उतारें। व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक की उनकी यात्रा हमें सिखाती है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करे। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और अटल जी की प्रेरणा के साथ, समृद्धि, विकास और खुशहाली का नया अध्याय रचने के लिए प्रतिबद्ध है। अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रकाश स्तंभ है। उनका चिंतन, विचार और सपनानये विकसित भारतनिर्माण के लिए सदैव प्रेरक रहेगा। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से आह्वान करता हूं कि आइए, हम सब मिलकर अटलजी के स्वप्न अनुरूप सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सुशासन दिवस
सुरेश पचौरी



# राजनीति के अजातशत्रु व विकास के मुखर स्वर



25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम जेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल जी राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मर्यादा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी। अटल जी के जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गए। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, तत्पश्चात 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल जी पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा। वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन शांति, सह-अस्तित्व, समता, समानता, न्याय और बंधुत्व के आदर्शों का परिपालन करते हुए बीता। वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे और राष्ट्रीय हित के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने विचार रखते थे। उनका टकराव पर नहीं, सहयोग पर विश्वास था। चाहे वे सत्ता में रहे हों, या फिर विपक्ष में, राष्ट्रहित से संबंधित मुद्दों पर सबकी राय लेते थे, सबको साथ लेकर चलते थे। अटल जी का नाम वैश्विक स्तर के नेताओं में शुमार था। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जगत में मानवता, संवाद और मेल-मिलाप पर आधारित राजनैतिक आचार-विचार व नवाचार की शुरूआत की, जो एक मिसाल बन गई। मानवीय संवेदना से ओतप्रोत उनका हृदय क्षण भर में लाखों लोगों को उनसे जोड़ देता था। वे पारस्परिक सौहार्द बनाने वाले तथा संबंधों को बढ़ाने वाले एक सदाशयी नेता थे। वास्तव में वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

अपने प्रधानमंत्रित्व काल में अटल जी ने पारदर्शी, जबावदेह, जनहितैषी शासन व्यवस्था की आधारशिला रखी। उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश के चारों कोनों को आपस में जोड़कर प्रमुख औद्योगिक, कृषि, रक्षा, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक केंद्रों को संसाधन उपलब्ध कराया। किसान क्रेडिट कार्ड, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा सर्व शिक्षा अभियान शुरू किया। उनके नेतृत्व में देश के विकास की बड़ी लम्बी फेहरिस्त है। यह भी प्रासंगिक है कि अटल जी के आदर्शों को अपनाकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी भी भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सततत कटिबद्ध हैं। वाजपेयी जी भारत को आर्थिक एवं सैन्य दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे और इस दिशा में उनके द्वारा जो कदम उठाए गए, वे निःसंदेह स्तुत्य हैं। लोकतंत्र की रक्षा और 21वीं सदी के सशक्त व सुरक्षित भारत के लिए अटल जी ने जो किया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने लगभग सात दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की सेवा की। साथ ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया। हिन्दी भाषा को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में जो गौरव दिलाया था, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बतौर भारत के विदेश मंत्री उन्होंने दुनिया भर के शीर्ष राजनयिकों के समक्ष हिंदी में भाषण देकर इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण कहा था।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता)

सुशासन दिवस
हेमंत खंडेलवाल



# अटल स्मृति वर्ष : विचार जो अटल थे संकल्प जो पीएम मोदी ने साकार किए

25 दिसंबर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की वैचारिक यात्रा का स्मरण दिवस है। यह वह दिन है, जब राष्ट्र अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे युगद्रष्टा नेता की जन्मजयंती मनाता है। उनका जन्मशताब्दी वर्ष हमें उनके विचारों, संकल्पों और सपनों को और गहराई से आत्मसात करने का अवसर देता है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल स्मृति वर्ष के रूप में इस कालखंड को मनाना, अतीत के गौरव को वर्तमान की जिम्मेदारी और भविष्य के संकल्प से जोड़ने का सशक्त प्रयास है। अटल जी का व्यक्तित्व विचार और संवेदना का दुर्लभ संगम था। वे दृढ़ राष्ट्रवादी थे, किंतु संवाद और सहमति के पक्षधर भी। सत्ता में रहते हुए भी उनकी भाषा में मर्यादा और व्यवहार में विनम्रता रही। कविता उनकी आत्मा थी और राष्ट्रसेवा उनका जीवन-संकल्प। यही कारण है कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गरिमा के प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं।

प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने सुशासन को व्यवहार में उतारा। पोखरण परमाणु परीक्षणों से भारत की सामरिक आत्मनिर्भरता स्थापित हुई, तो कारगिल जैसे कठिन समय में उन्होंने पूरे देश को एकजुट नेतृत्व दिया। स्वर्णिम चतुर्भुज, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और दूरसंचार क्षेत्र में किए गए सुधार-ये सभी उस विकसित भारत की आधारशिला बने, जिसकी दूरदृष्टि अटल जी ने वर्षों पहले देख ली थी। अटल बिहारी वाजपेयी जी का मध्यप्रदेश से रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, ऐतिहासिक और भावनात्मक भी था। ग्वालियर को कर्मभूमि बनाकर उन्होंने इस प्रदेश से आत्मीय संबंध स्थापित किया। ग्वालियर की जनता ने उन्हें लोकसभा में भेजा, तब यह केवल एक चुनावी विजय नहीं थी, बल्कि कठिन समय में दिया गया वह विश्वास था जिसने अटल जी को राष्ट्रीय नेतृत्व की नई ऊर्जा प्रदान की। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मभूमि ग्वालियर को यह भी गौरव प्राप्त है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानवदर्शन की वैचारिक धारा को यहीं प्रथम स्वर मिला। अटल जी की विचारशील राजनीति और एकात्म मानवदर्शन की यह संगति ग्वालियर को भारतीय लोकतंत्र की वैचारिक चेतना का विशेष केंद्र बनाती है। अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर ग्वालियर की धरती का पुनः राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनना कोई संयोग नहीं, बल्कि वैचारिक निरंतरता का प्रतीक है। 25 दिसंबर को गृह मंत्री अमित शाह का ग्वालियर आगमन और अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट–2025 जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी सहभागिता, अटल जी की विकास-दृष्टि को वर्तमान भारत से जोड़ने वाला सशक्त संदेश है। जिस ग्वालियर ने अटल जी को राष्ट्रनेतृत्व की नई दिशा दी थी, वही ग्वालियर आज उनके विचारों के अनुरूप विकास,सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के नए अध्याय का साक्षी बन रहा है।

अटल जी का सपना था-एक ऐसा भारत जो मजबूत भी हो और संवेदनशील भी, जो विकास करे, पर मूल्यों से विमुख न हो; जो आत्मनिर्भर बने, पर विश्व के साथ संवाद बनाए रखे। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत 2047' की दिशा में आगे बढ़ता राष्ट्र उसी अटल दृष्टि का आधुनिक और सशक्त विस्तार है। डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, मजबूत आधारभूत संरचना और वैश्विक मंच पर भारत की निर्णायक भूमिका ये सभी अटल जी के स्वप्न को साकार करते हुए दिखाई देते हैं। अटल जी के विचारों की दृढ़ता को यदि किसी ने निकट से जिया है, तो वह हमारी पीढ़ी है। मुझे स्मरण है वर्ष 1980 का वह समय, जब मैं मात्र 16 वर्ष का था। उसी वर्ष मेरे पिताजी स्वर्गीय विजय खंडेलवाल जी बैतूल जिले के पहले निर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष बने। जनता पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। संख्या बल सीमित था,कार्यकर्ताओं पर दबाव था,सत्ता का आकर्षण त्याग कर हम एक कठिन वैचारिक यात्रा पर निकले थे।

उसी दौर की एक स्मृति आज भी मन में ताजा है। अटल बिहारी वाजपेयी जी हमारे घर आए थे,साधारण माहौल, खाने की मेज पर बातचीत, कभी हल्की मुस्कान, कभी आत्मीय ठहाका। अटल बिहारी वाजपेयी जी कभी बोझिल नहीं दिखते थे। चुनौतियां थीं,लेकिन उनके चेहरे पर निराशा नहीं होती थी। वे बड़े सहज भाव से कहते थे कि आज हम कम जरूर हैं, पर हमारा भरोसा मजबूत है,और यही भरोसा आगे चलकर ताकत बनेगा। उनका विश्वास यही था कि यह रास्ता भले कठिन हो, पर सही है-क्योंकि यह सत्ता का नहीं, राष्ट्रसेवा का मार्ग है। उनकी वही सहजता, आत्मबल और भविष्य पर अडिग भरोसा हम जैसे युवाओं के लिए उस समय सबसे बड़ा संबल बन गया।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष हैं)

सुशासन दिवस
हितानंद शर्मा



देश के लिए जीने वाले अटल इरादों वाले नेता

# हमारे अटलजी: राष्ट्र सेवा और सुशासन के युगपुरुष

भारत ने करवट ले ली है। देश अब अतीत की कमियों को दूर कर स्वाभिमान और स्वावलंबन के साथ 'विकसित भारत' के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की विरासत को और आगे ले जा रहे हैं। अटलजी के स्वप्नों का लोक-कल्याणकारी, शक्तिसंपन्न, अडिग, अजेय, समर्थ और विश्व का मार्गदर्शन करने वाले राष्ट्र का उत्थान होते दुनिया देख रही है।

भारतीय लोकतंत्र के लिए 25 दिसंबर एक जननायक की जन्मतिथि मात्र नहीं है। यह उस विचार, संस्कार और राजनीतिक परंपरा का स्मरण दिवस है, जिसने सत्ता को सेवा, राजनीति को मर्यादा और राष्ट्रनीति को नैतिक बल प्रदान किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर जनसंघ और फिर भाजपा की उनकी राजनैतिक यात्रा सर्वसमावेशी व्यक्तित्व की प्रतीक रही है। यही कारण है कि विश्व ने उन्हें अजातशत्रु के रूप में जाना। अटल जी का जन्मदिवस आज अटल स्मृति वर्ष के रूप में मना जा रहा है। यह इस बात का संकेत है कि भारत केवल व्यक्तियों को नहीं बलकि उनके विचारों और मूल्यों का भी स्मरण करता है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के उन दुर्लभ नेताओं में थे जिनका व्यक्तित्व सत्ता से बड़ा और समय से आगे दिखाई देता था। वे ऐसे राजनेता थे जो विचारधारा में अडिग रहते हुए भी संवाद में उदार थे। अटल जी के लिए राजनीति लोकतांत्रिक विमर्श की साधना की भांति रही। संसद में भले ही विषय कितना ही संवेदनशील क्यों न हो अटलजी का वक्तव्य कभी कटु नहीं होता था। वे शब्दों से आघात नहीं करते थे, बल्कि तर्क, तथ्य और भाव से अपनी बात रखते थे। संसदीय परंपरा में अटल बिहारी वाजपेयी का आचरण एक आदर्श की तरह दिखाई देता है। उनकी यह विशेषता भारतीय लोकतंत्र को एक नैतिक ऊंचाई प्रदान करती है जिसमें असहमति शालीनता से व्यक्त की जा सकती है और विरोध भी गरिमामय तरीके से किया जा सकता है।

25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में जन्मे अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक फिर जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से राष्ट्र सेवा करते हुए एक प्रकाशवान नक्षत्र की तरह भारतीय लोकतंत्र में प्रेरणा की तरह स्थापित हो गए। अटल जी को भाजपा का प्रथम अध्यक्ष होने का गौरव भी प्राप्त है। मुंबई अधिवेशन में दिया गया उनका वह भाषण प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए मानों संकल्प और संबल बन गया जिसमें उन्होंने कहा था-अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। और उनकी वाणी सत्य हुई, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सूर्य अपनी छंटा बिखेर रहा है, कमल खिल रहा है और अंधेरा छंट चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक परंपरा से आए थे। उन्होंने राजनीति में रहते हुए विचारधारा को समावेशी राष्ट्रीयता का स्वरूप दिया। वे जानते थे कि राष्ट्रनिर्माण के लिए संवाद, विश्वास और सहभागिता आवश्यक तत्व हैं। उनकी राजनीति में राष्ट्र सर्वोपरि था और राष्ट्र का अर्थ केवल सीमाएं नहीं बल्कि जनता, संस्कृति और मानवीय संवेदना भी थी। यही कारण है कि वे दृढ़ निर्णय लेने वाले नेता थे और करुणा से भरे कवि भी थे। प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल आज के भारत के विकास की नींव का कालखंड माना जाता है। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना ने देश को भौगोलिक रूप से जोड़ा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गाँवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा, किसान फसल बीमा योजना ने किसानों को संबल प्रदान किया, दूरसंचार क्रांति ने भारत को डिजिटल भविष्य की ओर अग्रसर किया। अटलजी जब 1996 में देश की पहली गैर कांग्रेसी सरकार के प्रधानमंत्री बने तो भारत की जनता ने महसूस किया कि लोकतंत्र की अवधारणा के अनुसार जनता के द्वारा, जनता के लिए, जनता की सरकार सही अर्थों में क्या होती है। जनता से जाना कि दीनदयाल जी और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की वैचारिक विरासत का सुशासन सही अर्थों में क्या होता है। अटल स्मृति वर्ष और 25 दिसंबर हमें यह विचार करने का अवसर देते हैं कि हम अटल जी के बताए मार्ग पर कितनी दृढ़ता से चलते हुए उनसे प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि लोकतात्रिक परंपराओं, राष्ट्रीयता, व्यक्तिगत जीवन में शुचिता, सकारात्मकता और धैर्य के साथ राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार करना है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री हैं)

## गो-आधारित प्राकृतिक खेती और सहकारिता का मेल ही ग्रामीण समृद्धि का नया मार्ग

# विकसित भारत का कृषि मॉडल: गो-आधारित प्राकृतिक खेती और स्वस्थ जीवन



राजेंद्र शुक्ल
डिप्टी सीएम

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विकास के उस मार्ग पर अग्रसर है, जहां आर्थिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सांस्कृतिक मूल्यों को समान महत्व दिया जा रहा है। गो केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादकता और पोषण सुरक्षा का आधार रही हैं। हमारे पूर्वज जानते थे कि गौवंश का संरक्षण सीधे मिट्टी के स्वास्थ्य से जुड़ा है। गोबर और गोमूत्र से भूमि को पोषण मिलता है, सूक्ष्म जीव सक्रिय होते हैं और मिट्टी पुनः जीवंत होती है। स्वस्थ मिट्टी से प्राप्त अन्न अधिक पौष्टिक, सुरक्षित और मानव शरीर के अनुकूल होता है। प्राकृतिक खेती कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति प्रधानमंत्री मोदी जी की दृष्टि में प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि तकनीक नहीं, बल्कि जीवन जीने की भारतीय पद्धति है। वे इसे किसानों की लागत घटाने, आय बढ़ाने और उन्हें बाहरी निर्भरता से मुक्त करने का सशक्त माध्यम मानते हैं। साथ ही, यह देशवासियों को रसायन-मुक्त, विषरहित भोजन उपलब्ध कराने का मार्ग है। यही कारण है कि प्राकृतिक खेती को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ा गया है।

प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके विजन सहकारिता से समृद्धि के तहत, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को संगठित किया जा रहा है एवं किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाया जा रहा है ताकि छोटे किसानों को न केवल सस्ती दरों पर प्राकृतिक खाद-बीज मिल सकें, बल्कि उनके विषमुक्त उत्पादों को उचित बाजार और लाभकारी मूल्य भी प्राप्त हो सके। गो-आधारित प्राकृतिक खेती और सहकारिता का मेल ही ग्रामीण समृद्धि का नया मार्ग है। प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का व्यावहारिक मंत्र-'एक एकड़, एक मौसम'- किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। छोटे स्तर पर प्रयोग कर किसान बिना जोखिम उठाए परिणाम देख सकता है और फिर धीरे-धीरे विस्तार कर सकता है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, आदानों की उपलब्धता और बाजार से जोड़ने के लिए मजबूत संस्थागत समर्थन दिया जा रहा है। इस संपूर्ण प्रयास में गो-सेवा का स्थान केंद्रीय है। गोवंश का संरक्षण और संवर्धन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण रोजगार और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी की इस दूरदर्शी सोच को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में प्राकृतिक खेती, गो-संवर्धन और किसान कल्याण को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि मिट्टी, किसान और उपभोक्ता-तीनों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

# फिर मिलाप : महाराष्ट्र में 20 साल बाद साथ आए ठाकरे बंधु, बीएमसी चुनाव साथ-साथ लड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महीनों से जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने 15 जनवरी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव से पहले बुधवार को अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। राज ठाकरे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि दो दल साथ रहने के लिए एकसाथ आए हैं। दोनों ने कहा कि वे 'मराठी मानुष' और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट हुए हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे दोनों चचेरे भाई हैं। उद्धव ने कहा कि उनके दादा प्रबोधनकर ठाकरे एक समाज सुधारक और लेखक थे। वह संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति थे तथा उनके पिता बाल ठाकरे व चाचा श्रीकांत, जो राज ठाकरे के पिता थे, वे भी इस आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

**शिवसेना (यूबीटी) और मनसे आए साथ**

» दोनों ने कहा कि 'मराठी मानुष' के लिए एकजुटता जरूरी

» उद्धव और राज ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया

राज बोले- मुंबई का महापौर मराठी होगा और वह हमारा होगा


संवाददाता सम्मेलन के बाद प्रसन्न मुद्रा में उद्धव और राज

### संवाददाता सम्मेलन 16 मिनट चला

उद्धव ने कहा कि दोनों पार्टियों ने नासिक नगर निगम के लिए सीट के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। अन्य नगर निकायों में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। भाजपा में जो हो रहा है उसे सहन न कर पाने वाले हमारे साथ आ सकते हैं। यह संवाददाता सम्मेलन मुश्किल से 16 मिनट चला और 2सीट बंटवारे की व्यवस्था पर घोषणा के समाप्त हो गया। सम्मेलन स्थल की पृष्ठभूमि में लगे बैनर पर अविभाजित शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर और शिवसेना (उबाठा) तथा मनसे के पार्टी चिह्न लगे थे।

### शंकाएं दूर होने तक राकांपा (शप) राकांपा के साथ गठबंधन नहीं



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि जब तक कार्यकर्ताओं की सभी शंकाएं और आशंकाएं दूर नहीं हो जातीं तब तक अजित पवार के साथ गठबंधन नहीं होगा।

### दो परिवारवादी दल हार के डर से साथ आए



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहादो परिवारवादी दल एक साथ आ गए हैं। हार के डर से उन्होंने गठबंधन कर लिया है। मुंबई की जनता राजग-भाजपा गठबंधन के तहत विकास को चुनना चाहती है। इससे साफ पता चलता है कि आगामी बीएमस) चुनावों में अपनी जमानत जब्त होने से बचाने के लिए वे एकजुट हुए हैं।

### ऐसे बता रहे जैसे रूस-यूक्रेन का गठबंधन होः फडणवीस

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनका ट्रैक रिकॉर्ड केवल भ्रष्टाचार और स्वार्थ का रहा है। उनका गठबंधन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।



मुख्यमंत्री ने मुंबई में ठाकरे बंधुओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सब फिजूल है। उन्होंने कहा कि टेलीविजन समाचार चैनल ऐसी खबरें दिखा रहे थे कि मानो यह रूस-यूक्रेन का गठबंधन हो।

### महाराष्ट्र में हम एमवीए के साथ पर एमएनएस नामंजूरः कांग्रेस

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि कांग्रेस एमवीए और इंडिया गठबंधन के साथ



खड़ी है। वडेट्टीवार ने कहा कि जब एक परिवार एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो हमें खुशी होती है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस कभी मनसे के साथ जाने की पक्षधर नहीं रही है।

---

## खबर संक्षेप

### भारत में तीन एयरलाइंस को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीन नई एयरलाइंस को मंजूरी दे दी है। शंख एयर, अल-हिंद एयर और



फ्लाई एक्सप्रेस नाम से उड्डयन सेवाओं में एंट्री की मांग करने वाली इन कंपनियों के आने से जल्द भी भारत के नागर विमानन क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ सकती है। मौजूदा दौर में तो भारत में मुख्यतः दो ही एयरलाइंस मुकाबले में हैं।

### आदमखोर तेंदुए ने 6 पर किया हमला,1 की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की बल्ह घाटी बुधवार सुबह-सुबह आदमखोर तेंदुए की दहशत



से कांप उठी। आदमखोर तेंदुए ने एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया है जबकि 5 अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सुबह एक तेंदुए ने बल्ह घाटी के तीन अलग-अलग गांवों में कई लोगों पर हमले किए।

### दंपती और 2 बच्चों समेत 5 ट्रेन से कटे

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बुधवार शाम दर्दनाक हादसा हुआ। रोजा रेलवे स्टेशन के



पास मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पार करते समय बाइक सवार लोग गरीब रथ से टकरा गए। हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा देख वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप गया। मृतकों के शव रेलवे ट्रैक पर इधर-उधर जा गिरे।

### 17 लाख की धोखाधड़ी में 5 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ विदेशी मुद्रा



विनिमय सेवाओं में सहायता के बहाने एक व्यवसायी से 17 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने में मामला दर्ज किया है। महात्मा फुले चौक पुलिस में राजेश अमृतलाल ने शिकायत की है।

---

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई फैसलों पर मुहर

# देश में हाईवे के लिए 1,97,644 करोड़ तो दिल्ली मेट्रो के लिए 12015 करोड़ आवंटित

### इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई रफ्तार देने के मकसद से सरकार ने खोला खजाना

*12.35 लाख करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की लाइफलाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने आज एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 'दिल्ली मेट्रो फेज-5 (ए)' के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए 12,015 करोड़ के भारी-भरकम बजट की स्वीकृति मिली, जो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई रफ्तार देने के मकसद से सरकार ने सड़क, रेल और पोर्ट नेटवर्क के विस्तार के लिए अपना खजाना खोला है। हाईवे के लिए 1,97,644 करोड़ की भारी-भरकम राशि मंजूर की गई है। इसके तहत 8 नेशनल हाई-स्पीड रोड प्रोजेक्ट्स (936 किमी) के साथ सीमावर्ती इलाकों और पूर्वोत्तर से लेकर बिहार (पटना-आरा-सासाराम) और दक्षिण भारत तक लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुधारा जाएगा। लॉजिस्टिक्स लागत घटाने के लिए रेलवे के 43 प्रोजेक्ट्स (1,52,583 करोड़ और पोर्ट्स व शिपिंग (1,45,945 करोड़) पर भी बड़ा निवेश किया जाएगा।

**हवाई संपर्क को भी मिलेगा बढ़ावा**

दिल्ली मेट्रो फेज-5 ए के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी


कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री वैष्णव

कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के साथ बेंगलुरु मेट्रो के दो कॉरिडोर, ठाणे रिंग मेट्रो, पुणे मेट्रो, चेन्नई मेट्रो, और लखनऊ मेट्रो से जुड़ी परियोजनाओं के लिए कुल 1,31,542 करोड़ की राशि मंजूर की है। 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी के लिए सरकार ने 28,602 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। एक करोड़ शहरी और दो करोड़ ग्रामीण घरों के लिए 5,36,137 करोड़ को हरी झंडी दी है। केंद्रीय मंडल ने 28, 432 करोड़ की हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

**400 किलोमीटर का आंकड़ा पार करेगा नेटवर्क**

इस मंजूरी से दिल्ली मेट्रो दुनिया के सबसे बड़े शहरी रेल नेटवर्क में अपनी स्थिति और मजबूत करने जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, अगले तीन वर्षों में इन नए कॉरिडोर्स के पूरा होने पर दिल्ली मेट्रो का कुल परिचालन नेटवर्क 400 किलोमीटर के आंकड़े को पार कर जाएगा। यह एक बड़ी उपलब्धि होगी, जो दिल्ली मेट्रो को लंदन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों की मेट्रो प्रणालियों के समकक्ष खड़ा करती है।

### दिल्ली मेट्रो की फेज 5 ए विस्तार योजना

- **कुल लागतः** परियोजना पर 12,015 करोड़ खर्च किए जाएंगे।
- **नया कवरेजः** मेट्रो नेटवर्क में 16 किलोमीटर की नई लाइनें जुड़ेंगी।
- **नए स्टेशनः** इस विस्तार के तहत 13 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा।
- **समय सीमाः** सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षों के भीतर इस विस्तार को पूरा करना है।

इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' (अंतिम छोर तक जुड़ाव) को मजबूत करना है।

### कनेक्टिविटी और कमर्शियल हब को मिलेगा बढ़ावा

इस विस्तार को रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया है ताकि प्रमुख आवासीय क्षेत्रों, कमर्शियल डिस्ट्रिक्ट्स और ट्रांजिट इंटरचेंज पॉइंट्स को आपस में बेहतर तरीके से जोड़ा जा सके। बिजनेस के नजरिए से देखें तो, कनेक्टिविटी बढ़ने से रियल एस्टेट और स्थानीय व्यापार को भी गति मिलने की उम्मीद है। जिन इलाकों में नए स्टेशन बनेंगे, वहां प्रॉपर्टी की कीमतों और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आना तय माना जा रहा है।

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया ऐतिहासिक

कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान केंद्रीय रेल और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो के विस्तार के संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। हम सभी जानते हैं कि दिल्ली मेट्रो ने दिल्ली के निवासियों और शहर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति के जीवन को कैसे सकारात्मक रूप से बदला है। इस विस्तार के साथ, दिल्ली मेट्रो में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। दिल्ली मेट्रो के विस्तार की यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब राजधानी में प्रदूषण और ट्रैफिक जाम एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने वाला यह कदम न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि पर्यावरण के अनुकूल शहरी विकास की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। अब सभी की निगाहें दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन पर होंगी कि वे इस महत्वाकांक्षी परियोजना को निर्धारित तीन साल की समय सीमा में कैसे पूरा करते हैं।

---

## प्रदूषण पर हाई कोर्ट ने फटकारा

# साफ हवा नहीं दे सकते तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करें

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी


दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एयर प्यूरीफायर को चिकित्सा उपकरण की श्रेणी में फिर से वर्गीकृत करने और जीएसटी 18से घटकर 5फीसदी करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। हाई कोर्ट ने दिल्ली में वायु प्रदूषण संकट से निपटने में अधिकारियों की विफलता पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के बीच एयर प्यूरीफायर पर 18 प्रतिशत की जीएसटी दर को लेकर सवाल उठाया है। कोर्ट ने कहा, अधिकारी स्वच्छ हवा उपलब्ध नहीं करा सकते, तो कम से कम वे एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम कर सकते हैं।

### जीएसटी काउंसिल को बड़ा निर्देश

हाई कोर्ट ने दिल्ली में बिगड़ती एयर क्वालिटी को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को बड़ा निर्देश जारी किया है। हाई कोर्ट ने एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने पर विचार करने के लिए जीएसटी परिषद को जल्द से जल्द बैठक करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि काउंसिल जल्द से जल्द बैठक करे और 'एयर प्यूरीफायर' जीएसटी कम करने या समाप्त करने पर विचार करे। इसे अब 26 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### » मैं 2 दिन दिल्ली में रहा और बीमार हो गया 40 फीसदी प्रदूषण के लिए हम ही जिम्मेदार

दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है और इसे स्वास्थ्य के लिए खराब बता दिया गया है। अब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी दिल्ली



के प्रदूषण को लेकर चिंता जाहिर की है और कहा है कि दिल्ली बेहद प्रदूषित है। गडकरी ने कहा कि मैं 2 दिन दिल्ली में रहा और मुझे संक्रमण हो गया। माइ आइडिया ऑफ नेशन फर्स्ट- रीडिफाइन अनएलॉयड नेशनलिज्म' नामक किताब का विमोचन करते हुए गडकरी ने कहा कि मैं परिवहन मंत्री हूं, 40 प्रतिशत प्रदूषण तो हमारे ही कारण होता है। इसकी वजह है कि जीवाश्म ईंधन, पेट्रोल-डीजल है। सुदर्शन जी कितनी बार कहते थे कि इस देश का किसान अन्न दाता नहीं ऊर्जा दाता बनेगा।

---

## दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली रेंज में रहेगी रोक

केंद्र का राज्यों को निर्देश

# गुजरात से दिल्ली तक अरावली क्षेत्र में खनन के लिए नए पट्टे पर पूर्ण प्रतिबंध

नई दिल्ली।

पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दे पर केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिए हैं। इनमें कहा गया कि अरावली क्षेत्र में खनन के नए पट्टे देने पर पूरी तरह से



प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली रेंज में अब खनन के लिए नए पट्टे की मंजूरी देने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों को पहले भी आगाह किया था। 21 दिसंबर के परामर्श में कहा गया था कि सतत खनन प्रबंधन योजना को अंतिम रूप दिए जाने तक माइनिंग के लिए कोई नई लीज नहीं दी जानी चाहिए। यह परामर्श सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जारी हुआ था। आदेश में कहा गया था कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद जब तक प्रबंधन योजना नहीं बना लेती, नई लीज नहीं दी जा सकती।

### क्षेत्रों की पहचान करना जरूरी

कहा गया है कि पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां पर खनन पर रोक लगनी चाहिए। यह उन क्षेत्रों के अतिरिक्त रहे, जहां पर केंद्र ने पहले से खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है। विभाग से एक समग्र और विज्ञान आधारित प्रबंधन योजना बनाने को कहा गया है। इस योजना को फिर सार्वजनिक किया जाएगा। इसके पर्यावरण आकलन और पारिस्थितिक क्षमता को भी देखा जाएगा।

### पहले से चल रही खदानों को मानकों का पालन करना होगा

केंद्र ने यह भी निर्देश दिया है कि जो खदानें पहले से चल रही हैं, राज्य सरकारों को पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से पालन कराना होगा और कोर्ट के आदेशों के अनुरूप काम करना होगा। खनन का सख्ती से नियमन करना होगा और इसके लिए अतिरिक्त बंदिशें लगानी होंगी ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

---

## 'मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण'




**पुस्तक का उपराष्ट्रपति ने किया विमोचन**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद प्रोफेसर (डॉ.) सिकंदर कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण' का बुधवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव, नई दिल्ली में विमोचन किया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों पर आधारित है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन रहा है।

---

राहुल ने फैसले पर उठाया सवाल

# सेंगर को जमानत मिलना शर्मनाक हम एक 'मृत समाज' बनते जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद बुधवार को कहा कि सेंगर को जमानत मिलना निराशाजनक एवं शर्मनाक है। उन्होंने यह दावा भी किया कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे, भाजपा से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी।

### फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

**राहुल से मिलने के बाद बोली पीड़िता**

### भैया ने फोन करके बुलाया था, 3 मांगें रखी

24 दिसंबर 2025 की शाम को उन्नाव रेप पीड़िता ने राहुल गांधी से 10 जनपथ बंगले पर मुलाकात की। मीटिंग में सोनिया भी मौजूद थीं। दोनों



ने उन्नाव के परिवार से वादा किया है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि उन्हें न्याय और सुरक्षा मिले। सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता और उसके परिवार ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से 3 बड़ी बातें की गुहार लगाई है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट में सेंगर के खिलाफ लड़ने के लिए एक टॉप वकील दिलाने में मदद करें। वहीं दूसरी तरफ सूत्रों ने बताया, सीबीआई ने कोर्ट के आदेशों की स्टडी की है और हाई कोर्ट के आदेशों के खिलाफ जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर करने का फैसला किया है।

---

## प्रधानमंत्री मोदी ने वीजी-जी राम जी की सराहना की

# गांवों में काम के साथ ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट (वीजी- जी राम जी ) 2025 की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कानून सिर्फ ग्रामीणों को मजदूरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे गांवों में काम के साथ-साथ स्थायी संपत्तियां बनेंगी, खेती को मजबूती मिलेगी और लंबे समय में ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी। पीएमओ के अनुसार इस कानून को बनाने से पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से बात की। विशेषज्ञों के साथ तकनीकी बैठकों और हितधारकों के साथ चर्चा भी की गई थी।

**विशेषज्ञों से भी ली थी सलाह**



### केंद्र सरकार ने पहले ही राज्यों से की थी बात

**21 दिसंबर को बना कानून**

यह बिल संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के हंगामे और विरोध के बीच 18 दिसंबर को पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 दिसंबर को मंजूरी दी, इसके बाद यह कानून बना था। यह नया कानून मनरेगा की जगह लागू किया जाएगा। पीएमओ ने एक्स पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक आर्टिकल शेयर किया।

*केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले*



### कांग्रेस नेता भ्रम फैला रहे, उन्हें कुछ पता नहीं

मंगलवार को नागौर में किसान सम्मेलन में चौहान ने कहा था कि कांग्रेस चिंतित है और योजना की आलोचना कर रही है। वह दावा कर रही है कि इससे नौकरियां छिन जाएंगी। यह कहीं बेहतर योजना है जो गांवों को पूरी तरह बदल देगी। हमने इसे कम नहीं किया बल्कि बढ़ाया है। कांग्रेस को कुछ पता नहीं, वे भ्रम फैला रहे।

**इससे ज्यादा काम मिलेगा**

सरकार ने कहा कि नए कानून में हर ग्रामीण परिवार को अब साल में 125 दिन काम देने की गारंटी होगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे गांवों में रहने वाले परिवारों को ज्यादा काम मिलेगा।



समुद्र प्रताप का चित्र

यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम

# आधुनिक हथियार व रिमोट कंट्रोल गन से लैस स्वदेशी पोत तटरक्षक बल में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक बल ने पहला स्वदेशी नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' (यार्ड 1267) अपने बेड़े में शामिल किया है। यह पोत आधुनिक हथियारों से लैस है। इन आधुनिक हथियारों में 30 मिमी सीआरएन -91 गन और दो 12.7 मिमी रिमोट कंट्रोल गन शामिल हैं। पोत में कई उन्नत तकनीक लगाई गई हैं। यह जहाज इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसमें उच्च क्षमता वाली बाहरी अग्निशमन प्रणाली भी मौजूद है।

बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह दो पोतों की परियोजना का पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना है। यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम है।

**पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना**

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'समुद्र प्रताप' के निर्माण ने आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूत किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 'समुद्र प्रताप' भारतीय तटरक्षक का सबसे बड़ा पोत है। इसे विशेष रूप से समुद्री प्रदूषण नियंत्रण और आपदा प्रतिक्रिया के लिए तैयार किया गया है। तटरक्षक बल में तैनात किए गए इस जहाज की लंबाई 114.5 मीटर और चौड़ाई 16.5 मीटर है। यह पोत भारतीय तटरक्षक का पहला जहाज है जिसमें डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम (डीपी-1) लगा है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण हैं। ऑयल फिंगर प्रिंटिंग मशीन, रासायनिक पदार्थों का पता लगाने वाला जाइरो-स्टेबलाइज्ड डिटेक्टर और प्रदूषण विश्लेषण की प्रयोगशाला सुविधा इस जहाज में शामिल हैं। भारतीय तटरक्षक बल का 'समुद्र प्रताप' गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित है।

## गाढ़े तेल को निकालेगा

साथ ही यह गाढ़े तेल से प्रदूषक निकालने के काम को भी अंजाम दे सकता है। यह जहाज समुद्र में दूषित पानी से तेल अलग करने और समुद्र में व्यापक प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाने में भी सक्षम है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही भारतीय नौसेना में 'अंजदीप' नामक एक आधुनिक एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट भी शामिल किया गया है। नौसेना को सौंपा गया यह तीसरा एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट है। यह नौसैनिक जहाज पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। सोमवार को चेन्नई में यह नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना में शामिल हुआ था।



सिले हुए पोत का दृश्य

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे फ्लैग ऑफ

# सिला हुआ पोत कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर 29 दिसंबर को निकलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का सिला हुआ प्राचीन पोत आईएनएसवी कौंडिन्य भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को फिर से जीवंत कर रहा है। पोरबंदर से मस्कट और बाली तक की यह यात्रा भारत के प्राचीन समुद्री व्यापार और नौसैनिक शक्ति की कहानी बताती है।

भारतीय नौसेना का पहला सिला हुआ पोत यानी स्टिच्ड शिप आईएनएसवी कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर इसी महिने की 29 दिसंबर को निकलेगे,यात्र की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह फ्लैग ऑफ करके करेंगे। यात्रा की शुरुआत पोरबंदर से शुरु होकर ओमान के मस्कट तक जाएगी।

जानकारी के मुताबिक आईएनएसवी कौंडिन्य एक ऐसा जहाज है जो भारती कि प्राचीन समुद्री परंपराओं की याद को ताजा रखे हुए है। यानी जब चोल साम्राज्य में नौसेना थी तो उसका स्वरुप,आकार,और लड़ाई का कैसा तरीका था, आईएनएसवी कौंडिन्य अपने यात्रा पर उन पुराने समुद्री मार्गों की याद दिलाएगी,जिसके बदौलत भारत का दबदबा हिंद महासागर में बरकरार रहने के साथ ही हिंद महासागर के दूसरे देशों के साथ यह जुड़ा रहा है।

**आईएनएसवी कौंडिन्य से दुनिया को दिखेगा भारत का समुद्री इतिहास**

### पोरबंदर से 14 दिन में मस्कट पहुंचेगा

*इन रस्सियों को देशी गोंद से जोड़ कर बनाया गया है. कभी ऐसी ही तकनीक का इस्तेमाल शिवाजी के कार्यकाल में हुआ करता था. आपको बता दे कि आईएनएसवी कौंडिन्य की यात्रा पोरबंदर से शुरु होकर चौदह दिनों के अंतराल में मस्कट पहुंचेगी। मस्कट पहुंचने के बाद आईएनएसवी कौंडिन्य का बाली भी जाने का प्लान है। मस्कट से बाली की यात्रा का मकसद दुनिया को यह दिखाने से है कि कैसे हजारों साल पहले भारत में समुद्र मार्ग के जरीए व्यापार किया जाता था। पोरबंदर से मस्कट फिर बाली की यात्रा के बाद आईएनएसवी कौंडिन्य को गुजरात के लोथल में मौजूद नेशनल मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स में रखा जाएगा आईएनएसवी कौंडिन्य का नाम दुनिया में मशहुर नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। इस यात्रा का एक मात्र मकसद पूरी दुनिया को भारत की मेरीटाइम हेरिटेज से रू-ब-रू कराने से लेकर के है।*

### पुरानी तकनीक का आइना कौंडिन्य

आईएनएसवी कौंडिन्य को पूरी तरह से पूराने तकनीक से बनाया गया है। यह जहाज प्राचीन इतिहास,के साथ ही आधुनिक समय में नौसेना की क्या तकनीक है और प्राचीन समय के नौसेना के कारीगर और वर्तमान में नौसेना के कारीगर,जिन्हे हम मेक इन इंडिया या आत्मनिर्भर भारत कहते है पूरी इतिहास को एक साथ समेटते हुए दिखाएगा। आपको बता दे कि आईएनएसवी कौंडिन्य को लकड़ी से नहीं बल्कि नारियल की रस्सी से तैयार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### आतंकी ठिकाना ध्वस्त हथियार-ग्रेनेड बरामद

**बारामूला।** उत्तरी कश्मीर में जिला बारामूला के अंतर्गत शालीबुथ करीरी इलाके में सुरक्षाबलों ने तलाशी



अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने से चार चीनी ग्रेनेड, 19 यूबीजीएल ग्रेनेड और एसाल्ट राइफल के 46 कारतूस बरामद किया है। कुलगाम के काडीपोरा इलाके में आतंकियों को देखे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। बता दे कि बारामूला जिले के शालीबुथ करीरी इलाके में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने से चार चीनी ग्रेनेड, 19 यूबीजीएल ग्रेनेड और एसाल्ट राइफल के 46 कारतूस बरामद किए।

### लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत

**अंकारा।** लीबियाई की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-



हद्दाद की मंगलवार रात तुर्किये में प्लेन क्रैश में मौत हो गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे, सभी की मौके पर ही मौत हो गई। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था।

बांग्लादेश में धमकियों का सिलसिला शुरु... यूनुस पर भारी दबाव

# एंकर को हटाओ नहीं तो चैनल फूंक देंगे, उधर हादी के भाई ने कहा हसीना जैसा करेंगे हाल

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं का सरेआम कत्ल करने के मामले में देश की अंतरिम सरकार के मुखिया यूनुस बेहद दबाव में हैं। धमकी और हिंसा के बीच बांग्लादेश में स्वतंत्र मीडिया पर खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रोथोम आलो और डेली स्टार पर हमलों के बाद अब ग्लोबल टीवी को आग लगाने की धमकी दी गई है। हेड ऑफ न्यूज नाजनीन मुन्नी को हटाने की मांग को लेकर कथित छात्र समूह ने दबाव बनाया, जिससे पत्रकारों में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है। बांग्लादेश में स्वतंत्र मीडिया पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के प्रमुख निजी टीवी चैनल ग्लोबल टीवी बांग्लादेश को आग लगाने की धमकी दी गई है। इसके बाद पत्रकार समुदाय में गहरी चिंता फैल गई है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले देश के दो बड़े अखबार प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के दफ्तरों पर भीड़ ने हमला कर आगजनी की थी।

21 दिसंबर को युवकों का एक समूह ढाका के तेजगांव इलाके में स्थित ग्लोबल टीवी के दफ्तर पहुंचा। इस समूह ने खुद को 'एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट' से जुड़ा बताया और चैनल की हेड ऑफ न्यूज नाजनीन मुन्नी को हटाने की मांग की। आरोप है कि युवकों ने चेतावनी दी कि अगर मुन्नी को पद से नहीं हटाया गया तो चैनल के दफ्तर को भी उसी तरह जला दिया जाएगा, जैसा हाल ही में प्रोथोम आलो और डेली स्टार के साथ हुआ। नाजनीन मुन्नी ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि घटना के वक्त वह दफ्तर में मौजूद नहीं थीं। उनके अनुसार, शाम करीब 8 बजे सात-आठ युवक चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हुसैन से मिले। पहले उन्होंने ग्लोबल टीवी की उस कवरेज पर आपत्ति जताई जिसमें इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत की खबर दिखाई गई थी. इसके बाद उन्होंने मुन्नी पर अवामी लीग समर्थक होने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग रखी।

**बांग्लादेश में पत्रकार नाजनीन मुन्नी को मिली धमकी**

**मुन्नी का कहना है कि हाल के महीनों में कई पत्रकारों को धमकियां मिली**



अखबारों के दफ्तर पहले जला दिए थे अब दूसरों को धमकी दे रहे। (इंसर्ट में) एंकर नाजनीन

### बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बम धमाका, एक की मौत

*बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बड़ा बम धमाका हुआ है। इस धमाके में सियाम नाम के एक युवक की भी मौत हो गई है, जो एक निजी कारखाने में काम करता था। बता दें कि धमाका बुधवार शाम को मोगबाजार स्वतंत्रता सेनानी स्मारक के सामने फ्लाईओवर के नीचे हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार बम फ्लाईओवर के ऊपर से नीचे फेंका गया था।*

*घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में घेराबंदी कर दी। हालांकि उपद्रवी बम फेंककर तुरंत फरार हो गए थे।*

### डर के कारण एक स्टाफ के सदस्य ने लिखित में भरोसा दिया

मुन्नी के अनुसार, युवकों ने मैनेजिंग डायरेक्टर से 48 घंटे के भीतर उन्हें हटाने का लिखित आश्वासन देने को कहा। जब उन्होंने इनकार किया तो समूह ने कथित तौर पर आग लगाने की धमकी दोहराई। बताया गया कि चैनल के एक स्टाफ सदस्य ने दबाव में कागज पर हस्ताक्षर कर दिए, हालांकि मैनेजिंग डायरेक्टर ने ऐसा नहीं किया। घटना के बाद चैनल प्रबंधन ने नाजनीन मुन्नी को कुछ दिनों तक दफ्तर न आने और शांत रहने की सलाह दी।

### यूनुस ने करवाई उस्मान हादी की हत्या

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इंकलाब मंच के दिवंगत प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी के भाई, शरीफ उमर हादी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए सीधे तौर पर अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर हत्या का आरोप लगाया है। उमर हादी के अनुसार, अगले साल फरवरी में होने वाले आम चुनावों को बाधित करने के उद्देश्य से उनके भाई की हत्या की गई। गौरतलब है कि 12 दिसंबर को एक रैली में गोली लगने के बाद सिंगापुर में इलाज के दौरान हादी की मौत हो गई थी।इस घटना के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बनाने की कोशिश की गई और प्रदर्शनकारियों ने भारतीय दूतावास को निशाना बनाने का प्रयास किया, जिस पर भारत ने सख्त विरोध दर्ज कराया है। इसी तनाव के बीच मैमनसिंह में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भी हत्या कर दी गई।

पड़ोसी देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अनंत मित्तल को 15 घंटे तक हिरासत में रखकर नहीं दिया खाना-पानी, वॉशरूम जाने की इजाजत भी नहीं

# चीन में अरुणाचल को भारत का अभिन्न अंग बताना ही भारतीय ब्लॉगर को पड़ गया भारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन में अरुणाचल-प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताना और राज्य की ही एक महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक का समर्थन करना 'ऑन रोड इंडियन' नामक एक भारतीय यूट्यूब ब्लॉगर अनंत मित्तल को महंगा पड़ गया।

पिछले महीने 16 नवंबर को की गई पड़ोसी देश की यात्रा के दौरान हवाई अड्डे पर चीन के अधिकारियों ने ना केवल अनंत को 15 घंटे तक हिरासत में रखा। बल्कि इस दौरान उन्हें खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं दिया। यहां तक की वॉशरूम जाने की इजाजत भी नहीं दी गई। अंत में थक-



हारकर ब्लॉगर को लगा कि उसने ही अरुणाचल को भारत का हिस्सा बताकर गलती की है। यह जानकारी अनंत मित्तल ने भारत लौटने के बाद अपने यूट्यूब चैनल पर कुछ वीडियो साझा कर दी है। जिसमें से एक में उन्होंने भारतीय दूतावास से भी मामले में संज्ञान लेने की मांग की है।

**बीते एक माह में हुआ दूसरा मामला:** यहां बता दें कि बीते करीब महीने भर के अंदर चीन से सामने आई ये दूसरी घटना है, जिसमें पड़ोसी देश के हवाईअड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने भारतीय नागरिक को रोककर प्रताड़ित किया है। पूर्व में अरुणाचल में ही जन्मी एक भारतीय महिला प्रेमा वांगजॉम थोंगडोक को लंदन से जापान जाते वक्त करीब 3 घंटे के लेओवर के दौरान शंघाई हवाईअड्डे पर 18 घंटे तक रोककर उनके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताते हुए प्रताड़ित किया गया था। देश के मीडिया में जोरशोर से ये मामला उठने के बाद यह घटना सार्वजनिक हुई और विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली और बीजिंग में चीनी दूतावासों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जिसके जवाब में चीन ने भारत के तमाम दावों को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने कई मौकों पर ड्रैगन को साफ शब्दों में ये बता दिया है कि अरुणाचल-प्रदेश उसका अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

### संबंधों को सामान्य बनाने में जुटे दोनों देश

यह तमाम घटनाएं भारत-चीन के बीच एक ऐसे दौर में सामने आ रही हैं। जब 2020 के मध्य से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर शुरू हुआ सैन्य विवाद पिछले साल अक्टूबर महीने में ही पूरी तरह से खत्म हुआ है।

### वीडियो बनाकर साझा की आपबीती

अनंत ने अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो साझा कर चीन में हुई इस घटना से जुड़ा अपना दुखद अनुभव बताया है। यह मामला पिछले महीने 16 नवंबर का है। जब वो अपने ब्लॉगिंग के काम से चीन पहुंचे थे और इस दौरान उन्होंने एक वीडियो बनाकर उसमें अरुणाचल-प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया था। जिससे नाराज चीनी अधिकारियों ने उन्हें हवाईअड्डे पर ही पकड़ लिया और कुल करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा।

पेंटागन का दावा, संबंधों को सामान्य बनाने के पीछे चीन की मंशा

# भारत संग संबंधों को सामान्य करने के पीछे चीन की गहरी चालः अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन द्वारा बीते कुछ वक्त से भारत के साथ जारी संबंधों को सामान्य बनाने की तेज कवायद पर अमेरिका की मिर्ची लग गई है यानी उसकी नजरें चीन की तरफ टेढ़ी हो गई हैं। पेंटागन (अमेरिकी वॉर डिपार्टमेंट) ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद की समाप्ति का फायदा उठाकर चीन भारत के साथ एक बार फिर से अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की जोरशोर से कोशिशें करने में लगा हुआ है।



जिसके पीछे उसकी असली और कुटिल मंशा भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंधों को गहरा होने से रोकना और भारत को कहीं न कहीं अपने ग्रुप में लाकर हिंद-प्रशांत के इलाके में अमेरिकी रणनीति को कमजोर बनाना है। हालांकि भारत चीन की इस सोच से वाकिफ है और इसे लेकर पूरी तरह सतर्क भी है। सीमाई विवाद जैसे मामलों को लेकर फिलहाल दोनों देशों के बीच पूरा तरह से भरोसा कायम नहीं हुआ है। अविश्वास की स्थिति बनी हुई है।

### भारत-चीन ने उठाए कई अहम कदम

एलएसी विवाद की समाप्ति पिछले साल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में हुई उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक के बाद हुई थी। घोषणा यहां नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की थी। अपने शीर्ष नेताओं की मंत्रणा से निकले महत्वपूर्ण निष्कर्षों और उनके मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ते हुए दोनों देश अपने आपसी संबंधों को सामान्य बनाने में लगे हुए हैं।

कंबोडिया ने आपत्ति दर्ज की

# थाई सेना ने कंबोडिया में भगवान विष्णु की 9 मी ऊंची मूर्ति तोड़ी



जेसीबी से तोड़ी गई मूर्ति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

थाईलैंड और कंबोडिया की बॉर्डर पर थाई सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक थाई सैनिकों ने बुलडोजर चलाकर मूर्ति को गिरा दिया। घटना 22 दिसंबर की बताई जा रही है। कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया। कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत के सरकारी प्रवक्ता किम चानपनहा ने कहा कि इस मूर्ति को 2014 में थाईलैंड की सीमा से करीब 100 मीटर दूर बनाया गया था।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले 6 महीने से प्रीह विहार मंदिर के इलाके को लेकर विवाद चल रहा है। जून में दोनों देशों के बीच जंग भी हुई थी। हालांकि अमेरिकी मध्यस्थता के बाद सीजफायर हो गया था। लेकिन दिसंबर में एक बार फिर विवाद भड़क गया है।

अब किस्मत से नहीं, कौशल और ऊंची सैलरी होगी एच1बी वीजा पाने की असली कुंजी

# अमेरिका ने इस संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए बदल दिया एच1बी वीजा से जुड़ा पुराना 'रैंडम लॉटरी सिस्टम'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा एक के बाद एक एच1बी वीजा में किए जा रहे बदलावों के क्रम में एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसमें अब ये वीजा किसी को केवल किस्मत के सहारे यानी पुराने रैंडम लॉटरी सिस्टम की बदौलत नहीं मिलेगा।

- **भारत की तकनीकी क्षेत्र की कंपनियों, पेशेवरों पर पड़ेगा**

बल्कि कौशल और ऊंची सैलरी (वेटेड सेलेक्शन सिस्टम) प्राथमिकता के साथ इसे पाने के अनिवार्य जमीनी मापदंड होंगे। ये नया वीजा नियम अगले साल 27 फरवरी 2026 से लागू होगा। जिसका भारत की टीसीएस के साथ-साथ



फाइल फोटो

तकनीकी क्षेत्र की दुनियाभर की कंपनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, एप्पल पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। बीते मंगलवार को अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एच1बी सिस्टम में इस बदलाव की घोषणा करते हुए बताया कि यह कवायद ट्रंप प्रशासन द्वारा वीजा कार्यक्रम को एक नए रंग-रूप के साथ आकार देने से जुड़ी हुई है। जो देश में नवाचार और उच्च कौशल वाले कर्मियों की संख्या में इजाफा करेगी। गौरतलब है कि अमेरिका ने बदलाव का ये कदम उसके द्वारा हाल ही में एच1बी और एच-4 वीजा के तमाम आवेदकों के लिए पूर्व में तय किए गए फरवरी-मार्च 2026 के साक्षात्कारों की तारीख बदलकर अगले साल की अंतिम तिमाही के पहले महीने अक्टूबर-2026 तक आगे बढ़ा दी गई है। जिससे भारत में वीजा साक्षात्कार के लिए व्यापक तैयारी किए बैठे युवा पेशेवरों से लेकर अन्य इच्छुक आवेदकों के लिए भारी संकट की स्थिति खड़ी हो गई है।

### अमेरिकी कंपनियां करती दुरुपयोग

*एच1बी वीजा के मौजूदा पंजीकरण सिस्टम को बदलने के पीछे अमेरिकी प्रशासन का तर्क ये है कि उसे इस संबंध में कुछ ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि इस वीजा का अमेरिका में मौजूद कंपनियों के नियोक्ताओं द्वारा गलत इस्तेमाल किया जा रहा था। जो कम वेतन पर विदेशी कर्मियों को आयात कर रही थी,अमेरिका की नागरिकता और अप्रवासन सेवाओं के प्रवक्ता मैथ्यू ट्रैगेसर ने बताया कि पुराने लॉटरी सिस्टम का गलत इस्तेमाल कुछ इस तरह से हो रहा था कि उसमें कम वेतन वाली नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले लोग भी आसानी से एच1बी हासिल कर लेते थे।*

### ट्रंप ने फीस बढ़ाकर की 1 लाख डॉलर

इस साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच1बी वीजा की सालाना फीस को कई गुना बढ़ाने की घोषणा करते हुए इसे 1 लाख डॉलर तक पहुंचा दिया था। जिसे न्यायालय में चुनौती भी दी गई है। इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने 1 मिलियन डॉलर का गोल्ड कार्ड भी जारी किया है और उसे अमेरिका की स्थायी नागरिकता पाने का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग बताया है। प्रशासन द्वारा किए गए अन्य बदलावों में कंपनी के नियोक्ता को प्रति एच1बी वीजा के लिए अतिरिक्त 1 लाख डॉलर का भुगतान करने का नियम भी शामिल है।

# 16 साल की लड़की से छेड़छाड़ के बाद की आगजनी... पुलिस को उज्जैन के ऑटो ड्राइवर के मोबाइल में मिले 20 महिलाओं के अपत्तिजनक वीडियो

मुस्लिम ड्राइवरों को हटाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया, कुछ दुकानों में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन के महिदपुर रोड क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ के मामले में ऑटो चालक जुबेर मंसूरी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। उन्होंने पिटाई करने के बाद जुबेर को पुलिस के हवाले कर दिया। फिर स्कूल वाहनों से मुस्लिम ड्राइवरों को हटाने की मांग में प्रदर्शन किया। कुछ दुकानों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी लंबे समय से नाबालिग को कोचिंग छोड़ने और लाने का काम करता था। पुलिस को आरोपी के मोबाइल फोन से कुछ संदिग्ध वीडियो मिले हैं, इनकी जांच की जा रही है। बजरंग दल के पदाधिकारियों का दावा है कि मोबाइल में 20 महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं, जिनमें 12 महिलाएं महिदपुर की और 8 आसपास की हैं।

### कार्यकर्ता बोले- स्कूल वाहनों से मुस्लिम ड्राइवरों को हटाएं

बुधवार सुबह से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महिदपुर रोड को जाम कर दिया। कार्यकर्ता आरोपी का जुलूस निकालने और उसका घर तोड़ने की मांग कर रहे थे। इस दौरान जिन दुकानदारों ने दुकानें खोलीं तो कुछ कार्यकर्ताओं ने उनकी दुकानों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने स्कूल वाहनों में मुस्लिम ड्राइवरों को हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी भी की, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

### पुलिस ने दर्ज किया केस, आरोपी गिरफ्तार

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम और बरामद वीडियो की गंभीरता से जांच कर रही है। फिलहाल, क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन सतर्कता बनाए हुए है। लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए पुलिस ने आरोपी का जुलूस भी निकाला।

## निशातपुरा में घर में अकेली नव विवाहिता से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म शोर करने पर पहुंचा भांजा तो भागा बदमाश, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



निशातपुरा थाना क्षेत्र में 20 साल की नवविवाहिता से पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी सुई और धागा मांगने के बहाने से महिला के घर पहुंचा था और उसे अकेला देखकर उससे दुष्कर्म किया। महिला ने शोर मचाया तो उसका भांजा पहुंच गया। उसे देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 20 साल की युवती ब्यावरा, जिला राजगढ़ की रहने वाली है। उसकी शादी निशातपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक से हुई है। महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम को घर में अकेली थी। तभी पड़ोस में रहने वाला 44 वर्षीय भाऊ सिंह उसके घर पहुंचा। आरोपी ने उससे सुई और धागा मांगा, महिला इसे लेने के लिए घर के अंदर स्थित एक कमरे में गई। आरोपी भी पीछे-पीछे वहीं पहुंच गया। उसने महिला के साथ डरा और धमकाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शोर मचाया। इसी बीच महिला का भांजा घर पहुंच गया। जिसे देखकर आरोपी वहां से भाग निकला, जिसके बाद पीड़िता ने शिकायत थाने में पहुंचकर की।

## खबर संक्षेप



### पचौरी ने की नवनियुक्त नितिन नीबिन से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** नई दिल्ली में बुधवार को भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नीबिन से पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने कार्यकाल के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### रक्तदान एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



**मंडीदीप।** प्लेजर ग्रुप एवं स्व. श्री जगदीश वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 10वां रक्तदान एवं नेत्र परीक्षण शिविर बुधवार को नगर पालिका, मंगल बाजार में आयोजित किया गया। भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल के सहयोग से शिविर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें लगभग 100 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 135 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान एवं जीवन चौकसे ने विधिवत गणेश पूजन कर किया।

### सरदार मंजीत सिंह का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता सरदार मंजीत सिंह का बुधवार को जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। सरदार मंजीत सिंह ने सुबह गुरुद्वारे में माथा टेका एवं आशीर्वाद लिया। राजेश दीक्षित, पवनजोत सिंह, लखविंदर सिंह, जगजीत सिंह, मनोज चौरसिया, आशीष दीक्षित, नीरज चावला आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।

### बाइक फिसलने से घायल युवक की मौत

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर के पास गत दिनों बाइक फिसलने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आयुष कुशवाह पिता राजीव कुशवाह (21) बरखेड़ी, जहांगीराबाद में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 21 दिसंबर को वह बाइक से हबीबगंज आया था। इस दौरान गणेश मंदिर के पास उसकी बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने से उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 7238 | | |
| दिनः | 366 | 53 | 229 |
| रातः | 379 | 92 | 499 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 568 | 90 | 578 |
| रातः | 238 | 39 | 469 |

## इंदौर में साइबर फ्राड के मामलों में दर्ज की एफआईआर

# लसूड़िया में रिटायर्ड बैंक मैनेजर हुए डिजिटल अरेस्ट, हीरानगर में व्यापारी को बनाया निशाना

*व्हाट्सएप पर कॉल आया साथ ही कुछ तस्वीरें और दस्तावेज भी भेजे*

*कॉलर ने बताया कि रवि कुमार पर 20 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग फ्रॉड का आरोप है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के थानों में मंगलवार देर रात साइबर फ्रॉड के मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। साइबर सेल से मिली जानकारी के बाद संबंधित थानों में आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इन मामलों में रिटायर्ड बैंक मैनेजर सहित व्यापारी भी ठगी का शिकार हुए हैं। लसूडिया पुलिस ने 76 वर्षीय रवि कुमार कामरा निवासी स्कीम नंबर-94 की शिकायत पर अकाउंट होल्डर चंद्रकांत जेनावटी के खिलाफ 5 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। रवि कुमार बैंक मैनेजर पद से रिटायर्ड हैं। 17 नवंबर 2025 को उन्हें व्हाट्सएप पर कॉल आया और पहले व्हाट्सएप चेक करने को कहा गया। इसमें कुछ तस्वीरें और दस्तावेज थे, जिनमें जेट एयरवेज के चेयरमैन नरेश गोयल की फोटो थी। कॉलर ने बताया कि गोयल ईडी जांच में आरोपी हैं और रवि कुमार पर उनके साथ मिलकर 20 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग फ्रॉड का आरोप है। कॉलर ने गिरफ्तारी वारंट निकलने और मुंबई के केनरा बैंक से लेन-देन होने की बात कही। इसके बाद डराकर 5 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। बाद में बैंक अधिकारियों द्वारा परिवार को जानकारी देने पर डिजिटल अरेस्ट ठगी का खुलासा हुआ। इसके बाद साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई गई।

### ट्रेडिंग के नाम पर 7.13 लाख की ठगी

हीरानगर थाना पुलिस ने शरद कुमार मिश्रा निवासी श्याम नगर की शिकायत पर कार्रवाई की है। शरद पेशे से व्यापारी हैं। नवंबर 2025 में उनका टेलीग्राम के माध्यम से कुछ लोगों से संपर्क हुआ। उन्होंने खुद को सेबी रजिस्टर्ड कंपनी बताया और ट्रेडिंग का झांसा दिया। शरद को बेस्ट ब्राइट डाट काम के नाम की साइट को अमेरिकी कंपनी बताया गया। पहले 10 हजार रुपए निवेश करने पर 12 हजार रुपए का मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद अलग-अलग चरणों में लाखों रुपए निवेश करवा लिए गए। शंका होने पर कंपनी का पता पूछा गया, जो हरियाणा का निकला। इंटरनेट पर जांच करने पर फजीवाड़े का पता चला। इसके बाद 12 दिसंबर को साइबर ऑफिस रीगल में शिकायत की गई।

## नीमच पुलिस की बड़ी सफलता, बुजुर्ग दंपत्ति को 60 लाख रुपए के नुकसान से बचाया

### पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट से मुक्त कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नीमच में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए न केवल बुजुर्ग दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट से मुक्त कराया बल्कि 60 लाख रुपए का नुकसान होने से भी बचा लिया। शातिर ठग दिल्ली पुलिस कमिश्नर बनकर उन्हें झूठे मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर करीब 15 दिनों से परेशान कर रहे थे। साइबर सेल से मिली जानकारी के अनुसार, विकास नगर निवासी एक बुजुर्ग दंपत्ति को ठग खुद को दिल्ली पुलिस कमिश्नर बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट में होने का डर दिखा रहे थे। मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर भयभीत कर दिया गया था। डर के चलते दंपत्ति ने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी के रूप में रखी करीब 60 लाख रुपए की एफडी तुड़वा ली थी और ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर करने ही वाले थे। इसी दौरान इंदौर क्राइम ब्रांच से मिली सूचना के आधार पर नीमच साइबर सेल प्रभारी प्रदीप शिंदे अपनी टीम के साथ दंपत्ति के घर पहुंच गए।

### बुरी तरह डर गए थे बुजुर्ग दंपत्ति

शातिर ठग की बातों में आकर बुजुर्ग दंपत्ति इस कदर डरे हुए थे कि जब असली पुलिस उनके घर पहुंची तब भी वो कुछ बताने को तैयार नहीं थे। इस पर साइबर सेल टीम ने लगभग दो घंटे तक काउंसलिंग कर उन्हें भरोसे में लिया और समझाया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई प्रक्रिया नहीं है। एसपी अंकित जायसवाल ने दंपत्ति से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया, उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि सीबीआई, ईडी या पुलिस कभी भी वीडियो कॉल के जरिए पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं करती। किसी भी अनजान कॉल, धमकी या डराने वाले संदेश से घबराकर अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी या निजी विवरण साझा न करें।

## गुलाबी नगर फेस-टू में बदमाशों ने की वारदात

# शेयर मार्केट ट्रेडर के घर का ताला तोड़कर जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गुलाबी नगर फेस-टू में शेयर ट्रेडर के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश पुराने जेवरात चुराकर ले गए। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार विष्णु पारीक (32) मकान नंबर-एफ/06 गुलाबी नगर फेस टू बागसेवनिया में रहते हैं और शेयर मार्केट मे ट्रेडर का काम करते हैं। गत 30 नवंबर को उनकी पत्नी आयुषी तिवारी अपने मायके गई हुई हैं। 17 दिसंबर की दोपहर करीब 12 बजे वह घर से बीमार रिश्तेदार को देखने देवास चले गए। दो दिन बाद 23 दिसंबर की दोपहर करीब ढाई बजे घर पहुंचे। इस दौरान घर के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर के भी सभी दरवाजे के ताले खुले पड़े थे। साथ ही अलमारी खुली हुई थी।

अज्ञात बदमाश घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलामारी की चाबी से लॉकर खोलकर जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश उनकी पत्नी के तीन जोड़ बिछिया, दो जोड़ पायल, एक मांग का टीका और मां की एक जोड़ झुमकी, दो अंगूठियाँ, एक पुराना मांग का टीका, चांदी की चूड़ी सहित एक जोड़ पैर का कड़ा चुराकर ले गए हैं। चोरी गए सामान के बिल उन्होंने पुलिस को नहीं सौंपा हैं, इससे कुल कीमत का अनुमान नहीं लगाया जा सका।

### ऑफिस से एक लाख दस हजार के उपकरण चोरी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस जिओ ऑफिस से अज्ञात बदमाश ने एसी आउटडोर यूनिट ओडीयू मोटर कंप्रेशर, फेन ब्लैड 3, कॉपर वायर सहित एक लाख दस हजार रुपए के उपकरण चोरी कर लिए। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात चोर पर चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पंकज खरे पिता आरडी खरे (46) बागमुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स में रहते हैं और रिलायंस जियो कंपनी में फाइनेंस मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रिलायंस जिओ ऑफिस जो कि अर्निंग पाइंट, मंदाकिनी चौराहा कोलार रोड पर है। 23 दिसंबर की सुबह मैकेनिक ने ऑफिस चेक किया। इस दौरान एसी के आउटडोर यूनिट, एसी के 3 आउटडोर यूनिट और कॉपर वायर कम मिले। ऑफिस सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहता है और दिन के समय गार्ड एवं ऑफिस बाय द्वारा निगरानी रखी जाती है। इस समय चोरी होना संभव नहीं है। शाम 7 बजे ऑफिस बंद हो जाता है और कंपनी द्वारा रात में गार्ड की व्यवस्था नहीं है। अनुमान है कि रात में ही किसी ने उपकरण चोरी किए है।



किसान नेता, हम्माल और व्यापारी तहसीलदार और मंडी सचिव से चर्चा करते हुए।

## तीसरे दिन भी बंद रही औबेदुल्लागंज कृषि मंडी

# तहसीलदार सरवटे ने हम्मालों और किसानों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कृषि उपज मंडी बुधवार को तीसरे दिन भी बंद रही। भारसाधक अधिकारी तहसीलदार निलेश सरवटे एवं मंडी सचिव कैलाश चंद्र बामलिया ने 2 घंटे तक कृषि उपज मंडी कार्यालय में हम्मालों से बात की। इस दौरान किसान नेताओं और व्यापारियों से भी बात की, लेकिन नतीजा नहीं निकला। हम्माल और किसान अपनी बातों पर अड़े रहे। किसान नेता डॉ. नंदू नागर, हरजीत सिंह मंगू, परेश नागर, उमेश नागर, सचिन यादव, राजू मेहरा, उत्तम नागर, दशरथ सिंह गुर्जर, बन्ने सिंह परमार एवं हम्मालों ने भी चर्चा के दौरान उपस्थित थे।

## ग्राम निपानिया सूखा में जागरुकता सत्र का आयोजन

# विद्यार्थियों को असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान करने के दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वीमेन ने उन्नत भारत अभियान के तहत भोपाल के समीप गोद लिए गए 5 गावों में समाज कल्याण की गतिविधियां जैसे नेत्र चिकित्सा शिविर, स्वच्छता अभियान, गर्म कपड़ों का वितरण, कॉमिक फॉर चेंज आदि का निरंतर संचालन किया जाता है।

उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली के सहयोग से यह एक विशेष अभियान है। इसी श्रृंखला में संस्थान ने ग्राम निपानिया सूखा स्थित शासकीय विद्यालय में बाल यौन शोषण से संरक्षण अधिनियम पोक्सो विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों ने बाल संरक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं निवारक जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला तथा उक्त विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया। संवादात्मक सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान, रिपोर्टिंग एवं उचित प्रतिक्रिया के लिए सशक्त बनाने की टिप्स दिए।

## शासकीय स्कूलों के परिणामों में वृद्धि के लिए कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश

# रायसेन जिले के शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक और सह संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिले के समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्रचार्यों की समीक्षा बैठक सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



बैठक में पहुंचे जिले भर के शासकीय स्कूलों के प्राचार्य।

बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने शासकीय स्कूलों की बोर्ड परीक्षा परिणामों में वृद्धि एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्राचार्यों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए चरणबद्ध रूप से प्रयास करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जिले के 45 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से परीक्षा परिणाम कम आने का कारण पूछते हुए इस वर्ष परीक्षा परिणाम सुधारने की कार्ययोजना की जानकारी ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक द्वारा समेकित छात्रवृत्ति योजना, सीएम हेल्पलाईन आदि को गंभीरता से समयावधि में पूर्ण करने को कहा। बैठक में सहायक संचालक मोनिका पटेल, प्राचार्य डाइट विजय कुमार नेमा, डीपीसी पीके रैकवार, सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## देश में बड़े पैमाने पर हिंदुओं को जातियों में बांटने की चल रही साजिशः मीना

# गुदावल के मां कंकाली माता मंदिर परिसर में आयोजित हुआ क्षेत्र का सबसे बड़ा हिंदू सम्मेलन, 20 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

रायसेन जिले के गुदावल गांव स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक मां कंकाली माता मंदिर प्रांगण में बुधवार को विशाल एवं भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आसपास के लगभग 55 से 60 गांवों से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु एवं हिन्दू समाज के लोग एकत्रित हुए, जो क्षेत्र के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा हिन्दू आयोजन माना जा रहा है।



मां कंकाली माता मंदिर प्रांगण में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसमुदाय।

सकल हिन्दू समाज के सामूहिक प्रयासों से आयोजित इस सम्मेलन को लेकर पूरे क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था। सम्मेलन की संपर्क टोली के सदस्य संजय मीना (उमरावगंज) ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र का सबसे बड़ा हिन्दू सम्मेलन साबित हुआ है। सभी समाजों में विशेष उत्साह और सहभागिता के कारण आयोजन स्थल पर 20 हजार से अधिक लोग उपस्थित हुए। यह आयोजन किसी एक व्यक्ति या संस्था का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज के सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साधु-संतों के प्रवचन, भक्ति भजन तथा समाज के वरिष्ठजनों के प्रेरणादायी उद्बोधन हुए। वक्ताओं ने संगठित हिन्दू समाज की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि देश में बड़े पैमाने पर हिन्दुओं को जातियों में बांटने की साजिश चल रही है। यदि हिन्दू जात-पात में बंट जाएंगे तो संगठित नहीं रह पाएंगे और भारत विरोधी ताकतें मजबूत हो जाएंगी। इसलिए हिंदुओं को जातिगत भेदभाव मिटाते हुए एकजुट होना चाहिए तथा जागरूकता के साथ राष्ट्र एवं हिन्दू विरोधी शक्तियों को पहचानकर उनके मंसूबों को नाकाम करना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### विधायक पटवा ने की कंकाली माता की आरती

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने बुधवार को रायसेन जिले के गुदावल स्थित मां कंकाली माता के मंदिर में पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ दर्शन कर आरती की। इस अवसर पर जयंत डागा, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष ओपी मीणा, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने भी पटवा के साथ आरती की।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पूजा कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पत्नी के बगल में बेड पर सोया था। रात करीब डेढ़ बजे उसके शरीर में हलचल नहीं हुई तो पत्नी देवर के साथ उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंची, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में पता चला कि अभिषेक कुशवाह पिता स्वर्गीय जगदीश कुशवाह (22) का कैंसर का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। अनुमान है कि ठंड अधिक होने के कारण उसे कार्डियक अटैक आया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

■ देर रात शरीर में नहीं हुई हलचल, पत्नी लेकर पहुंची अस्पताल तो हो चुकी थी मौत

# 34.42 लाख किसानों को 21 हजार 493 करोड़ का ऋण वितरित, किसानों को घर-घर पहुंचाएंगे खाद

## सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने बताई विभाग की उपलब्धियां और योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार की परिकल्पना जहां केंद्र और राज्य एक साझा लक्ष्य, साझा गति और साझा परिणाम के साथ काम करते हैं, आज मध्यप्रदेश में जमीन पर साकार रूप ले रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्षम नेतृत्व में मप्र ने बीते दो वर्षों में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को अपेक्स बैंक समन्वय भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। मंत्री सारंग ने सहकारिता विभाग की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि सहकारिता सरकार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 34.42 लाख किसानों को 21,493 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया। जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 1,550 करोड़ रुपए अधिक है। वर्ष 2025-26 के लिए राज्य शासन द्वारा 694 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नवीन पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से किसानों को पारदर्शी और तकनीक आधारित सेवाएं दी जा रही हैं।

### युवा सशक्तिकरण और किसान-ग्रामीणों के लिए सहकारी क्रांति ले रही साकार रूप


जानकारी देते मंत्री सारंग।

#### युवा सहभागिता एवं रोजगारोन्मुख सहकारिता

सारंग ने बताया कि आगामी वर्षों में सहकारिता के विस्तार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में युवाओं की सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों के उपयोग से छोटे उद्योग, खेल, पर्यटन और व्यायाम आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

#### विदिशा, शाजापुर, जबलपुर में घर-घर खाद पहुंचाने शुरू होगी योजना

मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि मध्य प्रदेश में अब जल्द ही किसानों को घर बैठे गैस सिलेंडर की तरह खाद भी मिलेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत तीन जिलों विदिशा, शाजापुर और जबलपुर को चुना है। सारंग ने बताया कि यह योजना किसानों को खेती के लिए आवश्यक खाद आसानी से उपलब्ध कराने और उनकी फसलों को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

### मोहन सरकार के नेतृत्व में खेल व सहकारिता में हुई अभूतपूर्व प्रगति

#### 'एमपी चीता ब्रॉण्ड बीज' देश भर में मप्र का नाम करेगा रोशन : मंत्री विश्वास

*सहकारिता मंत्री सारंग ने बताया कि मोहन सरकार बीज की दिशा में काम कर रही है। बीज संघ को उन्नत स्तर पर पहुंचाने का प्रयास है। बीज संघ के माध्यम से 'एमपी चीता ब्रॉण्ड बीज' के नाम से नया ब्रॉण्ड लांच किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से चीता बीज का वितरण किया जाएगा। 'एमपी चीता ब्रॉण्ड बीज' देश भर आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेगा।*

#### डिफॉल्टर किसानों के लिए ओटीएस की योजना

*सारंग ने कहा कि कमजोर जिला सहकारी बैंकों को आर्थिक सहायता देकर 0 प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। डिफॉल्टर किसानों को मुख्यधारा में एकमुश्त समझौता योजना तथा आर्थिक अनियमितताओं से प्रभावित किसानों को जांच अवधि में राहत देने की व्यवस्था के लिए ओटीएस न्याय योजना प्रस्तावित है।*

## राजस्व मंत्री वर्मा ने बताई विभाग की उपलब्धियां

# जमीनों के पंद्रह करोड़ दस्तावेज किए डिजिटल, डायवर्जन आसान


विभाग की उपलब्धियां बताते मंत्री वर्मा।

तहसील में जमीनों के रिकार्ड को डिजिटल किया गया है, जिससे दस्तावेजों के मिलान में दिक्कत खत्म हो गई है। प्रदेश में अब तक जमीनों से जुड़े 15 करोड़ दस्तावेजों को डिजिटाइज्ड किया गया है। इधर खेती की जमीन पर आवासीय और व्यवसायिक डायवर्जन कराने की प्रक्रिया को आसान किया जाएगा, जिससे आम लोगों को आसानी होगी।

यह बात बुधवार को राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कही। राजस्व मंत्री ने बताया कि तहसीलों में चल रहे प्रकरणों को टाइम लिमिट में निपटाने के लिए न्यायिक और गैर-न्यायिक कामों के लिए अलग-अलग अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर तहसील में 29 फरवरी 2024 से नामांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस कर दी गई है। अब 20 दिनों के अंदर नामांतरण कर आदेश वाट्सएप एवं ई-मेल से उपलब्ध कराया जा रहा है। साइबर तहसील के माध्यम से अब तक 6 लाख 26 हजार से अधिक नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया है, आंशिक खसरा प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 8 लाख लोगों को फायदा मिलेगा। मंत्री ने बताया कि गांवों में रहने वाले लोगों को भू-अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं। अब तक 39 लाख 60 हजार से अधिक लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र दिए गए हैं। इस तरह प्रदेश में योजना का 94 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। मंत्री ने कहा कि ड्रोन और जियो फेंस तकनीक से फसल गिरदावरी कराई जा रही है। जिससे किसानों को वास्तविक नुकसान का लाभ समय पर मिल सकेगा। वर्ष 2025-26 में अब तक बाढ़ से प्रभावित लोगों को 2 हजार 68 करोड़ 99 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है।

# 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों एवं दिव्यांगजनों सहित लगभग 15 लाख हितग्राहियों को ई-केवाईसी से छूट

## खाद्य मंत्री राजपूत बोले, दो वर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पारदर्शिता और तकनीक पर फोकस

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ई-केवाईसी प्रक्रिया में काफी प्रगति हुई है। दो वर्ष में लगभग 1 करोड़ 70 लाख से अधिक हितग्राहियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है। अब तक 4 करोड़ 97 लाख हितग्राहियों के ई-केवाईसी कराए जा चुके हैं। इस तरह से अब तक लगभग 93 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण हो चुके हैं। बायोमीट्रिक के साथ-साथ फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से भी ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों एवं दिव्यांगजनों सहित लगभग 15 लाख हितग्राहियों को ई-केवाईसी से छूट प्रदान की गई है। साथ ही 14 लाख नए पात्र हितग्राहियों को जोड़कर पात्रता पर्ची जारी की गई है। खाद्य मंत्री राजपूत बुधवार को होटल पलाश में विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, उपभोक्ता संरक्षण, किसान हित तथा गैस आपूर्ति के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की गई हैं। विभाग की ओर से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है।


विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते मंत्री राजपूत।

### 22 हजार 800 करोड़ रुपए मूल्य का निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया

खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रदेश के 5 करोड़ 25 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 22 हजार 800 करोड़ रुपए मूल्य का निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया। राशन वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम लागू किया गया।

### वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना में निःशुल्क राशन

खाद्य मंत्री राजपूत ने पत्रकारों को बताया कि वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के तहत हर महीने औसतन 39 हजार परिवार अन्य राज्यों में तथा लगभग 6 हजार परिवार अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में निःशुल्क राशन प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा लगभग 16 लाख परिवार प्रतिमाह अंतर-जिला पोर्टेबिलिटी का लाभ ले रहे हैं। वहीं जनजाति एवं पहुंचविहीन 89 गांवों में आपका राशन आपके द्वार योजना के माध्यम से घर-घर राशन पहुंचाया जा रहा है। राज्य स्तरीय कंट्रोल कमांड सेंटर से निगरानी भी की जा रही है। एलपीजी आपूर्ति के क्षेत्र में उज्ज्वला एवं गैर-उज्ज्वला योजनाओं में प्रदेश की बहनों की 6 करोड़ 17 लाख गैस रिफिल कराई गईं।

### वेयरहाउसिंग को सुदृढ़ करने तीन एप विकसित

मंत्री राजपूत ने बताया कि वेयरहाउसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से नमी मापक, फ्यूमिगेशन एवं निरीक्षण से संबंधित तीन मोबाइल ऐप विकसित किए गए हैं, जिससे अनाज भंडारण की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं धान की खरीदी की गई। लगभग 28 लाख किसानों से फसल खरीदी कर 51 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। गेहूं की खरीदी में 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. मालवीय के जन्मोत्सव में की सहभागिता

# अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में महामना पं. मदनमोहन मालवीय ने राष्ट्र को दी दिशा



भिण्ड जिले के ग्राम टोला (रावतपुरा सरकार) में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत की आजादी के कालखंड में राष्ट्र एवं समाज की जड़ों से जुड़ने के लिए पं. मदनमोहन मालवीय की ओर से किए गए कार्य अद्भुत हैं। उन्हें महामना की उपाधि मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भिण्ड जिले के ग्राम टोला (रावतपुरा सरकार) में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महामना पं. मालवीय ने अंग्रेजों के विरुद्ध लंबे संघर्ष में राष्ट्र को एक दिशा प्रदान की।

महामना ने राष्ट्र के उत्थान के लिए गंगा के किनारे विश्वविद्यालय की स्थापना कर पवित्र कार्य किया। इसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय भ्रमण कर राशि भी जुटाई थी। आज बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य एवं विधार्थी दुनिया में ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार रावतपुरा विश्वविद्यालय में भी विद्यार्थियों को नीति और संस्कार आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है।

### सरकार ने किया विरासत का संरक्षण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने विरासत का संरक्षण करते हुए विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरु का नाम दिया है। गुरु हमारे लिए अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। भारत ने अपने ज्ञान के आधार पर विश्व गुरु के रूप में दुनिया को दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रावतपुरा सरकार दरबार में आज भगवान भोलेनाथ और महावीर बजरंगबली के भव्य-दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला है। ईश्वर की कृपा से ही जीवन में साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में संत रावतपुरा सरकार ने कहा कि महामना पंडित मालवीय की प्रेरणा से हमारी संस्था शिक्षा और सेवा के कार्यों में निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, डॉ. महेंद्र सिंह, पूर्व सांसद अशोक अर्गल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।*

## कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# सात दिन में एम्स में व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो पोतेंगे कालिख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के एम्स में डॉक्टरों का मरीजों को नहीं मिलना, महिला चिकित्सकों की सुरक्षा, मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न, अवैध निजी प्रैक्टिस और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने एम्स का घेराव कर प्रदर्शन किया। मप्र कांग्रेस कमेटी के झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष निकेश ईश्वर सिंह चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एम्स में मरीजों को समय पर इलाज न मिलने के आरोप लगाए।

चौहान ने एम्स निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि संस्थान में कार्यरत महिला डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर ग्रहण लग चुका है।

डॉ. मोहम्मद यूनुस द्वारा की गई कथित प्रताड़ना के चलते 12 दिसंबर को डॉ. रश्मि वर्मा ने एनेस्थीसिया की ओवरडोज लेकर आत्महत्या का प्रयास किया। चौहान ने चेतावनी दी है कि अगर सात में एम्स की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता एम्स अधिकारियों के मुंह पर कालिख पोतेंगे।


ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता।

### 10 हजार में लग रही गार्ड की नौकरी: शर्मा

*प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि एम्स भोपाल में लगातार व्यवस्थाएं बिगड़ती जा रही हैं। शर्मा ने कहा कि एम्स में सिक्योरिटी एजेंसी 10 हजार रुपए लेकर गार्ड की नौकरी लगवा रही है। डॉ. अटलानी के बारे में जानकारी है कि वे प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। इसके अलावा भी कई तरह की गड़बड़ियां एम्स में चल रही हैं। जिनमें सुधार के लिए ज्ञापन दिया गया है। यदि सुधार नहीं होता है तो अगली बार एम्स के अंदर घुस कर आंदोलन किया जाएगा।*

## डीपीसी बैठक के एक माह बाद नोटिफिकेशन जारी

# 4 एसपीएस को मिला आईपीएस कैडर अवॉर्ड विक्रांत, सुरेंद्र, आशीष और राजेश बने आईपीएस

**अधिकारी एक साल के लिए परिवीक्षा अवधि में रहेंगे**

**21 नवंबर को डीपीसी की बैठक आयोजित की गई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा के चार अधिकारियों को आईपीएस कैडर अवॉर्ड मिला है। ये सभी अधिकारी 2024 की डीपीसी में पदोन्नत किए गए हैं और भारतीय पुलिस सेवा के लिए चयनित हुए हैं। इस आदेश में विक्रांत मुरब, सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी को आईपीएस अवॉर्ड दिया गया है।

गृह मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि मध्यप्रदेश के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी विक्रांत मुरब, सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी को आईपीएस अवॉर्ड किया जा रहा है। ये चारों अधिकारी एक साल के लिए परिवीक्षा अवधि में रहेंगे। राज्य पुलिस सेवा के 1997 और 1998 बैच के इन अफसरों को आईपीएस पद पर प्रमोट करने के लिए 21 नवंबर को डीपीसी की बैठक हुई थी। विक्रांत मुरब राज्य पुलिस सेवा के 1997 बैच के अधिकारी हैं, जबकि सुरेंद्र कुमार जैन, आशीष खरे और राजेश रघुवंशी 1998 बैच के अधिकारी हैं। डीपीसी बैठक के एक माह बाद बुधवार को नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इससे पहले भी 12 सितंबर को इन पदों के लिए डीपीसी की बैठक हुई थी, लेकिन नोटिफिकेशन जारी होने में देरी और प्रशासनिक कारणों से उसे रद्द कर दिया गया था। इसके बाद 21 नवंबर को समिति की फिर से बैठक बुलाकर अंतिम निर्णय लिया गया। वरिष्ठता सूची में सबसे ऊपर सीताराम ससत्या और अमृत मीणा का नाम था।


आशीष खरे | राजेश रघुवंशी | सुरेंद्र कुमार जैन

### जाति प्रमाण पत्र को लेकर अमृत मीणा का मामला अटका

अमृत मीणा के जाति प्रमाण पत्र को लेकर आपत्ति के बाद प्रमोशन अटका हुआ है, वहीं विभागीय जांच के चलते प्रमोशन से वंचित हो गए हैं। डीपीसी के लिए 15 नामों पर विचार किया गया था। इनमें निमिषा पांडेय, राजेश कुमार मिश्रा, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा पाठक सोनी, सुमन गुर्जर, सव्यसाची सर्राफ, समर वर्मा और सत्येंद्र सिंह तोमर के नाम शामिल हैं।

---

## देश के अद्वितीय नायकः भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के लिए सर्वोपरि था राष्ट्र

# अटलजी ने राष्ट्र को सशक्त बनाने और जनता की खुशहाली के लिए समर्पित किया संपूर्ण जीवन


डॉ. नितेश शर्मा
प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा
मध्यप्रदेश

**अटलजी का स्मरण**

अटलजी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था, बाकी सब का कोई महत्त्व नहीं था। भारत प्रथम, यह मंत्र वाक्य उनके जीवन का ध्येय था। उनकी सोच में राष्ट्र प्रथम था। देश की अस्मिता व गरिमा का भाव उनके रग-रग में समाहित था। हर परिस्थिति में, चाहे वह विपरीत भी क्यों न हो, ओजस्विता और तेजस्विता उनके मुख मंडल पर झलकती थी। पोखरण देश के लिए जरूरी था तो उन्होंने चिंता नहीं कि प्रतिबंधों और आलोचनाओं की, क्योंकि उनके लिए देश प्रथम था। जब सुपर कंप्यूटर नहीं मिले, क्रायोजेनिक इंजन नहीं मिले तो उन्होंने परवाह नहीं की। बल्कि उन्होंने तय किया कि हम खुद भारत में बनाएंगे। वैज्ञानिक कुशलता के बल पर असंभव दिखने वाले कार्य उनके कुशल नेतृत्व में संभव हो पाए। वास्तव में एक ताकत उनके भीतर काम करती थी वो थी 'देश प्रथम' की जिद। काल के कपाल पर लिखने और मिटाने की ताकत, हिम्मत और चुनौतियों के बादलों में विजय का सूरज उगाने का चमत्कार अटलजी के सीने में था, क्योंकि वह सीना देश प्रथम के लिए धड़कता था। इसलिए हार और जीत उनके मन पर असर नहीं करती थी। सरकार बनी तो भी, सरकार एक वोट से गिरा दी गई तो भी। उनके स्वरों में पराजय को भी विजय के ऐसे गगनभेदी विश्वास में बदलने की ताकत थी कि जीतने वाला ही हार मान बैठे। अटल जी देश के गरीब, वंचित, शोषित के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए जीवन भर प्रयास करते रहे। वे कहते थे कि गरीबी, दरिद्रता गरिमा का विषय नहीं है, बल्कि यह विवशता है, मजबूरी है और विवशता का नाम संतोष नहीं हो सकता। करोड़ों देशवासियों को इस विवशता से बाहर निकालने के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किए। आज भारत जिस टेक्नोलॉजी के शिखर पर खड़ा है, उसकी आधारशिला अटलजी ने ही रखी थी। वे अपने समय से बहुत दूर तक देख सकते थे, स्वप्नदृष्टा थे, लेकिन कर्म वीर भी थे। उन्होंने विदेश की यात्राएं कीं, जहां-जहां भी गए, स्थाई मित्र बनाए और भारत के हितों को स्थाई आधारशिला वे रखते गए। अटलजी की हर धड़कन में, रोम-रोम में 'राष्ट्र प्रथम-राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना रची-बसी थी।

भारत के जन-नायकों में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी निश्चय ही एक अनूठे व्यक्तित्व हैं। वह बिना किसी पूर्वाग्रह के पक्ष हो या विपक्ष, वाम हो या दक्षिण, केंद्र हो या परिधि सब प्रकार के लोगों के साथ संवाद करने के लिए प्रस्तुत रहते थे। लोकाभिमुख होने की यह वृत्ति प्रचारक के रूप में उनकी लम्बी देश-साधना के दौरान विकसित हुई थी। साथ ही संपादन कार्य उनको अद्यतन करता रहा। इस क्रम की ही परिणति थी कि भारतीय संस्कृति की साधना के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। आधुनिक मन वाले वाजपेयी जी ने आगे बढ़ कर देश की व्यापक कल्पना को संकल्प, प्रतिज्ञा और कर्म से जोड़ा और समर्पण के लिए आह्वान किया। अटलजी ने देश के लिए व्यापक परिवर्तन की आकांक्षा को इन शब्दों में रेखांकित किया: आजादी अभी अधूरी है, सपने सच होने बाक़ी हैं ,रावी की शपथ अधूरी है।

भारतीय राजनीति के नए दौर में पारदर्शिता, साझेदारी और संवाद की ख़ास भूमिका रही। लोकतंत्र के लिए आपात काल बड़ा आघात था। उसके बाद कांग्रेस के विकल्प के रूप में 'जनता दल' का गठन हुआ और मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सरकार बनी। वाजपेयी को इस सरकार में विदेश मंत्री का दायित्व मिला। आगे चल कर भारत का राजनैतिक परिदृश्य इस अर्थ में क्रमशः जटिल होता गया। यह स्पष्ट होने लगा कि विभिन्न राजनैतिक दलों को साथ ले कर चलने वाली एक समावेशी दृष्टि ही कारगर हो सकती थी। इसके लिए सहिष्णुता, खुलेपन की मानसिकता, सबको साथ ले चलने की क्षमता, सुनने-सुनाने का धैर्य और युगानुरूप सशक्त तथा दृढ़ संकल्प की आवश्यकता थी। इन सभी कसौटियों पर एक सर्वमान्य नेता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ही खरे उतरे। विविधता भरी राजनीति में उनको लेकर बनी सहमति का ही परिणाम था कि भारतीय संसद में उनको तीन बार देश के प्रधानमंत्री पद के लिए स्वीकार किया गया। यह अनूठी घटना थी। वर्ष 1999 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (नेशनल डेमोक्रेटिक अलाएंस या एनडीए) के कठिन नेतृत्व की कमान संभालते हुए वाजपेयी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। गठबंधन वाली यह पहली पूर्णकालिक सरकार थी। उल्लेखनीय है कि एनडीए में दो दर्जन के करीब राजनैतिक दल साथ आए थे और 81 मंत्री थे। इन सबको साथ लेकर चलना कठिन चुनौती थी, जिसे अटलजी ने स्वीकार किया था और उस अवधि में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें कुछ का उल्लेख प्रासंगिक होगा। उन्हीं की पहल पर भारत के चारों कोनों को सड़क से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना शुरू की गई, जिसके तहत दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को राजमार्गों से जोड़ा गया। संरचनात्मक ढांचे के लिए कार्यदल, सॉफ्टवेयर विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यदल, विद्युतीकरण में गति लाने के लिए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग आदि गठित किए गए। नई टेलीकॉम नीति आई। कोकण रेलवे की शुरुआत हुई। ये सब बुनियादी संरचनात्मक ढांचे को मजबूत करने वाले कदम थे। निजी स्वार्थ से परे हट कर लोक-हित की व्यापक चिंता अटलजी के लिए व्यापक जनाधार का निर्माण कर रही थी। लोकैषणा उनके व्यक्तित्व का वह केन्द्रीय पक्ष था, जो जन-जीवन में किसी चुम्बक की तरह कार्य करता था। वे सबको सहज उपलब्ध रहते थे। अपने लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ समर्पण, सतत अध्यवसाय और सशक्त भारत देश के स्वप्न को साकार करने की असंदिग्ध और सघन चेष्टा ही थी, जिसने अटलजी को पक्ष-विपक्ष का सर्वमान्य नेता बना दिया था।

भारतीय संसद के चार दशकों में विस्तृत अवधि में उनकी भूमिका के सभी क़ायल हुए। भारत के तेरहवें प्रधानमंत्री के रूप में देश के स्वाभिमान और गौरव के लिए अटलजी ने अनेक निर्णय लिए। पोखरन -2 का परमाणु परीक्षण एक गोपनीय और बड़े जोखिम से भरा निर्णय था। अनेक बड़े देशों ने इस कदम के चलते भारत पर कई किस्म की बंदिशें भी लगाईं,परंतु अटलजी ने दृढ़तापूर्वक सभी चुनौतियों का सामना किया और देश के परमाणु कार्यक्रम को निर्विघ्न आगे बढ़ाया। वे पड़ोसी देशों के साथ सहयोग, संवाद और सौहार्द के महत्व को पहचानते थे और इसके लिए लगातार प्रयास करते रहे। देश में सड़कों का विस्तार कर आवागमन में सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तृत संजाल के निर्माण की योजना आधार संरचनाओं के विस्तार लिए यह उपक्रम वरदान सिद्ध हुई। इसी तरह 'सर्व शिक्षा अभियान' द्वारा शिक्षा के सार्वभौमीकरण का बड़ा लक्ष्य हासिल करने की दिशा में देश आगे बढ़ा है।


खुशहाली की राह पर खेती
श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, माननीय मुख्यमंत्री
प्राकृतिक खेती के नए सोपान
कृषक सम्मेलन
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
प्राकृतिक, जैविक खेती क्षेत्र में विस्तार, गौ-पालन एवं संरक्षण पर
संवाद तथा हितग्राहियों को लाभ वितरण
मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
25 दिसम्बर, 2025 | अपराह्न 3:00 बजे
बसामन मामा गौ-वंश वन्य विहार, (पुर्वा) रीवा
सम्मेलन के माध्यम से सशक्त होंगे हितधारक
प्रगतिशील कृषक एवं कृषि उत्पादक संगठन के सदस्य
कृषि सखी, कृषि दीदी एवं कृषक मित्र
पशुपालक एवं डेयरी संचालक
कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि शोध छात्र
मत्स्य पालक कृषक
स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदी
खाद्य प्रसंस्करण के युवा उद्यमी
क्षेत्रीय जनमानस
D-11173/25
विकास और सेवा के 2 वर्ष
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

विजय हजारे ट्रॉफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान

# क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी



## कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

एजेंसी ▶▶| रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

## बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



रांची। बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए।

## गनी ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड किया अपने नाम

जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

## ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। उनकी पारी से झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि इशान सबसे तेज लिस्ट ए सेंचुरी बनाने वाले भारतीय बनने से चूक गए।

### लिस्ट 'ए' में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

| बॉल | खिलाड़ी | सन |
|---|---|---|
| 32 | साकीबुल गनी | 2025 |
| 33 | इशान किशन | 2025 |
| 35 | अनमोलप्रीत सिंह | 2024 |
| 36 | वैभव सूर्यवंशी | 2025 |
| 40 | यूसुफ पठान | 2010 |
| 41 | उर्विल पटेल | 2023 |
| 42 | अभिषेक शर्मा | 2021 |

## रोहित की हिटमैन शैली में शतकीय पारी




**जयपुर।** सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने बिल्कुल 'हिटमैन' शैली में शतकीय पारी खेलकर गुलाबी शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिये क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शानदार तोहफा दिया। इस मुकाबले को देखने के लिये 20 हजार से ज्यादा लोग स्टेडियम में जमा थे और सभी के लिए वजह सिर्फ एक थी ..रोहित शर्मा। रोहित ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए। इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे।सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए। रोहित ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 62 गेंद में शतक और 91 गेंद में 150 रन बनाए। वह क्रांति कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। मुंबई ने सिक्किम को हराया

## वैभव ने 36 गेंद में ठोकी सेंचुरी



**रांची।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने कौशल का अद्भुत नजारा पेश करते हुए बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। इस 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यवंशी ने केवल 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह से वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं। भारतीय रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्कों के अलावा 16 चौके भी जड़े। इस प्रारुप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

## खबर संक्षेप



### विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया प्रेटी से की शादी

**पाम बीच।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। प्रेटी डेनमार्क में जन्में इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं।

### खेल का अत्यधिक विश्लेषण और बदलाव नहीं करें ग्रीन

**मेलबर्न।** दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को चीजों को सरल बनाए रखने की सलाह



देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में सही रणनीति अपनाने के लिए वह अपने खेल का अत्यधिक विश्लेषण या उसमें बदलाव नहीं करें। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'वह अपने खेल के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं और चीजों में काफी बदलाव करना पसंद करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर मुझे उसे कोई सलाह देनी हो तो वह यही होगी कि चीजों को जितना हो सके उतना सरल बनाए रखें। घरेलू क्रिकेट में अपने अच्छे प्रदर्शन के बारे में सोचें और घरेलू क्रिकेट के अपने अच्छे प्रदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में भी दोहराने की कोशिश करें।'

### गुकेश के पास जीत के साथ सत्र का अंत करने का मौका

**दोहा।** इस साल खराब फॉर्म से जूझ रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश के पास जीत के साथ अंत करने का सुनहरा मौका है जबकि



कोनेरु हम्पी सितारों से सजी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में खिताब बचाने की कोशिश में होंगी। सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन, अमेरिका के फेबियानो कारुआना और वेसली सो, रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि और भारत के आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और निहाल सरीन भी ओपन वर्ग में उतरेंगे। दो साल पहले डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले डी गुकेश इस साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# एशेज श्रृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। ती स वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



## चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कल से

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए।

## चौथे टेस्ट के लिए किया टीम का ऐलान

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में लिया गया है। पोप का इस श्रृंखला में बल्लेबाजी औसत 20.83 है। डकेट ने श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम में जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टोंग।

सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

**विजयवाड़ा।** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने



मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की। संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मार्वानिया को 21-7, 21-11 से मात दी। पूर्वा बारवे (16वीं वरीय) एकमात्र वरीय खिलाड़ी रहीं, जिन्हें राउंड 64 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से पराजय मिली।

ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट

# डीआरपी लाइन को हराकर नगर निगम कमिश्नर 11 फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और पब्लिक वाणी द्वारा आयोजित ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर निगम कमिश्नर एकादश फाइनल में पहुंची।

ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बुधवार का मैच डीआरपी लाइन भोपाल और नगर निगम कमिश्नर एकादश के बीच खेला गया,जिसमें कमिश्नर एकादश ने 207/6 रन बनाए। इनमें विजय पारोचे ने 86, रणवीर वैद्य ने 46, बिट्टू चौहान ने 37 और रवि नरवारे ने 15 रन बनाए। डीआरपी लाइन की ओर से संदीप लोधी और गौतम ने 2-2, जबकि सोनू और इमरान ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में डीआरपी लाइन की टीम 148/7 रन ही बना सकी और मैच को 59 रनों से हार गई। सर्वेश यादव ने 44, फ़िरोज़ अली बिट्टू ने



31, एपी सिंह ने 27 और परवेज मोहम्मद ने 21 रन बनाए। कमिश्नर एकादश के रणवीर वैद्य ने दो, जबकि जावेद ख़ान, फहद, बिट्टू चौहान, राजवीर और मुद्दसिर ने एक-एक विकेट लिए। मैच को 59 रन से जीतकर नगर निगम कमिश्नर एकादश ने फ़ाइनल में प्रवेश किया। विजय पारोचे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेंट्रल जोन क्रिकेटर प्रीति यादव और विनय शुक्ला ने प्रदान किया।

परमानंद भाई पटेल अंडर -22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट

# चंबल को पारी से हराकर भोपाल डिवीजन फाइनल में, 9 विकेट लेने वाले प्रारब्ध हीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

परमानंद भाई पटेल मल्टी डे अंडर-22 बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट मैदान पर चंबल डिवीजन और भोपाल डिविजन के मध्य चल रहे मैच के अंतिम दिन चम्बल ने दूसरी पारी में 1/31 रन से आगे खेलते हुए 213 रन बनाए, जिसमें दक्ष वर्मा ने 63 और अभय बलुआ ने 36 रन बनाए। भोपाल डिवीजन से प्रारब्ध मिश्रा नें 9 विकेट लिए। भोपाल ने चंबल डिवीजन को पारी एवं 136 रनों से हराकर 7 पॉइंट प्राप्त किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर धाकड़, ऑब्जर्वर हर्ष पांडे, सिलेक्टर डीके जैन ने भोपाल के प्रारब्ध मिश्रा (194 रन और दोनों पारियों में 12 विकेट) को प्रदान किया गया।इससे पहले मैच के



तीसरे दिन भोपाल स्कोर 4/277 रन से आगे खेलते हुए 145 ओवर में 630 रन बनाए, जिसमें प्रारब्ध मिश्रा नें 194 और ओजस्व नें 164 रन की शतकीय पारी खेली। जवाब में चम्बल ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 11 ओवर में 1 विकेट पर 31 रन बना लिए हैं। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में प्रारब्ध मिश्रा नें 1 विकेट लिया।

## भोपाल अपना फाइनल मैच इंदौर में इंदौर से 27 दिसंबर से खेलेगा

एमपीसीए द्वारा आयोजित अंडर - 15 बॉयज इंटर डिविजनल एम एम जगदाले ट्रॉफी (तीन दिवसीय) मल्टी डे का फाइनल मुकाबला सागर के चंदू सरवटे मैदान पर भोपाल और इंदौर डिवीजन के मध्य मैच प्रारंभ हुआ। इंदौर डिवीजन ने दिन का खेल खत्म होने तक 94 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन बना लिए हैं, जिसमें समीर ने 58, सौरभ चेनानी ने 41 एवं वीर पांडे 119 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं। भोपाल डिवीजन से केविन जोसेफ, देव कनौजिया और रुद्र तेनगुरिया ने 1-1 विकेट लिए। कल मैच का दूसरा दिन है।

प्रधानमंत्री वर्चुअल जुड़कर करेंगे संवाद

# सांसद खेल महोत्सव का समापन आज ध्यानचंद स्टेडियम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सांसद खेल महोत्सव का समापन पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष (गुरुवार, 25 दिसंबर ) को पूरे देश में एक साथ टू-वे कैमरा/कम्युनिकेशन के साथ भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल जुड़ेंगे। भोपाल लोकसभा में युवा शक्ति का उत्सव 'सांसद खेल महोत्सव' का भव्य शुभारंभ 24 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल और जनप्रतिनिधियों ने किया था। तीन महीनों में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत तीन स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर और लोकसभा स्तर पर खिलाड़ियों ने अपने हुनर का जबर्दस्त प्रदर्शन किया है। भोपाल लोकसभा क्षेत्र का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह लिंक रोड 1 स्थित मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी जुटेंगे।

# भोपाल नोडल ने जबलपुर को हराकर जीती ट्रॉफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी में आरजीपीवी स्टेट लेवेल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आईईएस कैम्पस के फुटबॉल ग्राउंड पर किया गया। आईईएस मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के 7 नोडल जिनमे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन और सागर ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों के उपरांत सेमी फाइनल एवं फाइनल के मुकाबले खेले गए, जिसमें पहला सेमी फाइनल इंदौर नोडल एवं जबलपुर नोडल के बीच खेल गया जिसको जबलपुर 2-0 से जीता। वहीं दूसरा सेमीफाइनल भोपाल नोडल बनाम ग्वालियर नोडल के बीच खेल गया। तय समय में मैच 0-0 से बराबर रहा।

पेनल्टी शूटआउट में भोपाल टीम ने 6-5 से विजयी प्राप्त की। वहीं फाइनल मुकाबला भोपाल नोडल बनाम जबलपुर नोडल के बीच खेला गया जिसमें भोपाल नोडल ने पेनल्टी शूट में फाइनल मुकाबला 5-4 से जीत ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

खेल मंत्री सारंग ने बीते दो साल की उपलब्धियों को किया साझा

# मप्र पुलिस में लागू होगा स्पोर्ट्स कोटा, प्रतिवर्ष 10 सब-इंस्पेक्टर के साथ 50 कांस्टेबल की नियुक्ति का प्रावधान किया जाएगा

प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 57 पदक तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 391 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस में स्पोर्ट्स कोटा लागू कर प्रतिवर्ष 10 सब-इंस्पेक्टर एवं 50 कांस्टेबल की नियुक्ति का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण देने हेतु विदेश भेजा जा रहा है तथा विदेशी प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं। 20वें एशियाई खेल



2026 तथा संभावित ओलम्पिक 2036 की तैयारियों के तहत विशेष प्रशिक्षण शिविर, टैलेंट सर्च कार्यक्रम, नई खेल अकादमियों एवं जिलावार फीडर सेंटर्स की स्थापना की जा रही है। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को अपेक्स बैंक समन्वय भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही।

मंत्री सारंग ने कहा बीते दो साल की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि वर्ष 2024 में पेरिस (फ्रांस) में आयोजित ओलम्पिक व पैरा ओलम्पिक 2024 में प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता कर पदक अर्जित किए। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, तमिलनाडु में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने 29 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी प्रकार 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखण्ड में मप्र के खिलाड़ियों ने 67 पदक अर्जित कर राज्यों में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक तालिका में ऐतिहासिक उपलब्धियां

प्रदेश के खिलाड़ियों ने वर्ष 2024-25 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुल 57 तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 391 पदक अर्जित किए। हॉकी एशिया कप 2025, 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप कजाकिस्तान, खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल श्रीनगर एवं एशियन केनो स्लालम चैंपियनशिप चीन में मप्र के खिलाड़ियों ने प्रदेश को शीर्ष राज्यों की श्रेणी में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि पोल वॉल्ट में देव मीणा ने रिकॉर्ड प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल स्पर्धा में रिकॉर्ड स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की है।




# किसी ने दो महीने की मेहनत तो किसी ने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पाई सफलता

**भोपाल।** देश की प्रतिष्ठित मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षाओं में शामिल कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2025 का रिजल्ट बुधवार दोपहर को आईआईएम कोझिकोड ने जारी किया। जिसमें शहर से कई छात्रों ने कैट क्लियर कर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया।

## भोपाल के व्योम ने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर की परीक्षा पास



*भोपाल के व्योम श्रीवास्तव 96.46 परसेंटाइल लाए। उन्होंने कहा कि मैं अभी बीकॉम फाइनल में हूं। आईआईएम में पढ़ना मेरा सपना है। व्योम ने ग्रेजुएशन के साथ साथ एग्जाम की तैयारी की। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएशन और एग्जाम की तैयारी के बीच संतुलन बनाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। इस पार करने के लिएमैंने कंसिस्टेंसी बनाए रखी और खुद की दिनचर्या के हिसाब से एक टाइम टेबल सेट किया और उसके अनुसार ही अपनी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता सविता श्रीवास्तव और राजेश श्रीवास्तव दोनों टीचर हैं। व्योम ने बताया कि जब एग्जाम को दो महीने बचे थे, तब मैंने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी और केवल 10-15 मिनट ही सोशल मीडिया अकाउंट चलाते थे।*

## सानिया ने 12वीं में किया टॉप, मुंबई में कर रही जॉब



*96.08 परसेंटाइल लाने वाली सानिया वसीम ने कहा कि मैं हमेशा से ही हार्ड वर्क में भरोसा करती हूं। उनकी मां फरहा ने बताया कि सानिया शुरू से ही काफी होशियार रही है। उन्होंने कहा कि 12वीं में भी उसने टॉप किया था। सानिया अभी बेंगलुरु में जॉब कर रही हैं और नौकरी के साथ ही सेल्फ स्टडी से उन्होंने कैट क्लियर किया है। सानिया का कहना है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। जॉब के साथ पढ़ाई करना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन उन्होंने कंसिस्टेंसी और अपने आत्मविश्वास के साथ उसे सरल बनाया। रोज चार-पाच घंटे पढ़ती थीं। सानिया कहती हैं कि उनका सक्सेस मंत्रा यही है कि आप सब कुछ कर सकते हैं, बस मेहनत करते चलें।*

## दिव्यांश ने दो माह पहले किया कैट निकालने का निश्चय



*99.99 परसेंटाइल लाने वाले दिव्यांश जैन ने कहा कि मैंने दो महीने पहले कैट निकालने का निश्चय किया।आईआईटी मुंबई से ग्रेजुएशन किया है। आईआईटी मुंबई से ग्रेजुएशन करने के बाद जॉब कर रहे थे और फिर कैट देने का निश्चय किया। दिव्यांश ने बताया कि मैं इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से हूं। जब कैट देने का निश्चय किया, तो कांफिडेंड था कि निकल जाऊंगा। मॉक टेस्ट देकर यह देखा कि कौन से ऐसे विषय हैं, जिन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है और उन्हें आइडेंडिफाई करने के बाद महीने प्रैक्टिस की। दिव्यांश कहते हैं कि उनके पापा उनके रोल मॉडल हैं और हमेशा उनकी कोशिश यही रही कि ऐसा कुछ करें कि पापा को गर्व हो।*

### रंगश्री लिटिल बैले टूप में रफी के गीतों से सजी संध्या

# रफी-धर्मेंद्र को समर्पित रहा ‘सुनहरी यादों का गुलदस्ता’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा महान गायक स्व. मोहम्मद रफ़ी की जयंती एवं महानायक स्व. धर्मेंद्र की स्मृति में विशेष संगीतमय कार्यक्रम सुनहरी यादों का गुलदस्ता का आयोजन बुधवार शाम रंगश्री लिटिल बैले टूप में किया गया। कार्यक्रम में रफ़ी साहब के उन चुनिंदा गीतों की प्रस्तुति दी गई, जो हिंदी सिनेमा में धर्मेंद्र पर फिल्माए गए थे। प्रोफेशनल एवं नवोदित गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गीतों के माध्यम से दोनों महान कलाकारों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



गीत की प्रस्तुति देते सिंगर।




युगल गीत की प्रस्तुति।


## शहर में चर्चा है... को सुनाया

कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर को इसलिए किया गया क्योंकि यह रफ़ी साहब की जन्मतिथि है, वहीं धर्मेंद्र के निधन को इसी दिन एक माह पूर्ण हुआ। रफ़ी साहब का अंतिम गीत शहर में चर्चा है (फिल्म आस-पास) भी धर्मेंद्र एवं हेमा मालिनी पर ही फिल्माया गया था, जिसे कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कलाकार अद्विक सक्सेना द्वारा कांगो वादन के साथ श्रुति कीर्ति बारिक एवं विभा श्रीवास्तव की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में ममता, अनपढ़, आपकी परछाइयां, हक़ीक़त, प्रतिज्ञा, मेरा गांव मेरा देश, आया सावन झूम के, धर्मवीर, शोला और शबनम सहित अनेक फिल्मों के गीतों की प्रस्तुति दी गई।

### दृष्टिमन थिएटर में नाटक डेढ़ इंच ऊपर का मंचन

# दर्शकों से साझा की अपनी पीड़ा और प्रेम के अनुभव



मंच पर एकल अभिनय की प्रस्तुति देता कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार शाम दृष्टिमन थिएटर द्वारा नाटक डेढ़ इंच ऊपर का मंचन किया गया। नाटक में लेखन निर्मल वर्मा का और निर्देशन राजकुमार अहिरवार का रहा। यह नाटक एक मोनोलग (एकल संवाद) के रूप में लिखा गया। इसमें एक व्यक्ति (नायक) मंच पर बैठकर अपनी डायरी, यादें, पीड़ा, प्रेम और जीवन के अनुभव दर्शकों से साझा करता है। जो मुख्यत इंसान की आंतरिक दुनिया, अकेलेपन, रिश्तों के टूटने और जीने की मजबूरी पर केंद्रित है।

## नाटक की कहानी

नाटक का नायक एक साधारण इंसान है, जो मंच पर बैठकर अपने जीवन की घटनाओं को याद करता है। वह प्रेम और टूटे हुए रिश्तों की बातें करता है। समाज और परिवार से जुड़ी विडंबनाओं पर बात करता है। उसकी बातें हास्य, व्यंग्य और गहरी पीड़ा का मिश्रण होती हैं। कभी-कभी उसकी भाषा बहुत सीधी और तीखी लगती है, तो कभी बेहद भावुक और कवितामयी लगती हैं। डेढ़ इंच ऊपर दरअसल में उस मंच टेबल की ऊँचाई का प्रतीक है, जिस पर बैठकर वह अपने अनुभव सुनाता है।

### स्व. वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ अटल संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम

# सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक योगदान के लिए जटिया अटल सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को अटल संवाद एवं अटल सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। विचार, संस्कृति और संवेदना से ओतप्रोत यह संध्या अटल जी के विराट व्यक्तित्व और उनके बहुआयामी कृतित्व को स्मरण करने का एक भावपूर्ण अवसर बनी।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, मुख्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार बाल चंद्र जोशी, लाजपत आहूजा सहित बड़ी संख्या में साहित्य, कला और संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे। सभागार में मौजूद हर व्यक्ति के मन में अटल जी के प्रति सम्मान और स्मृति की गूंज स्पष्ट महसूस की जा सकती थी।



## अटल सम्मान 2025 से विभूषित किया

स्वामी अच्युतानंद, गौ सेवा के लिए, पंडित उमाकांत गुंदेचा को सम्मानित किया गया। वही समाजसेवी एवं संस्कृति चिंतक हरिओम जटिया को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक योगदान के लिए अटल सम्मान 2025 से विभूषित किया गया। उन्हें यह सम्मान पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने प्रदान किया।

## सप्रे संग्रहालय में संवाद एवं अलंकरण समारोह आज

**भोपाल।** माधवराव सप्रे संग्रहालय द्वारा गुरुवार, 25 दिसंबर को अलंकरण समारोह तथा संवाद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10:45 बजे से होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एन. के. सिंह, चंद्रकांत नायडू तथा राजेन्द्र हरदेनिया को ‘हुक्मचंद नारद सम्मान’ से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि इस अवसर पर तीनों पत्रकार नई पीढ़ी के पत्रकारों सहित अन्य प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे उनकी शैली,भाषा तथा विषय चयन का सलीका आदि के अपने अनुभवों को साझा करेंगे।

AYE [आय]
आय फाइनेंस लिमिटेड
CIN: U65921DL1993PLC283660
Email: corporate@ayefin.com,www.ayefin.com
सार्वजनिक सूचना
आम जनता और आय फाइनेंस लिमिटेड के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की शाखा कार्यालय Aye Finance Ltd. 4/637, Ist Floor, Above HDFC Bank, Jail Road, Bahodapur, Gwalior 474009 (MP) को दिनांक 01-01-2026 को नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जो की है First Floor, Bara Bigha, Koteshwar Road, Besides Gauri Shankar School, Sector -4 Near Shankar ji Mandir, Gwalior, MP 474012 किसी भी सहायता के लिए हमारे ग्राहक सेवा सहायता से संपर्क करें +91 8448586881



फाइल फोटो

### रातीबड़ के फेथ मैदान पर पांच दिन तक चलेगा टूर्नामेंट

# राष्ट्र नायक बिरसा मुंडा की थीम पर सीपीएल 28 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी केमिस्ट प्रीमियर लीग (सीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह सीपीएल का 6वां सीज़न है, जिनमें से प्रथम चार सीज़न भोपाल जिले स्तर पर, पांचवां सीज़न भोपाल संभाग स्तर पर आयोजित किया गया था। अब पहली बार यह टूर्नामेंट प्रदेश स्तरीय रूप में आयोजित हो रहा है। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया सीपीएल हर वर्ष एक राष्ट्र नायक को थीम के रूप में समर्पित किया जाता है। इस वर्ष टूर्नामेंट भगवान बिरसा मुंडा, जो राष्ट्र के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक रहे हैं, उनकी थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में प्रदेश के कई खिलाड़ी मैदान पर दिखेंगे, टूर्नामेंट में किसी भी जिले का खिलाड़ी किसी भी जिले की टीम में खेल सकता है। टूर्नामेंट का आयोजन 28 जनवरी से 1 फरवरी, 5 दिन तक यह टूर्नामेंट फेथ क्रिकेट क्लब, रातीबड़ (भोपाल) में चलेगा।

- विजेता टीम को मिलेगा एक लाख एक हज़ार रुपए इनाम

## पूरे प्रदेश से 16 टीमें लेंगी हिस्सा, 250 खिलाड़ी आएंगे

प्रतियोगिता में संपूर्ण प्रदेश से 16 टीमें भाग ले रही हैं तथा लगभग 250 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेता टीम को 1,01,000 (एक लाख एक हज़ार रुपये) और उपविजेता टीम को 51,000 (इक्यावन हज़ार रुपये) की इनामी राशि प्रदान की जाएगी, इसके इसके अलावा कई ट्रॉफी और इनामी राशियां भी रहेंगी। यह आयोजन समाज में स्वास्थ्य, संगठन की मजबूती और समाज में एकता का संदेश देने की भावना से किया जाता है। सीपएल के माध्यम से पूरे केमिस्ट परिवार में नई ऊर्जा, उत्साह और आपसी सौहार्द का प्रवाह होता है, जो संगठन और समुदाय दोनों को सशक्त बनाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930